नई दिल्ली

शनिवार 3 जनवरी 2026

पौष मास शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा वर्ष : 29, अंक : 261

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम

अधि. 17.0

न्यून. 8.0


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 85,762.01 | 573.41 ▼ |
| निफ्टी | 26,328.55 | 182.00 ▼ |

| धातु | कीमत | ऊपर |
|---|---|---|
| सोना | 1,39,440/- | 1100/- ▲ |
| चांदी | 2,41,400/- | 4000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 90.20 | 22 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 60.52 बैरल 0.58% ▼

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

**'युवा संवाद' कार्यक्रम में मध्यभारत प्रांत के 16 शासकीय जिलों के युवाओं को संघ प्रमुख ने किया संबोधित**

## संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने युवाओं से कहा-आइए और संघ का अनुभव लीजिए, यहां कोई बंधन नहीं

# विश्व शक्ति की सुनता है, संघ धर्म की रक्षा करते हुए देश को 'नया रास्ता' दिखाता है

» *डॉ. भागवत ने युवाओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए*

» *देश के लिए कुछ करना है तो अहंकार व स्वार्थ को छोड़ना होगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के प्रसंग पर संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत का देशभर में प्रवास हो रहा है। इसी श्रृंखला में उनका दो दिवसीय प्रवास मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में हुआ। प्रवास के पहले दिन कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में उन्होंने युवाओं से संवाद किया। युवा संवाद में डॉ. मोहन भागवत ने युवाओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए। 100 वर्ष पूर्ण होने पर संघ की भूमिका पर उन्होंने कहा ▶▶ शेष पेज 5 पर

*डॉ. भागवत ने कहा कि देश संपूर्ण समाज के योगदान से ही बड़ा होता है। नेता, नीति और व्यवस्था, ये सब तब सहायक*

**भारत का युवा जाग गया है वह अपने देश को समर्थ बनाना चाहता है**



### » हमें एआई को कंट्रोल करना है, न कि कंट्रोल होना है

युवा संवाद में डॉ. मोहन भागवत ने युवाओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए। 100 वर्ष पूर्ण होने पर संघ की भूमिका पर उन्होंने कहा कि विश्व शक्ति की सुनता है और संघ संपूर्ण समाज को साथ लेकर धर्म की रक्षा करते हुए देश को नया रास्ता दिखाता है। महाशक्ति एकत्रित कर रहा है। उन्होंने कुली फिल्म का उदाहरण देते हुए कहा कि उस समय युवा लाल कुर्ता या शर्ट पहनते थे। यानी फैशन फॉलो करते हैं। उन्होंने कहा कि हम ऐसे युवाओं का निर्माण कर रहे हैं, जो समाज में सार्थक फैशन को बढ़ाएं। सुरक्षा और करियर को लेकर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कहा कि सुरक्षा की गारंटी कोई नहीं दे सकता। बिना चिंता जीवन जीएं। मनुष्य अलग है, क्योंकि वह रिस्क लेता है। दुनिया सक्सेस को देखती है, लेकिन जैसे ही उस पथ पर चलने की कोशिश करते हैं तो संघर्ष देखकर डर जाते हैं। इसलिए बेहतर करियर वह है जिसमें आप उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पाएं और डर भी न लगे। सुविधा से सुख नहीं मिलता। एआई के सवाल पर बोले कि हमें एआई को कंट्रोल करना है, न कि कंट्रोल होना है। उसका उपयोग विकास में करना है। ▶▶ शेष पेज 5 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



**खबर संक्षेप**

### नए साल में लगेंगे 2 सूर्य ग्रहण और 2 चंद्र ग्रहण



**नई दिल्ली।** साल 2026 में कुल चार ग्रहण होंगे दो सूर्य ग्रहण और दो चंद्र ग्रहण। लेकिन ये चारों ग्रहण भारत में समान रूप से दिखाई नहीं देंगे। भारत में सिर्फ एक चंद्र ग्रहण दिखाई देगा। बाकी के तीन ग्रहण या तो हमारे देश से दिखाई नहीं देंगे या फिर इनका असर कम होगा। इसे देख पाना मुश्किल होगा। साल का पहला सूर्यग्रहण 17 फरवरी को होगा।

### लंगूर की आवाज करने वालों को नौकरी



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा परिसर में लगातार घुसने वाले बंदरों की समस्या से निपटने के लिए लंगूर की आवाज की नकल करने वाले लोगों को नियुक्त करने की योजना बना रही है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि विधानसभा परिसर के आसपास दर्जनों बंदर मौजूद हैं जो परेशानी पैदा करते हैं।

### मारिन महिला हॉकी टीम के फिर कोच बने



**नई दिल्ली।** शोर्ड मारिन को भारतीय महिला हॉकी टीम का नया कोच बनाया गया है। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। टोक्यो ओलंपिक में शोर्ड मारिन की कोचिंग में ही भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपने प्रदर्शन से दुनियाभर के खेल प्रेमियों का दिल जीता था और चौथे स्थान पर रही थी। वह 2017 से 2021 तक कोच रहे थे।

**आईआईटी मद्रास में आयोजित किए गए एक कार्यक्रम के दौरान छात्रों से बातचीत करते हुए बोले विदेश मंत्री**


# आतंकवाद फैलाने वाला पाकिस्तान 'बुरा पड़ोसी', अपने लोगों की रक्षा करेगा भारत: एस. जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर वर्तमान में बनी हुई सुरक्षा चुनौतियों के बीच शुक्रवार को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने नाम लिए बगैर पाकिस्तान को आतंकवाद के मामले पर बेहद सख्त अंदाज में चेतावनी देते हुए भारत का एक 'बुरा पड़ोसी' बताया और कहा कि हमें अपने लोगों के अधिकारों की हर हाल में रक्षा करने का पूरा अधिकार है। ऑपरेशन सिंदूर का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि खासकर तब जब हमारे आसपास लगातार या जानबूझकर आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला पड़ोसी है।

तब वो हमें ये नहीं बता सकता कि हमें क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए? दुर्भाग्य से हमारे पड़ोसी बुरे हैं। मिसाल के तौर पर पश्चिमी-सीमा पर ऐसा ही है। अगर हमारा कोई पड़ोसी बिना किसी पछतावे के रोजाना की तर्ज पर हमारी ओर आतंकवाद को बढ़ावा देता रहेगा तो हमारे पास अपने देश के नागरिकों की रक्षा करने का अधिकार मौजूद है। हम आवश्यकता पड़ने पर इसका इस्तेमाल करने से बिल्कुल भी नहीं हिचकिचाएंगे। आतंकवाद के साथ-साथ पानी साझा करने के लिए अनुरोध करना बेमानी है। यह जानकारी विदेश मंत्री ▶▶ शेष पेज 5 पर

**चीन को बता दिया, भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा अरुणाचल प्रदेश**



### आतंकवाद के खिलाफ 'शून्य सहिष्णुता' की नीति

ज्ञात हो कि पिछले साल 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ, लश्कर का छद्म संगठन) के हमले के जवाब में भारत ने 7 से 10 मई तक ऑपरेशन सिंदूर की सैन्य कार्यवाही को अंजाम दिया था। लगभग चार दिनों तक भारत के हाथों बुरी तरह से मार खाने के बाद पाकिस्तान की पहल पर 10 मई को शाम पांच बजे दोनों देशों के बीच संघर्षविराम लागू हुआ और फिर भारत ने पाक को साफ शब्दों में ये संदेश दे दिया कि अगर भविष्य में भी उसने भारत के खिलाफ पहलगाम जैसा या अन्य कोई आतंकी हमला किया। तो उसे उसका तुरंत करारा जवाब दिया जाएगा। आतंकवाद से दो-दो हाथ करने के लिए भारत 'शून्य सहिष्णुता' की नीति पर चलेगा।

### भारत की दयालुता की परिभाषा

पाकिस्तान के अलावा छात्रों ने बांग्लादेश को लेकर भारत का रुख जानना चाहा। जिसे लेकर जयशंकर ने कहा कि हमें कई तरह के पड़ोसी मिले हैं। अगर आपका कोई पड़ोसी आपके साथ अच्छा व्यवहार करता है या कम से कम आपको नुकसान नहीं पहुंचाता है यानी वो एक 'अच्छा पड़ोसी' हुआ। तो आपकी स्वाभाविक प्रवृत्ति उस पड़ोसी के प्रति दयालु होने और उसकी मदद करने की होती है। एक देश के रूप में हम यही करते हैं। जब आप अपने पड़ोस की ओर नजर दौड़ाते हैं, तो जहां कहीं भी अच्छे पड़ोसी होने का भाव होता है। भारत वहां मदद के साथ ही निवेश करता है। मेरा यही संदेश बांग्लादेश को भी है।

### बांग्लादेश संग सौहार्द बढ़ने की उम्मीद

विदेश मंत्री ने कहा, मैं दो दिन पहले ही बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए गया था। मेरा मानना है कि हमारे सभी पड़ोसियों को ये अहसास है कि भारत की वृद्धि एक उत्थानकारी लहर के समान है। अगर भारत का विकास होता है तो उसका लाभ हमारे सभी पड़ोसियों को मिलेगा और उनका विकास होगा। यही संदेश मैंने बांग्लादेश को भी दिया है। वे अभी अपने चुनावों की ओर बढ़ रहे हैं। हम उन्हें इसके लिए शुभकामनाएं देते हैं और आशा करते हैं कि हालात सामान्य होने के बाद क्षेत्र में पड़ोसी देशों के बीच सौहार्द की भावना बढ़ेगी।

### अपनी सभ्यता, संस्कृति पर गर्व करें

दुनिया के बाकी देशों के समक्ष अपनी बात रखते वक्त ये सावधानी बरतनी चाहिए कि ऐसी कोई स्थिति न बनें कि जहां पर वो भारत की भावना को गलत समझें। इससे बचने का एकमात्र तरीका ये है कि आप अपनी बात को साफ-सुथरे अंदाज में स्पष्टता और ईमानदारी से रखें। जिसे बाकी लोग सम्मान के साथ स्वीकार करेंगे। जयशंकर ने कहा, दुनिया में कई लोग हैं जो अपनी संस्कृति, ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कोरोना के टीके, श्रीलंका को दी सहायता

उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 में दुनिया में फैली कोरोना महामारी के काल में भी भारत ने अपने पड़ोसी देशों को कोविड टीकों की खेप पहुंचाई थी। यूक्रेन विवाद में हमने ईंधन और खाद्य पदार्थों की मदद दी। ये वो दौर था जब हमारे कई पड़ोसी असाधारण तनाव का सामना कर रहे थे। श्रीलंका इसमें प्रमुख रूप से शामिल रहा है। उसे भारत ने 4 अरब डॉलर की वित्तीय सहायता प्रदान की थी। यह सब हमने तब किया जब हमारे पड़ोसी द्वीपीय देश की विश्व मुद्रा कोष (आईएमएफ) से बातचीत बहुत ही धीमी गति से चल रही थी।

**दिल्ली दंगों के आरोपी उमर खालिद को लेकर जागा अमेरिका का प्रेम...**

## न्यूयॉर्क के मेयर समेत 8 सांसदों ने पत्र लिखकर भारत से की निष्पक्ष सुनवाई और जमानत देने की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वर्ष 2020 में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हुए भीषण दंगों के आरोपी और जवाहरलाल विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र उमर खालिद को अमेरिका से अचानक बड़ा भारी समर्थन मिला है। जिसमें न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी सहित आठ अमेरिकी सांसदों ने भारत से मामले में निष्पक्ष सुनवाई करने के साथ ही उसे जमानत देने की मांग की है। मेयर ममदानी की खालिद को समर्थन देने के पीछे की वजह बीते वक्त में उसके माता-पिता के साथ हुई उनकी मुलाकात है। जिसके बाद ▶▶ शेष पेज 5 पर



### पिता ने बताया मेयर से मुलाकात का सच

मीडिया में जारी रिपोर्ट के मुताबिक, खालिद के पिता की पिछले साल दिसंबर महीने में जोहरान ममदानी से न्यूयॉर्क में एक मुलाकात हुई थी। उस दौरान वो अमेरिका में रह रही अपनी बेटी और उमर खालिद की बहन से मिलने के लिए गए थे। उन्होंने कहा कि इस दौरान ममदानी ने हमें मुलाकात का वक्त दिया, ▶▶ शेष पेज 5 पर

**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने भारतीय फार्माकोपिया के 10वें संस्करण का विमोचन किया**

## भारतीय फार्माकोपिया को अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति मिली और 19 वैश्विक दक्षिणी देशों में मान्यता प्राप्त हुई: नड्डा

» ***भारतीय फार्माकोपिया 2026 में 121 नए मोनोग्राफ शामिल, टीबी-रोधी, मधुमेह-रोधी और कैंसर-रोधी दवाओं का दायरा बढ़ा***

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में भारतीय फार्माकोपिया 2026 (आईपी) 2026- भारत के औषधि मानकों की आधिकारिक पुस्तक के 10वें संस्करण का विमोचन किया। यह संस् करण दवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा और प्रभावकारिता को मजबूत करने के भारत के निरंतर प्रयासों की एक कड़ी है।

नड्डा ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय फार्माकोपिया देश में दवाओं के लिए आधिकारिक मानक पुस्तक और भारत के फार्मास्यूटिकल्स नियामक ढांचे का आधार है। उन्होंने कहा कि भारतीय फार्माकोपिया का 10वां संस्करण वैज्ञानिक प्रगति, वैश्विक सर्वोत्तम विधियों और फार्मास्युटिकल और विनियमन में भारत के बढ़ते नेतृत्व को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय फार्माकोपिया 2026 में 121 नए मोनोग्राफ शामिल किए गए हैं, जिससे मोनोग्राफ की कुल संख्या बढ़कर 3,340 हो गई है। उन्होंने आगे कहा कि तपेदिक रोधी, मधुमेह रोधी और कैंसर रोधी दवाओं के साथ-साथ आयरन सप्लीमेंट सहित प्रमुख चिकित्सीय श्रेणियों में कवरेज को काफी मजबूत किया गया है, ▶▶ शेष पेज 5 पर

## इंदौर में दूषित पानी से मौतों पर विपक्ष का हमला, मोदी सरकार की चुप्पी पर सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों को लेकर कांग्रेस ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता विपक्ष राहुल गांधी ने इस घटना को प्रशासनिक लापरवाही और सरकार के अहंकार का परिणाम बताया है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत अभियान का ढिंढोरा पीटने वाली मोदी सरकार, इंदौर में गंदा पानी पीने से हुई मौतों पर चुप है। उन्होंने सवाल उठाया कि जिस इंदौर को लगातार आठवीं बार देश का सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया गया, वहीं लोग साफ पानी के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सरकार अहंकारी बयान दे रही: राहुल



वहीं राहुल गांधी ने इंदौर की स्थिति को "पानी नहीं, ज़हर बंटने" जैसा बताया। उन्होंने कहा कि घर-घर मातम पसरा है, गरीब परिवारों के चूल्हे बुझ गए हैं, लेकिन सरकार संवेदनशील होने के बजाय अहंकारी बयान दे रही है। राहुल गांधी ने सवाल उठाया कि बार-बार शिकायतों के बावजूद गंदे पानी की ▶▶ शेष पेज 5 पर

**मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में समाधान शिविर की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित**

## समाधान शिविरों में प्राप्त होने वाली शिकायतों को पूर्ण समाधान होने तक पेंडिंग रखा जाए : नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए हैं कि समाधान शिविरों की जानकारी विभिन्न माध्यमों से आम जनता तक प्रभावी रूप से पहुँचाई जाए, जिसमें लोगों को शिविरों के आयोजन का दिन और समय की पूरी जानकारी मिल सके, ताकि वे अपनी समस्याएँ दर्ज करवा सकें और उनका समाधान करवा सकें। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश चंडीगढ़ में समाधान शिविर की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में सभी जिला



उपायुक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में प्राप्त होने वाली शिकायतों को जिला उपायुक्त अपनी स्पष्ट टिप्पणी के साथ आगे भेजें। साथ ही जब तक किसी शिकायत ▶▶ शेष पेज 5 पर

## वंदे भारत स्लीपर का 'किराया' तय



**किराया मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर तय किया गया**

### पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

देश की पहली स्लीपर वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के आखिर में करेंगे। रेल मंत्री वैष्णव ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि वंदे भारत स्लीपर में 3-एसी का किराया लगभग 2,300, 2-एसी का लगभग 3,000 और 1-एसी का लगभग 3,600 रुपए होगा, जिसमें खाना भी शामिल होगा। किराया मध्यम वर्ग को ▶▶ शेष पेज 5 पर

### थर्ड एसी और फर्स्ट एसी के बीच किराए में बहुत ज्यादा अंतर नहीं

**नई दिल्ली।** देश की पहली स्लीपर वंदे भारत ट्रेन के चलने का ऐलान हो गया है। यह ट्रेन इसी महीने असम से पश्चिम बंगाल के बीच चलाई जाएगी। गुवाहाटी से कोलकाता के बीच चलने वाली पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में थर्ड एसी और फर्स्ट एसी के बीच किराए में बहुत ज्यादा अंतर नहीं होगा। अभी कई ट्रेनों में दोनों कोच में ▶▶ शेष पेज 5 पर

**विदेश मंत्री जयशंकर को लिखे अपने खुले पत्र में बोले बलूचिस्तान के नेता मीर बलोच**

बलूचिस्तान से आई बड़ी भारी आवाज...

## पाकिस्तानी आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने का यही सही वक्त, बलूचिस्तान में तैनात होगी चीनी सेना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से केवल भारत ही त्रस्त नहीं है। बल्कि इससे क्षेत्र के बाकी इलाकों में भी अशांति और अस्थिरता की स्थिति लगातार बढ़ती जा रही है।

मामले को लेकर ताजा चिंता बलूचिस्तान के प्रमुख बलूच नेता और मानवाधिकार कार्यकर्ता मीर यार बलोच की तरफ से जताई गई है। जिसमें उन्होंने नए साल के मौके पर 1 जनवरी को विदेश मंत्री डॉ. एस.जयशंकर को एक खुला पत्र लिखा है। जिसमें मीर ने वर्तमान समय को ही ▶▶ शेष पेज 5 पर



### ऑपरेशन सिंदूर को सराहा

ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई की सराहना करते हुए मीर ने कहा कि हम मोदी सरकार द्वारा पिछले साल-2025 में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से की गई साहसिक और दृढ़ कार्रवाई की प्रशंसा करते हैं। जिसमें खासतौर पर पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी केंद्रों को निशाना बनाने और पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाक सेना के खिलाफ निर्देशित कार्रवाई की गई थी। यह उपाय अनुकरणीय साहस और क्षेत्रीय सुरक्षा तथा न्याय के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

### भारत को दिया अटूट समर्थन

बलूच नेता ने कहा, हमारे लोग बीते 69 वर्षों से पाकिस्तान के सरकारी कब्जे, उसके द्वारा प्रायोजित आतंकवाद और मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन का दंश झेल रहे हैं। इसलिए अब समय आ गया है कि इस गंभीर समस्या को जड़ से उखाड़ फेंका जाए। जिससे हमारे राष्ट्र (बलूचिस्तान) के लिए स्थायी शांति और संप्रभुता सुनिश्चित की जाए। भारत और बलूचिस्तान के सामने मौजूद खतरे वास्तविक और ▶▶ शेष पेज 5 पर

### बलूचिस्तान में तैनात होगी चीनी सेना

मीर बलोच ने कहा कि हम बलूचिस्तान गणराज्य में पाकिस्तान और चीन के बीच बढ़ते रणनीतिक गठबंधन को अत्यंत खतरनाक मानते हैं। साथ ही हमारी चेतावनी है कि चीन ने पाकिस्तान के सहयोग से चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को उसके अंतिम चरण में पहुंचा दिया है। ऐसे में अगर बलूचिस्तान की रक्षा और स्वतंत्रता सेनाओं की क्षमताओं को मजबूत ▶▶ शेष पेज 5 पर

## दो लोगों को किया गिरफ्तार

# शेल कंपनियों के जरिए चल रहे साइबर क्राइम नेटवर्क का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



साइबर टीम नई दिल्ली जिला ने ऑपरेशन साइ-हॉक के तहत शेल कंपनियों के जरिए चल रहे साइबर धोखाधड़ी सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस रैकेट में शामिल आरोपियों ने धोखाधड़ी के जरिए ठगे गए पैसे को निकालने के लिए 20 अलग-अलग कंपनियां खोली थी। इस संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम सुशील चावला (58) और राजेश कुमार शर्मा (39) बताये गये हैं।

डीसीपी देवेश कुमार महला के अनुसार नई दिल्ली जिले के अधिकार क्षेत्र में कई हॉटस्पॉट चिह्नित किए गए, जो कई धोखाधड़ी वाले लेनदेन का संकेत दे रहे थे। एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायतों की जांच के दौरान यह पाया गया कि आईडीएफसी बैंक का एक खाता साइबर धोखाधड़ी की रकम पाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। शुरुआती जांच से पता चला कि यह खाता कुदरेमुख ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड था, जिसका पता ए-1506, 15वीं मंजिल, ए विंग, स्टेट्समैन हाउस, 148, बाराखंभा रोड था। पहली नजर में ठगी की रकम पाने के तरीके से ऐसा लगा कि इसका इस्तेमाल ठगी के पैसे पाने और भेजने के लिए एक फर्जी खाते के तौर पर किया जा रहा था। शिकायतों की संख्या से पता चला कि यह एक छोटा संगठित साइबर अपराध था। केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायतों की जांच के दौरान यह पाया गया कि इस खाते के खिलाफ कुल चार शिकायतें दर्ज थी। जांच के दौरान आरोपी राजेश खन्ना ने बताया कि वह अपने दो जान-पहचान वालों सुशील चावला और राजेश कुमार शर्मा के कहने पर डायरेक्टर बना और कंपनी का अकाउंट खोला। फंड ट्रांसफर का कंट्रोल राजेश और सुशील दोनों के हाथों में था। उसने यह भी बताया कि उन्होंने ठगी की रकम को निकालने के लिए 20 और कंपनियां खुलवाई थी। इन कंपनियों के डिटेल्स और बैंक अकाउंट की जांच करने पर पता चला कि ये शेल कंपनियां और म्यूल अकाउंट पूरे भारत में किए गए साइबर फ्रॉड की ठगी की रकम को निकालने के लिए खोले गए थे। आगे की जांच में कुल 176 एनसीआरपी साइबर फ्रॉड शिकायतें मिलीं, जिनकी कुल रकम लगभग 180 करोड़ रुपये थी। इसमें इन शेल कंपनियों के अकाउंट में कथित तौर पर अलग-अलग ठगी और विवादित रकम कई लेयर्स में आ रही थी। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी राजेश खन्ना की नोएडा में मौत हो गई है। आरोपी सुशील चावला और राजेश कुमार शुरू में केस की जांच में शामिल हुए, लेकिन उन्होंने जांच के दौरान सहयोग नहीं किया और केस से जुड़े किसी भी जरूरी सवाल का जवाब देने से बचते रहे। उन्होंने केस की जांच में शामिल होने के लिए भेजे गए नोटिस को भी नजरअंदाज किया और काम करने का तरीका नहीं बताया। वे शेल कंपनियों से जुड़े अकाउंट्स के बारे में संदिग्ध चैट कर रहे थे। इसके बाद उन्हें इस मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। उनके फोन में मिली चैट और उपलब्ध सबूतों के अनुसार यह सामने आया कि आरोपी राजेश खन्ना का इस्तेमाल सुशील चावला और राजेश कुमार के कहने पर एक मोहरे के तौर पर किया जा रहा था। शुरुआती जांच में उन्होंने बताया कि वे पवन रुइया के लिए काम कर रहे थे, जो कथित तौर पर पश्चिम बंगाल में इसी तरह के साइबर फ्रॉड मामलों में शामिल है। सुशील चावला अमायरा होम, सेक्टर 10, ग्रेटर नोएडा, यूपी और राजेश कुमार निवासी शोभा सिटी, सेक्टर-108, द्वारका एक्सप्रेसवे, गुरुग्राम का रहने वाला है। केस में इनके सह-आरोपियों की तलाश जारी है।

# दुकान में सेंध लगाने वाले तीन आरोपी अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सराय रोहिल्ला पुलिस स्टेशन ने एक दुकान में सेंध लगाकर जींस का महंगा कपड़ा चुराने वाले तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम नरेश, उमर खान और हनीफ उर्फ कल्लू बताये गये हैं। पुलिस ने इनके पास से सात लाख रुपये कीमत का जींस का कपड़ा बरामद किया है। आरोपी दिल्ली के अलग-अलग पुलिस स्टेशनों में दर्ज कई आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं।

डीसीपी राजा बंथिया के अनुसार 24 दिसंबर को नीरज ने शिकायत दर्ज कराई कि न्यू रोहतक रोड पर उनकी दुकान का ताला तोड़कर जींस के कपड़े के 22 बंडल (प्रत्येक बंडल की कीमत लगभग 70 हजार) चोरी हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। उन्होंने घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें अपराध में इस्तेमाल किया गया एक टाटा ऐस वाहन दिखा, जिसमें आरोपी चोरी किए गए कपड़े के रोल ले जाते हुए दिखे। वाहन के मालिक का पता लगाया गया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि नरेश नाम का एक आदमी न्यू रोहतक रोड पर अपनी जींस फैब्रिक फैक्ट्री से यमुनापार कुछ सामान ले जाने के लिए उसका टेम्पो ले गया था। एक सूचना के आधार पर नरेश को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान उसने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की बात कबूल ली। उसने आगे बताया कि उसने अपने तीन अन्य साथियों, इकबाल, अशरफ और हनीफ के साथ मिलकर खास औजारों से दुकान में सेंध लगाई और चोरी को अंजाम दिया था। फिर उन्होंने चोरी किए गए कपड़े के रोल टेम्पो में लादकर सह-आरोपी इकबाल के सीलमपुर स्थित गोदाम में पहुंचा दिए। बाद में इकबाल ने जींस के कपड़े के 10 रोल तिलक नगर के रहने वाले उमर खान को और बाकी 12 रोल दूसरे खरीदारों को बेच दिए। बाद में तीनों आरोपियों को भी दबोच लिया गया।

## चाकू से हमला कर नाबालिग की हत्या, एक आरोपी दबोचा

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में गुरुवार देर रात चाकू से हमला कर 15 साल के एक लड़के की हत्या कर दी गई। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी विक्रम (30) के पास से अपराध में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद हो गया। इसके खिलाफ छह मामले दर्ज पाये गये। पुलिस के अनुसार गुरुवार रात साढ़े 11 बजे पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचना मिली कि कुछ लड़कों ने एक नाबालिग पर चाकू से हमला किया है। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और घायल लड़के को सड़क पर पड़ा पाया। उसके शरीर पर चाकू के कई घाव थे। तुरंत उसे पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई। कुछ ही घंटों के भीतर मुख्य आरोपी विक्रम को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर हमला किया था। वारदात में शामिल दो अन्य लोग फिलहाल फरार हैं। शेष आरोपियों को ढूंढने और गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीमें गठित की गई हैं। पुलिस हत्या के पीछे के मकसद की जांच कर रही है। साथ ही स्थानीय निवासियों के बयान भी दर्ज किये जा रहे हैं।

## चार दिन के बच्चे को अगवा करने वाली दो महिलाएं पकड़ी

**नई दिल्ली।** नॉर्थ रोहिणी पुलिस ने चार दिन के बच्चे के अपहरण केस को सुलझा लिया है। बच्चे को सुरक्षित बरामद कर दो आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को मामले में संबंध 31 दिसंबर को शिकायत आई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके चार दिन के बेटे का बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल, रोहिणी से अपहरण कर लिया गया है। केस दर्ज कर जांच टीम गठित की गई। तुरंत टीम ने अस्पताल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया। एक सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि कैसे बच्चे को अगवा किया गया। पीड़ित मां से बच्चा टीका लगवाने के लिये लिया गया था। हालांकि उस समय टीका केन्द्र बंद हो चुका था। वजन करने के बहाने एक महिला ने बच्चे को अपनी कस्टडी में लिया और अस्पताल से भाग गई थी। इसके बाद कड़ी से कड़ी जोड़ते हुये पुलिस टीम ने दोनों आरोपी महिलाओं को दबोच लिया।

# ई-रिक्शा चालक की चाकू मारकर हत्या, छह पकड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मंगोलपुरी इलाके में पुरानी रंजिश के चलते हुए झगड़े में एक ई-रिक्शा चालक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना में बीच-बचाव करने वाला मृतक का दोस्त भी इस हमले में मामूली रूप से घायल हुआ है। मृतक की पहचान विकास (20) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार यह घटना उस समय हुई जब विकास और उसका दोस्त संदीप (20) एक साथ बैठे थे। तभी वहां कुछ लड़के पहुंचे। उनके बीच बहस शुरू हो गई जो जल्द ही हिंसा में बदल गई। कहासुनी के दौरान एक आरोपी ने विकास पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर घाव आये। संदीप को भी इस दौरान मामूली चोट आई। दोनों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने विकास को मृत घोषित कर दिया, जबकि संदीप का इलाज किया गया। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस हत्याकांड की वजह पुरानी रंजिश थी। इस घटना में शामिल सभी छह आरोपियों को पकड़ लिया गया है। इनमें से चार किशोर हैं, जबकि दो वयस्क हैं।

# रेखा सरकार पर दिल्ली कांग्रेस का हमला, कहा दो शिफ्ट के स्कूलों को बदलने पर कर रही भ्रमित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए आरोप लगाए कि दो शिफ्टों में चल रहे दिल्ली के सरकारी स्कूलों को एक शिफ्ट में बदलने की बात कह कर राजधानी के लोगों को गुमराह करने की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि शिक्षा निदेशालय के अनुसार कुल 799 स्कूल है, जिनमें 284 स्कूल दो शिफ्टों में चल रहे है। दिल्ली सरकार की नीति के अनुसार सभी स्कूलों को एक शिफ्ट में करने में तो इस तरह 25 वर्ष से भी अधिक का समय लग जाएगा। यादव ने कहा कि ऐसी झूठी योजनाओं और दावे करके आखिरकार सीएम रेखा गुप्ता लोगों को भ्रमित क्यों करती है। जबकि सीएम रेखा पहले ही प्राईवेट स्कूलों में फीस बढ़ोत्तरी पर अपनी सहमति जताकर गरीबों के शिक्षा अधिकार को छीनने वाला चेहरा उजागर कर चुकी है। यादव ने कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में लगातार गिरते शिक्षा के स्तर के कारण दिल्ली सरकार के स्कूलों में छात्रों की संख्या लगातार कम हो रही है। शिक्षा निदेशालय का हर वर्ष 10 स्कूल बनाने के लक्ष्य पर 284 स्कूलों को एक शिफ्ट का करने के लिए अभी सिर्फ 70 खाली प्लाट ही चिन्हित किए है। जबकि वर्ष 2013 में कांग्रेस की शीला दीक्षित सरकार ने उस समय नए सरकारी स्कूल बनाने के लिए करीब 1000 जगहों को चिन्हित किया था। उसको पूरा करने के लिए शीला दीक्षित ने और हर वर्ष 200 स्कूल बनाने का लक्ष्य रखा था। यादव ने कहा कि पांच वर्ष में 50 स्कूल बनाने की भाजपा सरकार की निर्माण गति उनकी मंशा को दर्शाती है कि ये दिल्ली और दिल्ली का भविष्य छात्रों के प्रति कितने संवेदनशील है। यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार पूरे कार्यकाल में शिक्षा मॉडल को बदलने का बखान करती रही लेकिन नए स्कूल बनाने में पूरी तरह विफल साबित रही। केजरीवाल सरकार 10 वर्ष के लंबे कार्यकाल में केवल 8-10 स्कूल ही बना पाए। यादव ने आरोप लगाए कि जबकि केजरीवाल सरकार ने इसमें में भी स्कूलों में क्लास रुम बढ़ाने में जमकर भ्रष्टाचार किया। अगर दो शिफ्टों में बच्चे पढ़ने से एक कक्षा में क्षमता से अधिक बच्चे है, अगर सरकार सभी छात्रों को एक शिफ्ट में ले आएगी तो स्कूलों का क्या हाल होगा और शिक्षक कैसे छात्रों की पढ़ाई का प्रबंधन करेंगे। उन्होंने कहा कि अनुपात से अधिक कक्षा में छात्रों के कारण पहले ही परीक्षा परिणाम बुरी तरह प्रभावित हो रहे है।

# रोहिणी में प्रॉपर्टी डीलर की कार पर कई राउंड फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ बाइक सवार लोगों ने दिया वारदात को अंजाम

बेगमपुर थाना अंतर्गत रोहिणी सेक्टर 24 में शुक्रवार शाम एक प्रॉपर्टी डीलर की कार पर कई राउंड फायरिंग का मामला सामने आया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। वारदात को बाइक सवार लोगों ने अंजाम दिया।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार को शाम करीब 5:23 बजे बेगमपुर थाने में एक पीसीआर कॉल आई, जिसमें बताया गया कि तीन लड़के एक मोटरसाइकिल पर आए और गोलियां चलाकर मौके से भाग गए। हालांकि कोई घायल नहीं है। सड़क पर खाली कारतूस पड़े हैं। पुलिस स्टाफ तुरंत मौके पर पहुंचा, जहां एक नीली इनोवा कार मिली जिसके आगे की विंडशील्ड पर गोलियों के निशान थे। मौके पर शिकायतकर्ता मौजूद था, जो प्रॉपर्टी का बिजनेस करता है। उसने बताया कि 26 और 29 दिसंबर के बीच उसे एक अनजान इंटरनेशनल नंबर से कई व्हाट्सएप कॉल और वॉइस मैसेज आए। कॉल करने वाले ने खुद को एक बड़ा गैंगस्टर बताया और जबरन वसूली के तौर पर मोटी रकम मांगी व उसे धमकियां भी दी। इसकी जानकारी उसने पहले पुलिस को नहीं दी थी। घटना के संबंध में बेगमपुर थाने में जबरन वसूली और फायरिंग के संबंध में केस दर्ज किया गया है। क्राइम और एफएसएल टीम ने भी मौके से सबूत इकट्ठा किये हैं।

## नाबालिगों ने झगड़े में कर दी अधेड़ की चाकू घोंपकर हत्या, एक आरोपी पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आदर्श नगर इलाके में नए साल के दिन तेज आवाज में संगीत बजाने और शोर मचाने से मना करने पर नाबालिगों के एक समूह के साथ हुए विवाद में 50 वर्षीय शख्स की छुरा घोंपकर हत्या कर दी गई। इस मामले में एक नाबालिग को पकड़ा गया है, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। मृतक की पहचान शास्त्री नगर इलाके में दर्जी का काम करने वाले बिहारी लाल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार विवाद उस समय शुरू हुआ जब बिहारी लाल ने नाबालिगों के समूह को शोर मचाने और तेज आवाज में संगीत बजाने से टोका। सूत्रों के अनुसार इस दौरान कहासुनी बढ़ गई और गुस्से में आकर एक नाबालिग जो कक्षा नौवीं की पढ़ाई छोड़ चुका है ने बिहारी लाल पर चाकू से हमला कर दिया। झड़प के दौरान उसके एक साथी अरुण ने भी कथित तौर पर पीड़ित को लात मारी। घायल बिहारी लाल को बाबू जगजीवन राम मेमोरियल (बीजेआरएम) अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि नाबालिग आरोपी को पकड़ लिया गया है और वारदात में इस्तेमाल चाकू भी उसके कब्जे से बरामद हो गया है। दूसरा आरोपी फिलहाल फरार है और उसे पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में आदर्श नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# अब निगम ट्रेड लाइसेंस बनवाना हुआ पहले से आसान : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ छोटे, मध्यम दुकानदारों, व्यापारियों को होगा फायदा

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने व्यापारियों और दुकानदारों के हित में एक अहम और राहत भरा कदम उठाया है। निगम के नेता सदन प्रवेश वाही ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब संपत्ति कर अदा करने वालों के लिए ट्रेड लाइसेंस प्राप्त करना बेहद आसान कर दिया गया है। इस नई व्यवस्था से व्यापारियों को बार-बार निगम दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे और इंस्पेक्टरराज पर भी प्रभावी अंकुश लगेगा। नेता सदन प्रवेश वाही ने जानकारी देते हुए बताया कि यदि किसी संपत्ति करदाता की दुकान या कोई व्यापार है तो वह संपत्ति कर जमा करते समय संपत्ति कर का केवल 15 प्रतिशत अतिरिक्त संपत्ति कर अदा कर और फॉर्म में संबंधित विकल्प का चयन कर सकता है। ऐसा करते ही न केवल उसका संपत्ति कर स्वतः जमा हो जाएगा, बल्कि उसी प्रक्रिया में उसका ट्रेड लाइसेंस भी जारी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में "ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस" को बढ़ावा देने की दिशा में एक ठोस कदम है। इससे छोटे व्यापारियों, दुकानदारों और स्वरोजगार से जुड़े लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

नेता सदन प्रवेश वाही ने स्पष्ट किया कि इस नई प्रणाली के लागू होने से निगम में लंबे समय से चले आ रहे "इंस्पेक्टर राज" पर पूर्ण विराम लगेगा।

# लामपुर में प्रॉपर्टी डीलर की हत्या कर लाश जलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के नरेला थाना अंतर्गत लामपुर के खेतों में गुरुवार देर रात एक शख्स की अधजली लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान भूपेंद्र उर्फ बिनु (38) निवासी नाहरी गांव, सोनीपत के रूप में हुई। वह अपने भाई मनोज के साथ दक्ष प्रॉपर्टी नाम से प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था। पुलिस हत्या का केस दर्ज कर केस की तफ्तीश कर रही है। पुलिस के अनुसार गुरुवार को देर रात नरेला में लामपुर के खेतों में एक जली हुई लाश मिलने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। खेत के अंदर एक बाड़े वाले घर में एक पुरुष की लाश आधी जली हुई हालत में पड़ी मिली। मृतक के सिर से खून भी बह रहा था। एक तसले में 500 का नोट बिना जले हुए मिले और मृतक का एक मोबाइल फोन भी मिला। आगे की पूछताछ में मृतक की पहचान भूपेंद्र पुत्र स्वर्गीय ओम प्रकाश निवासी गांव नाहरी सोनीपत हरियाणा के रूप में हुई। मृतक के भाई विनोद कुमार उर्फ मनोज के बयान पर नरेला थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। अपराध की गंभीरता को देखते हुए सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया जा रहा है और आरोपियों को पकड़ने के लिए कई टीमें गठित की गई हैं।

## तुगलकी फरमान का विरोध करने पर शिक्षक निलंबित : सौरभ भारद्वाज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आवारा कुत्तों वाले तुगलकी फरमान का विरोध करने पर शिक्षक को सस्पेंड कर दिया गया है। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए यह प्रतिक्रिया दी है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि निलंबित शिक्षक को आवारा कुत्तों के बजाय शिक्षा को महत्व देने का अनुरोध करना ही भारी पड़ गया। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों के शिक्षकों से आवारा कुत्तों की निगरानी कराने वाले आदेश को लेकर बुरी तरह एक्सपोज हो चुकी भाजपा सरकार पैनिक मोड (घबराहट) में है। इसी घबराहट में भाजपा सरकार अपने तुगलकी फरमान का विरोध करने वाले शिक्षकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार को सरकार के शिक्षा निदेशालय (विजिलेंस ब्रांच) ने एक शिक्षक को निलंबित भी कर दिया। शिक्षक का कसूर सिर्फ इतना है कि उसने आवारा कुत्तों के बजाय शिक्षा को महत्व देने की वकालत कर दी थी। भाजपा सरकार ने पहले विपक्ष के नेताओं पर एफआईआर कराई और अब शिक्षक को निलंबित कर सबको चुप करा रही है।

## साहित्यिक महोत्सव 'दिल्ली शब्दोत्सव 2026' का शुभारंभ, - मुख्यमंत्री सहित अन्य नेताओं की शिरकत

# भारत का भूतकाल, वर्तमान काल और अपने भविष्य काल से संवाद : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली





दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में दिल्ली सरकार एवं सुरुचि प्रकाशन के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय 'दिल्ली शब्दोत्सव 2026' का शुभारंभ किया। 'दिल्ली शब्दोत्सव' की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि इस साहित्यिक मंच पर भारत का भूतकाल और वर्तमान काल, अपने भविष्य काल से संवाद कर रहा है। यह हमारी ऐतिहासिक यात्रा का उत्सव है, जो वैदिक काल से डिजिटल युग तक आ पहुंची है। आज के समय में जब यह प्रश्न बार-बार उठता है कि युवा पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक जड़ों और साहित्यिक परंपराओं से कैसे जुड़ेगी, तो उसका उत्तर है- 'शब्दोत्सव'।

उद्घाटन के अवसर पर केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर, सुरुचि प्रकाशन के राजीव तुली एवं हर्षवर्धन त्रिपाठी की गरिमामयी उपस्थिति के साथ बड़ी संख्या में पुस्तक प्रेमियों, विद्वानों एवं नागरिकों की उपस्थिति रही। बताया गया कि 2 से 4 जनवरी तक आयोजित यह साहित्य महोत्सव देश भर से पधारे प्रतिष्ठित विचारकों, कलाकारों, साहित्यकारों और संस्कृतिकर्मियों द्वारा समसामयिक विषयों पर राष्ट्रीय विमर्श, कवि सम्मेलन तथा पुस्तकों के विमोचन का एक प्रभावशाली मंच बनेगा।

### विविध वैचारिक सत्रों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन आज

दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम, इंडिया गेट में आयोजित तीन दिवसीय भव्य सांस्कृतिक एवं साहित्यिक महोत्सव दिल्ली शब्दोत्सव 2026' के अंतर्गत दूसरे दिन, आज 3 जनवरी 2026 को इतिहास, संस्कृति, मिथक, सिनेमा और भारतीय दृष्टिकोण से जुड़े विविध वैचारिक सत्रों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा।

### 'हिन्दू इतिहास' प्रातः 11 से 12:15 बजे तक होगा आयोजित

शब्दोत्सव 2026 के दूसरे दिन शनिवार को आयोजित होने वाला प्रथम सत्र 'हिन्दू इतिहास' प्रातः 11:00 बजे से 12:15 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें मिथिलेश नंदिनी शरण, अमी गणात्रा एवं धर्मवीर शर्मा वक्ता के रूप में अपने विचार रखेंगे। सत्र का संचालन प्रो. मकरंद परांजपे करेंगे तथा सत्र संयोजक राकेश शुक्ला एवं आदित्य भारद्वाज रहेंगे।

## एक्यूआई रहा 141, यानी अच्छी हवा वाला दिन

# वायु गुणवत्ता में सुधार के बाद दिल्ली से हटाई ग्रेप तीन की पाबंदियां : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) सब-कमेटी के ग्रैप के स्टेज-3 के तहत पाबंदियां हटा दी गई है। इस फैसले के बाद, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में लगातार ज़मीनी स्तर पर किए जा रहे प्रयासों से शहर की हवा की क्वालिटी में सुधार है। दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई), जो गुरूवार को 380 था, आज 236 दर्ज किया गया, जो एक बड़ी गिरावट है। अच्छी बात यह है कि बवाना में एक्यूआई 141 रहा, - यानी अच्छी हवा वाला दिन। मंत्री सिरसा ने कहा कि हमने प्रदूषण के हर बड़े स्रोत - वाहनों से होने वाले उत्सर्जन, औद्योगिक कचरा, धूल और खुले में कचरा फेंकने - पर कार्रवाई तेज़ कर दी है, साथ ही अपनी लड़ाई को मज़बूत करने के लिए नई तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं। पर्यावरण मंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि भले ही ग्रैप 3 की पाबंदियां हटा दी गई हैं, लेकिन ज़मीनी स्तर पर ऑपरेशन उसी सख्ती और प्राथमिकता के साथ जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह आराम करने का समय नहीं है; यह हमारे प्रयासों को दोगुना करने और हमने जो हासिल किया है उसे मज़बूत करने का समय है। हर छोटी जीत हमें दिल्ली की हवा को हर दिन और साफ बनाने के लिए प्रेरित करती है।

### प्रदूषण विरोधी गतिविधियों की दी जानकारी

मंत्री सिरसा ने सरकार के प्रयासों की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 24 घंटों में, पर्यावरण विभाग और संबंधित एजेंसियों ने प्रदूषण विरोधी गतिविधियों में काफी बढ़ोतरी दर्ज की है। उन्होंने बताया कि वाहनों से होने वाले उत्सर्जन के उल्लंघन के लिए 6,596 चालान जारी किए गए। शहर के सभी ज़ोन से 12,000 मीट्रिक टन कचरा हटाया गया। धूल के भार को कम करने के लिए 6,261 किमी सड़कों की मशीनों से सफाई की गई। 2,315 मीट्रिक टन सीएंडडी कचरा उठाया गया और वैज्ञानिक निपटान के लिए ले जाया गया। अवैध कचरा स्थलों के खिलाफ 405 निरीक्षण किए गए, और 156 कार्रवाई शुरू की गईं। प्रमुख मार्गों पर 40 ट्रैफिक जाम वाले पॉइंट्स को खाली कराया गया। एंट्री प्रतिबंधों का उल्लंघन करते पाए गए 99 हल्के मोटर वाहनों का चालान किया गया।

### प्रदूषण नियंत्रण टीमों ने किया सीधे स्रोतों पर ध्यान केंद्रित

पर्यावरण मंत्री सिरसा ने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में, दिल्ली में ज़मीनी स्तर पर नागरिक कार्य कई गुना मज़बूत हुआ है। प्रदूषण नियंत्रण टीमों ने सीधे स्रोतों पर ध्यान केंद्रित किया है, औद्योगिक क्लस्टरों में नियमों का पालन सुनिश्चित करने से लेकर भारी ट्रैफिक वाले इलाकों और हॉटस्पॉट पर स्मॉग गन और एंटी-स्मॉग वाहन तैनात करने तक कार्य किए गए हैं। मंत्री सिरसा ने बताया कि पिछले एक साल में, दिल्ली ने प्रदूषण नियंत्रण के नए रास्ते अपनाए हैं - विरासत में मिले कचरे की बायोमाइनिंग (35 मीट्रिक टन प्रति दिन) में तेज़ी लाने से लेकर औद्योगिक और परिवहन क्षेत्रों में क्लीन-टेक हस्तक्षेपों का विस्तार करने तक। यह एकजुट प्रयास का प्रभाव दिख रहा है। सरकार के संकल्प को दोहराते हुए मंत्री सिरसा ने कहा कि प्रदूषण के खिलाफ दिल्ली की लड़ाई जारी है और दृढ़ है। उन्होंने कहा कि हर दिन, हम सीख रहे हैं, अनुभव के साथ नित नए सुधार कर रहे हैं। आज शहर की प्रगति हमें कल और भी ऊँचा लक्ष्य रखने के लिए प्रेरित करती है।

# राजधानी में कोहरे की मार जारी रही



नई दिल्ली। खुद को सर्दी से बचाने के लिए एम्स के बाहर कंबल ओढकर बैठे लोग। फोटो : एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली वालों को प्रदूषण व सर्दी से राहत मिलती नजर आई, लेकिन कोहरे की मार अब भी सहनी पड़ रही है। कोहरे की मार से बेहाल दिल्ली में शुक्रवार को भी पूर्व की भांति हवाई उड़ानों से लेकर रेल व सड़क यातायात प्रभावित हुआ। लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में अनावश्यक रूप से देरी का सामना करना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिल्ली के इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर कोहरे के कारण घटी दृश्यता की वजह से शुक्रवार को कम से कम 66 उड़ानें रद्द करनी पड़ी। जबकि दर्जनों उड़ाने अपने तय समय से देरी में प्रभावित हुई। निकलकर आई खबरों के अनुसार कोहरे और कम दृश्यता की स्थिति के कारण विमानन कंपनियों ने 34 प्रस्थान और 32 आगमन उड़ानें रद्द कर दी थी।

सनद रहे कि विमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इस सर्दी के मौसम में पहले ही 10 दिसंबर से 10 फरवरी तक की अवधि को आधिकारिक कोहरे की अवधि के रूप में घोषित कर रखा है। कोहरे के दौरान उड़ान संचालन के लिए डीजीसीए के तय मापदंडों के तहत ही विमानन को अनिवार्य रूप से सक्षम पायलट व अन्य तैयारियां करनी पड़ती है। इसके अलावा रेलवे भी कोहरे की मार से अछूती नहीं रही और दर्जनों विभिन्न गाड़ियां देरी से आवागमन करने पर मजबूर हुई। जिसके चलते हवाई अड्डा व रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिली। जबकि दिल्ली की सड़कों पर भी कोहरे ने कोई रहम नहीं किया। बाहरी दिल्ली के कई क्षेत्रों में कोहरे की सघनता के चलते सड़कों पर वाहनों को हेड लाइट जलाकर चलने के बाद भी रेंगना पड़ा। कोहरे के कारण आवागमन में देरी का असर लोगों के काम धंधे पर आने पर भी पड़ा। बता दें कि गत करीब एक सप्ताह से अधिक समय से दिल्ली कोहरे के कोहराम से त्रस्त है।

## रिकॉर्ड संभालकर नहीं रख पा रहे अधिकारी

# दस्तावेज़ खिड़की से बाहर हो रहे बर्बाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा समाज के कमजोर वर्गों, वृद्धों, दिव्यांगों, बच्चों, ए स सी / ए स टी / ओ बी सी , अल्पसंख्यकों और जरूरतमंद परिवारों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जमीनी हकीकत एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। रोहिणी क्षेत्र के विश्राम चौक के पास मूक-बधिर विद्यालय परिसर में स्थित जिला उत्तरी पश्चिमी-2 के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में दस्तावेजों को संभालकर रखने में गंभीर लापरवाही सामने आई है।

यहां जरूरतमंद लाभार्थियों से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज और योजना के भरे हुए फॉर्म कार्यालय की खिड़की से बाहर निकलकर जमीन पर पड़े नजर आ रहे हैं। ये वही कागजात हैं, जिनके आधार पर दिल्ली सरकार की प्रमुख लाडली योजना, जरूरतमंद परिवारों को सामाजिक सुरक्षा और पुनर्वास सेवाएं मिलती हैं। खुले में पड़े ये दस्तावेज बारिश, धूप और गंदगी के कारण खराब हो रहे हैं, जिससे इनके नष्ट होने का खतरा लगातार बढ़ रहा है। लोगों का कहना है कि रिकॉर्ड सुरक्षा संबंधी यह मामला उच्चस्तरीय जांच और तत्काल कार्रवाई की मांग करता है। जरूरत है कि दिल्ली सरकार का समाज कल्याण विभाग न केवल अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करें, बल्कि लाभार्थियों के दस्तावेजों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे।

### जरूरतमंद लाभार्थियों को हो सकती है परेशानी

लोगों का कहना है कि यह लापरवाही न केवल प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाती है, बल्कि हजारों जरूरतमंद लाभार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ भी है। दस्तावेजों के नष्ट होने की स्थिति में लाभार्थियों को दोबारा आवेदन प्रक्रिया से गुजरना पड़ेगा, जिससे उन्हें मानसिक, आर्थिक और सामाजिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। सबसे गंभीर सवाल यह है कि जिन विभागों का उद्देश्य समाज के सबसे कमजोर वर्गों को सुरक्षा और सहारा देना है, वही विभाग उनके रिकॉर्ड की सुरक्षा सुनिश्चित करने में असफल क्यों नजर आ रहे हैं?

# प्रदूषण के खिलाफ हमें लड़नी है लंबी लड़ाई : रेखा

## सीएम ने वाहन निर्माता कंपनियों और एग्रीगेटर कंपनियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



प्रदूषण के खिलाफ हमें लंबी व प्रभावी लड़ाई लड़नी है। इसके लिए फौरी उपाय के अलावा दीर्घकालीन रणनीति भी अपनानी होगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को वाहन निर्माता कंपनियों और ओला, ऊबर जैसी एग्रीगेटर कंपनियों (एकत्रीकरण कंपनियों) के साथ दिल्ली सचिवालय में एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान यह बात कही।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस कार्य में सरकार कंपनियों को सहूलियत देने को सैद्धांतिक रूप से राजी है, उनकी समस्याओं का निदान किया जाएगा, नियमों को भी लचीला बनाया जाएगा, ताकि लोग ईवी वाहन खरीदने में रुचि दिखाएं, साथ ही गंतव्य के लिए एग्रीगेटर कंपनियों का उपयोग करें। लेकिन इस कंपनियों को भी ऐसे निर्णय या राहत प्रदान करनी होगी, जिससे लोगों में भी इनकी ओर रुझान बढ़े। इस बैठक का उद्देश्य राजधानी में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की ओर लोगों का रुझान बढ़ाना और साझा परिवहन को प्रोत्साहित करना शामिल है।

इस महत्वपूर्ण बैठक में परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह, परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा मोटर वाहन कंपनी टाटा मोटर्स, महिंद्रा, मारुति सुजुकी, टोयोटा, होंडा व एग्रीगेटर कंपनियों में ओला, ऊबर, रैपिडो के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# डीडीए ने कादीपुर में कई मकानों पर लगाई सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने बुराड़ी विधानसभा अंतर्गत कई अनधिकृत कॉलोनियों में शुक्रवार को सील लगाने की कार्रवाई को अंजाम दिया। डीडीए की इस कार्रवाई के खिलाफ स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है। लोगों के आरोप है कि सील लगाने के दौरान एक घर में दो तीन बच्चे भी सील हो गए थे, जो बाद में किसी तरह बाहर निकले। लोगों का कहना है कि उन्होंने अपने जीवन की जमा पूंजी से छोटे छोटे प्लाट खरीदकर बनाए थे,तब क्यों नहीं रोका। अब हम सालों से रह रहे है तो डीडीए ने आकर घरों के बाहर नोटिस चस्पा कर दिए और बिना बताए ही कई घरों पर सील भी लगा दी। लोगों को इस बात का भी बहुत दुख है कि स्थानीय विधायक संजीव झा, सांसद मनोज तिवारी व स्थानीय निगम पार्षद का कहीं अता पता नहीं है। यह नेता चुनाव के समय आगे पीछे हाथ जोड़कर घूमते हैं और पता नहीं क्या क्या वादे करते है। लेकिन अब जब डीडीए घरों को सील कर रहा है तो सुनने तक का समय नहीं है।

# कुत्ता मामले पर आप और भाजपा आमने-सामने

- आप के कार्यकर्ताओं पर एफआईआर करा रही है भाजपा : सौरभ भारद्वाज
- सर्कुलर को आधा अधूरा पढ़कर भ्रम पैदा कर रहे हैं आप नेता : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के शिक्षकों द्वारा कुत्तों की निगरानी मामले पर आम आदमी पार्टी और भाजपा आमने सामने नजर आ रही है। आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने भाजपा पर आरोप लगा कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों से कुत्तों की निगराने कराने को लेकर बुरी तरह एक्सपोज हुई भाजपा सरकार तिलमिलाहट में अब आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर एफआईआर करा रही है, लेकिन उसे समझ जाना चाहिए कि 'आप' कार्यकर्ता इन तुच्छ और फर्जी मुकदमों से डरने वाले नहीं हैं। वहीं, दूसरी तरफ दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आप नेताओं के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के सर्कुलर की कापी साफ कहती है कि आम आदमी पार्टी द्वारा एक सर्कुलर को आधा अधूरा पढ़कर दिल्ली की जनता में एक भ्रम पैदा करने का काम किया जा रहा है जबकि उस सर्कुलर में कही भी शिक्षकों को ड्यूटी पर लगाने का कोई जिक्र नहीं है।


दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि स्कूलों में शिक्षकों को स्ट्रीट डॉग सर्वे करने की ड्यूटी करवाने को लेकर शुक्रवार को आप नेताओं द्वारा प्रेसवार्ता कर दिया गया बेतुका और झूठा बयान उनकी हताशा का प्रमाण है। सचदेवा ने कहा है कि 'आप' नेता दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार द्वारा लगातार किए जा रहे विकास कार्यों एवं शिक्षा व्यवस्था में सुधारों को पचा नहीं पा रहे और उनकी बेतुकी बयानबाजी इसका प्रमाण है।




## विज्ञापन, और बैठकों में 'स्वच्छ दिल्ली' का नारा किया जाता है बुलंद

# 'भरे पड़े हैं डस्टबिन, लोग कहां डाले कूड़ा'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र बस स्टैंड का हाल, कूड़े से बेहाल

दिल्ली नगर निगम के महापौर और निगम अधिकारी आए दिन शहर को स्वच्छ बनाने की बात करते हुए नागरिकों से कूड़ा-कचरा केवल डस्टबिन में डालने की अपील करते नजर आते हैं। विज्ञापन, बैनर और बैठकों में 'स्वच्छ दिल्ली' का नारा बुलंद किया जाता है, लेकिन जमीनी सच्चाई इससे बिल्कुल उलट दिखाई दे रही है। दिल्ली के कई इलाकों में सार्वजनिक डस्टबिन पहले से ही कचरे से लबालब भरे पड़े हैं और अब यह कूड़ा पहाड़ की तरह डस्टबिन से बाहर उठ रहा है। हालात यह हैं कि कचरा डालने की जगह न होने के कारण लोग मजबूरी में डस्टबिन के बाहर, सड़कों और फुटपाथों पर कचरा फेंकने को विवश हैं। इसके बाद वही निगम प्रशासन नागरिकों को गंदगी फैलाने का दोषी ठहराने से भी नहीं चूकता।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कूड़े के डस्टबिन भरे हुए हैं और कई-कई दिनों तक कचरा उठाने वाली गाड़ियां यहां डस्टबिनों से कूड़ा नहीं उठाने नहीं आती है। शालीमार बाग बस स्टैंड, दिल्ली नगर निगम के श्रीमति गिरधार लाल अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार के पास, दिल्ली सरकार के सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल बस स्टैंड के पास भरे हुए डस्टबिन आसानी से देखे जा सकते हैं। लोगों को कहना है कि डस्टबिन समय पर खाली नहीं किए जाते, जिससे बदबू, मच्छर और बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। लोगों का कहना है कि जब डस्टबिन ही खाली नहीं होंगे, तो वे कचरा डालें कहां?

### निगम की सफाई व्यवस्था नियमित नहीं

लोगों का कहना है कि यह स्थिति साफ तौर पर निगम की सफाई व्यवस्था और निगरानी तंत्र की पोल खोलती है। एक ओर निगम प्रशासन जिम्मेदारी नागरिकों पर डालकर पल्ला झाड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर अपनी बुनियादी जिम्मेदारी जैसे समय से डस्टबिनों की नियमित सफाई नहीं करने में नाकाम साबित हो रहा है। दिल्ली के जागरूक लोगों का कहना है कि क्या स्वच्छता सिर्फ अपीलों और नारों से आएगी, या फिर इसके लिए निगम को ज़मीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई भी करनी होगी। जब तक सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं होगी, तब तक 'स्वच्छ दिल्ली' का सपना केवल कागजों और भाषणों तक ही सीमित रह जाएगा।

## खबर संक्षेप

### अलग-अलग मामलों में तीन चोर गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस ने अलग-अलग मामलों में तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की 1 स्कूटी व 1 कैंटर बरामद किया हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना सारन में एक स्कूटी चोरी की शिकायत प्राप्त हुई थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा एवीटीएस-2 की टीम ने नीरज निवासी हरिजन बस्ती सेक्टर-31 फरीदाबाद को चोरी की स्कूटी सहित खेडीपुल शमशान घाट के पास से गिरफ्तार किया है।

### अवैध हथियार रखने के मामले में 5 आरोपी धराए



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की क्राईम ब्रांच की टीमों ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर 5 देसी कट्टे बरामद किए है। टीम ने भोला निवासी चंदीला को देशी कट्टा सहित टीम ने सोनू वासी गांव नामन गजादर सेक्टर-22 को देशी कट्टा सहित टीम ने प्रिन्स वासी गांव चान्दपर्सा जिला एसजीएम नगर को देसी कट्टा सहित सेक्टर-21 से गिरफ्तार किया है।

### सेवाओं में अग्रणी रहा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

**गुरुग्राम।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुरुग्राम द्वारा वर्ष 2025 के दौरान समाज के प्रत्येक वर्ग तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अनेक माध्यम अपनाए गए। निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता तथा पीड़ित प्रतिकर से संबंधित अनेक जनकल्याणकारी गतिविधियों का प्रभावी ढंग से संचालन किया गया। वार्षिक कार्य रिपोर्ट 2025 प्रस्तुत करते हुए डीएलएसए के सचिव राकेश कादयान ने बताया कि वर्ष 2025 के दौरान यौनकर्मियों, ट्रांसजेंडर समुदाय, जेल बंदियों, महिलाओं, विधवाओं, वरिष्ठ नागरिकों, समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों को करते हुए व्यापक स्तर पर विधिक जागरुकता शिविर लगाए गए।



---

नागरिकों को आवागमन में बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी

# मुजेसर अंडरपास और सोहना फ्लाईओवर के कार्य में लाए तेजी: विधायक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पं. मूलचंद शर्मा ने शुक्रवार को बल्लभगढ़ खंड स्तरीय लघु सचिवालय में सोहना फ्लाईओवर और मुजेसर अंडरपास के निर्माण कार्यों को लेकर विभिन्न विभागों के बीच तालमेल व आपसी समन्वय की समीक्षा बैठक की। बैठक में रेलवे, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, बिजली विभाग तथा नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने कहा कि दोनों परियोजनाएं मुख्यमंत्री की घोषणा के अंतर्गत हैं, इसलिए इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से शुरू कर निर्धारित समय में पूर्ण किया जाना चाहिए, ताकि नागरिकों को आवागमन में बेहतर सुविधाएं मिल सकें।



## गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए

अधिकारियों ने बताया कि ग्रेफ के कारण भी कार्य धीमा रहा है। अधिकारियों ने बैठक में आश्वासन दिया कि वह सभी मानकों और सरकार के द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार कार्य को निर्धारित समय में ही पूरा कराएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय समन्वय में किसी प्रकार की कमी न रहे और सभी आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूरी की जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण कार्यों के दौरान आमजन को होने वाली असुविधा को न्यूनतम रखा जाए तथा गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। इस समीक्षा बैठक में बल्लभगढ़ के एसडीएम मयंक भारद्वाज, रेलवे से कार्यकारी अभियंता रघुवीर, पीडब्ल्यूडी से कार्यकारी अभियंता सचिन, बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता जितेंद्र ढुल, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधीक्षण अभियंता संदीप दहिया, एफएमडीए से अधिकारी विशाल बंसल, भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा सहित संबंधित अन्य विभागों के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में शिकायत समीक्षा बैठक आयोजित

# समाधान शिविर की शिकायतों का प्राथमिकता से निवारण करें अधिकारी: उपायुक्त सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

उपायुक्त आयुष सिन्हा ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समाधान शिविर केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता और प्रशासन के बीच विश्वास को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है। डीसी आयुष सिन्हा शुक्रवार को लघु सचिवालय में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा वीसी के माध्यम से समाधान शिविर की समीक्षा बैठक के उपरांत आयोजित अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।




## वास्तविक लंबित मामलों पर प्रभावी ढंग से कार्य किया जाए

डीसी आयुष सिन्हा ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निवारण सुनिश्चित करें। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि शिकायत निवारण की प्रक्रिया में यह आवश्यक है कि शिकायतकर्ता समाधान से पूरी तरह संतुष्ट हो। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन शिकायतों का समाधान हो चुका है, उन्हें संबंधित पोर्टल से समय पर हटाया जाए ताकि पेंडेंसी का गलत आंकड़ा सामने न आए और वास्तविक लंबित मामलों पर प्रभावी ढंग से कार्य किया जा सके। डीसी आयुष सिन्हा ने कहा कि प्रत्येक विभाग में स्पष्ट जिम्मेदारी चार्ट तैयार किया जाए और संबंधित अधिकारियों को नाम सहित जिम्मेदारी सौंपी जाए ताकि जवाबदेही तय की जा सके। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी एक अधिकारी के स्थानांतरण या अनुपस्थिति से कार्य प्रभावित न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने विभाग से संबंधित सभी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की पूरी जानकारी रखें और उनकी प्रगति की नियमित समीक्षा करें। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायत निवारण केवल औपचारिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और प्रशासन तथा जनता के बीच विश्वास बढ़ाना है। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि कई बार शिकायतें बहु.विभागीय होती हैं, जिन्हें केवल एक विभाग ही हल नहीं कर सकता। ऐसे मामलों में संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना अत्यंत आवश्यक है।

## किए गए निवारणों की निगरानी करें

डीसी आयुष सिन्हा ने आमजन से अपील की कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सोमवार और वीरवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जिला स्तर पर लघु सचिवालय तथा उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में पहुंचकर इसका लाभ उठाएं। डीसी ने अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं समाधान शिविर से जुड़कर शिकायतों पर किए गए निवारण की नियमित मॉनिटरिंग कर रहे हैं। ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही, देरी या कोताही को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समीक्षा बैठक में डीसीपी उषा कुंडू, ननि एडिशनल कमिश्नर सलोनी शर्मा, एडीसी सतबीर मान, बड़खल एसडीएम त्रिलोक चंद, एसडीएम अंत कुमार, बल्लभगढ़ एसडीएम मयंक भारद्वाज, सीटीएम अंकित कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहें।

---

कल शहर में निकलेगा नगर कीर्तन

# गुरु सिंह सभा ने किया प्रचार रथ का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



सबसे पहले चार जनवरी 2026 को निकलने वाले विशाल नगर कीर्तन के लिए बनाया गया। प्रचार रथ जिसको मीटिंग में आए हुए विभिन्न गुरु के प्रधान एवं पदाधिकारी के साथ सम्मिलित होकर निशान साहिब दिखाकर प्रचार के लिए प्रचार रथ को रवाना किया गया अगले तीन दिन तक पूरे शहर के अंदर प्रचार करेगा। गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा इंद्रजीत सिंह ने बताया कि दशमेश पिता जिनको समाज द्वारा सरबन दानी कहा जाता है। पूरा परिवार पिता सहित अपने चारों बच्चों सहित कुर्बान कर दिए देश हिंदू धर्म समाज की रक्षा के लिए दशमेश पिता के द्वारा सिख धर्म की सर्जना की अपने बाद हम लोगों को हाजिर और नाजिर पिता गुरुग्रंथि साहब को नकमस्तक होने के लिए कहकर गए हैं।

---

ईएसआईसी की एसपीआरईई स्त्री योजना-2025 का विस्तार

# पंजीकरण के लिए नियोक्ताओं को एक और सुनहरा अवसर: सुनील यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने अपना सामजिक सुरक्षा दायरा बढ़ाने के लिए नियोक्ता एवं कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने के लिए जारी एसपीआरईई (स्त्री) योजना-2025 का विस्तार किया है। पहले यह योजना 31 दिसंबर, 2025 तक लागू की गई थी जिसे अब 31 जनवरी, 2026 तक विस्तारित किया गया है।

उप-क्षेत्रीय कार्यालय के प्रभारी सुनील यादव ने शुक्रवार को बताया कि इस अवधि के दौरान अपंजीकृत नियोक्ताओं को एक बार फिर से पंजीकरण का अवसर प्रदान किया जाएगा। नियोक्ता ईएसआईसी पोर्टल, श्रम सुविधा और एमसीए पोर्टल के माध्यम से अपनी इकाइयों और कर्मचारियों को डिजिटल रूप से पंजीकृत कर सकते है।

---

# आरडब्ल्यूए प्रोग्रेसिव सेक्टर-2 के शिष्टमंडल ने एचएसवीपी अधिकारियों से मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आरडब्ल्यूए प्रोग्रेसिव सेक्टर-2 के शिष्टमंडल ने शुक्रवार को सेक्टर 2 की समस्याओं के समाधान के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से मुलाकात की। संस्था के जनरल सेक्रेटरी वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने बताया कि सेक्टर-2 के निवासियों को जल आपूर्ति की गंभीर समस्या से जूझना पड़ रहा है। सेक्टर-2 में 9 नलकूपों में से पांच नलकूप खराब है।

जब सर्दियों में ही पानी का संकट बना हुआ है। तो गर्मियों में हालात और भी गंभीर हो जाएंगी। उन्होंने अधिकारियों से जल आपूर्ति की बहाली के लिए खराब नलकूपों को जल्दी ठीक करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सेक्टर-2 में सीनियर सिटीजन



क्लब का निर्माण करने के लिए संस्था ने 10 अक्टूबर को पत्र दिया था। लेकिन दो महीने का व्यतीत होने के बाद भी संपदा अधिकारी के कार्यालय ने इस पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं की। जबकि अधिकारियों को सेक्टर 2 में मकान नंबर 2480 के सामने खाली भूमि का विवरण भी दिया गया था। इसके बावजूद भी सीनियर सिटीजन क्लब बनाने के प्रस्ताव को आगे नहीं भेजा गया है। जिस पर शिष्टमंडल ने गहरी नाराजगी प्रकट की। इस बारे में शुक्रवार को फिर से संपदा अधिकारी को स्मरण पत्र दिया गया है। शिष्टमंडल में चैयरमेन हो रामजी दरोगा, प्रधान जगदीश चंद्र अधाना, कोषाध्यक्ष एस पी त्यागी, सह सचिव जगदीश प्रभाकर आदि उपस्थित रहे। शिष्टमंडल ने सेक्टर 2 में बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण करने और 30 बैड के हॉस्पिटल का अधूरा कार्य शीघ्र पूरा करने का मुद्दा भी उठाया। इसके साथ-साथ मकान नंबर 2747 से 2755 के आगे गंदे नाले को ढकने का मुद्दा भी उठाया। इस मुद्दे पर उपमंडल अधिकारी ने शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके साथ-साथ सेक्टर 2 की जर्जर सड़कों को ठीक करने और पार्कों का रंग रोगन और चारों तरफ से मिट्टी डलवाने का कार्य भी शीघ्र करने की मांग की गई।

---


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.PC. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **दिलशाद उर्फ बड़े, पुत्रः** निसार अहमद, **पताः** झुग्गी न. 128, ब्लॉक एच–2 मार्किट, जहांगीर पुरी, दिल्ली, ने **FIR No.: 307/2023, U/s: 25/54/59 Arms Act,** थानाः स्वरूप नगर, **दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **दिलशाद उर्फ बड़े,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **दिलशाद उर्फ बड़े,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 307/2023, U/s: 25/54/59 Arms Act,** थानाः स्वरूप नगर, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **दिलशाद उर्फ बड़े,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ज्योति नैन
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07
जिला उत्तर, कमरा न. 06, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/72/ON/2026
(Court Matter)


---

शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने के प्रयास

# गुरुग्राम ट्रैफिक पुलिस गलत दिशा में वाहन चलाने वालों पर केस दर्ज करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



नेशनल हाइवे और मुख्य सड़कों पर खतरनाक तरीके से गलत दिशा में वाहन चलाने वालों पर नए साल में गुरुग्राम यातायात पुलिस और अधिक सख्त हो गई है। अभी तक तो ऐसे वाहन चालकों के चालान काटे जाते थे, लेकिन अब पुलिस ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करेगी। पुलिस उपायुक्त यातायात डॉ. राजेश मोहन ने शुक्रवार को बताया कि शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने के पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। गुरुग्राम शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु, सुरक्षित एवं अनुशासित बनाए रखने के उद्देश्य से गुरुग्राम पुलिस ने अब एफआईआर प्रक्रिया को भी अपनाने जा रही है। गलत दिशा (रांग साइड) में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में अब गलत दिशा में ड्राइविंग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध केवल चालान ही नहीं, बल्कि केस भी दर्ज किया जाएगा।

---

# डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने शिक्षा मुहित के तहत दी जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

डेरा सच्चा सौदा मानवता भलाई केंद्र की गरीब बच्चों के लिए शिक्षा मुहिम के तहत डेरा सच्चा सौदा गुरुग्राम के सेवादारों ने गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी दी। कॉपी, पेंसिल, रबड़, शॉर्पनर, स्केल व चॉकलेट देकर उन्हें शिक्षा के लिए प्रेरित किया। पूज्य गुरु संत डा. राम रहीम सिंह जी इन्सां की पावन प्रेरणा से डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने बच्चों की शिक्षा में सहयोगी बनते हुए उन्हें स्टेशनरी का वितरण किया। सेवादारों ने कहा कि शिक्षा पर सबका अधिकार है। सुविधाओं, संसाधनों के अभाव में किसी को शिक्षा से वंचित नहीं रखा जा सकता। इसलिए डेरा सच्चा सौदा मानवता भलाई केंद्र ने इस बारे में भी मुहिम की शुरुआत कर रखी है। इस शुरुआत के तहत स्टेशनरी का सामान वितरित किया जाता है। शिक्षा हमारे समाज में व्यक्ति को आगे बढ़ने का एक माध्यम है। शिक्षित व्यक्ति ही खुद को आगे बढ़ा सकता है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका नांगल चौधरी | वार्ड नं. 13 में ढाणी कुम्भा वाली और ढाणी बाणिया वाली में शमशान घाट की चारदिवारी + 7 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.01.2026 | रु. 1,07,31,042/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812892869 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/41705/I/88/7 दि. 02.01.26


---


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82(2)(ii) Cr. P.C./ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बिलाल पुत्र** मोहम्मद यासीन **निवासः** दुकान नं. 4, खन्ना मार्केट, तीस हजारी, दिल्ली एवं दूसरा निवासः गाँव चमनवास, तहसील बनीहाल, थानाः बनीहाल, तहसील रामबन, जम्मू और कश्मीर ने **FIR No. 316/2017 U/s 338/34 IPC. थानाः सब्जी मण्डी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **बिलाल** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **बिलाल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 316/2017 U/s 338/34 IPC. थानाः सब्जी मण्डी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **बिलाल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
प्रीति राजोरिया
एलडी. जेएमएफसी-07, कमरा नं. 32
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/17406/N/2025
(Court Notice)


---

फाउंडेशन की ओर से शीतला माता मंदिर परिसर में की गई बैठक

# 15 मार्च को सामूहिक विवाह समारोह करेगा स्वास्तिक फाउंडेशन: बनवारी लाल सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

हर साल की तरह इस साल भी मार्च के महीने में स्वास्तिक फाउंडेशन की ओर से सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसे लेकर यहां शीतला माता मंदिर में अहम बैठक स्वास्तिक फाउंडेशन के संरक्षक बनवारी लाल सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सामूहिक विवाह समारोह की तारीख तय की गई।

बैठक में सभी पदाधिकारियों, सदस्यों के साथ मंत्रणा करने के बाद तय किया गया कि आगामी 15 मार्च 2026 रविवार को सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके लिए पंजीकरण तुरंत प्रभाव से शुरू कर दिए गए हैं। पंजीकरण के लिए फिलहाल संस्था की



वेबसाइट और वाट्सअप पर आवेदन लिए जा रहे हैं। वेबसाइट-डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट स्वास्तिक फाउंडेशनडॉटओआरजीडॉटइन से फार्म लेकर भरा जा सकता है। फार्म भरकर वाट्सअप नंबर 9711700550 पर भेजें। संरक्षक बनवारी लाल सैनी ने बताया कि स्वास्तिक फाउंडेशन हर साल गरीब बेटियों का विवाह समारोह आयोजित करती है। समाज में जो माता-पिता बेटियों के विवाह का खर्च वहन करने में असमर्थ होते हैं, उन बेटियों का विवाह फाउंडेशन का हर सदस्य अपने परिवार की बेटियों की तरह करने में अपना योगदान देता है। सर्व समाज को इसमें अहम योगदान रहता है। हर बेटी के हाथ पीले हों, हर बेटी का अच्छा घर बसे, अच्छा वर मिले, सबकी यही कामना होती है। जो परिवार अपने स्तर पर रिश्ते तय करके या फिर संस्था में पंजीकरण के बाद आपस में रिश्ते तय करते हैं।

---


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला सिटी में अक्षम अनुकूल जिला न्यायालय भवन को बनाना। | 31.12.2025 09.01.2026 | 68.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला सिटी में ज्यूडीशियरी मकान नं. डी-1 से डी-12 (12 अदद 440 वर्गफुट क्वार्टर्स) की मरम्मत और पुनरोद्धार + 4 कार्य। | 31.12.2025 06.01.2026 | 81.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में पॉली क्लीनिक, हुडा सेक्टर-3 में सिक्योरिटी फ्लड लाइट्स और पारम्परिक ट्यूब लाइट फिटिंग को बदलना और नये फायर अलार्म सिस्टम, सीसीटीवी सिस्टम का प्रावधान (ईआई आंतरिक की मरम्मत और नई विद्युत सामग्री का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 01.01.2026 07.01.2026 | 7.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में 4 अदद शौचालयों का निर्माण और 2 अदद लिफ्टों के प्रावधान द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुविधा के प्रावधान हेतु गणना-कच्चा लागत अनुमानित राशि रु. 66.06 लाख के माध्यम से एक प्रस्ताव पारित करके आयोजित माननीय बिल्डिंग कमेटी, हरियाणा की बैठक के मिनट्स (2 अदद लिफ्टों का प्रावधान केवल)। | 01.01.2026 07.01.2026 | 39.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज कैथल | रामथाली, ब्लॉक-सिवान, जिला-कैथल, आईपीबी गली मेन फिरनी का निर्माण + 2 कार्य। | 31.12.2025 06.01.2026 | 77.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | वर्ष 2025 के मॉनसून के पश्चात कैनाल कॉलोनी, हिसार रोड, सिरसा से जंगली वनस्पति / जंगल और मलबा ढेरियों को हटाना। | बंद होने की तिथि 05.01.2026 | 1.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761 xensrs.swd1925@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/160/41688/I/88/7 दि. 02.01.26

# अधिकारियों को निर्देश,बजट खर्च में तेजी लाएं, परियोजनाएं समय से पूरी हों

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वित्त विभाग की समीक्षा बैठक में बजट खर्च करने को लेकर अफसरों को निर्देश दिए साथ ही कहा कि हर स्तर पर एक-एक अधिकारी की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय हो।

एजेंसी ⏭ लखनऊ

**सीएम योगी ने की वित्त विभाग की समीक्षा**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह वित्तीय वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा विभिन्न विभागों को जारी बजट के व्यय को लेकर वित्त विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में वर्तमान वित्तीय वर्ष में विभागों के बजट प्राविधान के सापेक्ष शासन द्वारा जारी स्वीकृतियों, विभागाध्यक्ष द्वारा आवंटन, व्यय आदि की अद्धयावधिक प्रगति पर अधिक बजट प्राविधान वाले प्रमुख 20 विभागों का प्रस्तुतिकरण किया गया।



## हर अधिकारी की तय हो जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रमुख 20 विभागों के प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी प्रमुख विभाग के उच्च अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी विभाग समय से आवंटन बजट का इस्तेमाल करें ताकि परियोजनाएं और योजनाएं समय से पूरी हो सकें और प्रदेशवासी इन योजनाओं लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट को समय से खर्च करने के लिए अधिकारी निर्णय लेने का सामर्थ्य विकसित करें। उन्होंने कहा कि जिन विभागों में बजट व्यय की प्रगति धीमी है, वह इसमें तेजी लाएं। साथ ही बजट को समय से खर्च करने के लिए हर स्तर पर एक-एक अधिकारी की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय हो। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए सभी विभाग के अधिकारी तुंरत निर्णय लें। उन्होंने कहा कि निर्णय लेने में देरी से समय से बजट व्यय नहीं हो पाता है। ऐसे में निर्णय लेने में तेजी दिखाएं।

### केंद्र सरकार से बजट के लिए दिल्ली जाएं और पैरवी करें

सीएम ने कहा कि कुछ विभागों में बजट व्यय की प्रगति धीमी है। इसमें तेजी लाने के लिए विभागीय मंत्री और अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर हर माह बैठक करें। उन्होंने सभी प्रमुख 20 विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन विभागों को विभिन्न योजनाओं के लिए केंद्र सरकार से बजट जारी किया जाता है। इसके लिए विभाग के मंत्री, अपर मुख्य सचिव व प्रमुख सचिव दिल्ली जाकर केंद्र सरकार से बजट जारी करने के लिए पैरवी करें। इसके साथ ही केंद्र सरकार को पत्र लिखें और फोन से फालोअप करें। इसको लेकर मुख्य सचिव भी पहल करें।

## खबर संक्षेप

### भाजपा विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल का निधन



**बरेली।** फरीदपुर से भाजपा विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल का शुक्रवार को निधन हो गया। वह सर्किट हाउस में पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह की बैठक में मौजूद थे। बैठक के दौरान अचानक उनको हृदयाघात हुआ था। उन्हें उनके सहयोगियों ने आनन फानन मेडीसिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। तब तक उनकी हालत काफी बिगड़ चुकी थी। उन्हें बचाने के लिए सीपीआर समेत तमाम चिकित्सकीय प्रयास किए, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

### 12वीं तक के सभी स्कूल 5 जनवरी तक बंद रहेंगे



**लखनऊ।** सीएम योगी ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर ठंड को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बैठक में बढ़ती ठंड को लेकर अधिकारियों को निर्देश जारी किए। साथ ही चेतावनी भी दी कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि कड़ाके की ठंड के दौरान लोगों को राहत देने के लिए सभी रैन बसेरों में जरूरी सुविधाओं का पूरा इंतजाम होना चाहिए।

## कालाबाजारी पर योगी सरकार का 'डिजिटल प्रहार'

# डिपो से दुकान तक हर बोरी पर जीपीएस की नजर,बिचौलियों की भूमिका खत्म

योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए जीपीएस आधारित ट्रैकिंग सिस्टम लागू किया है। 5,000 से अधिक वाहनों पर जीपीएस लगाकर खाद्यान्न की चोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाई गई है। यह प्रणाली डिपो से दुकान तक हर बोरी की आवाजाही पर डिजिटल नजर रखती है। धान और मोटे अनाज की खरीद में भी पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है।

एजेंसी ⏭ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की दिशा में योगी आदित्यनाथ सरकार ने एक बड़ी तकनीकी क्रांति की है। प्रदेश में खाद्यान्न की चोरी, लीकेज और कालाबाजारी पर निर्णायक लगाम लगाने के लिए अब जीपीएस आधारित ट्रैकिंग सिस्टम को पूरी सप्लाई चेन का हिस्सा बना दिया गया है। 5,000 से अधिक वाहनों के माध्यम से अनाज डिपो से लेकर कोटेदार की दुकान तक होने वाली एक-एक बोरी की आवाजाही पर अब लखनऊ में बैठे अधिकारियों की डिजिटल नजर है।

सिंगल स्टेज 'डोर स्टेप डिलीवरी' मॉडल और रियल-टाइम मॉनिटरिंग के इस तालमेल ने न केवल बिचौलियों की भूमिका को समाप्त कर दिया है, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया है कि गरीबों के हक का राशन रास्ते में डाइवर्ट न हो सके। खरीफ सत्र 2025-26 के तहत धान और मोटे अनाज की खरीद में भी इसी पारदर्शिता को अपनाते हुए हजारों वाहनों को जीपीएस कवच से लैस किया गया है, जिससे यूपी की जन वितरण प्रणाली अब देश के लिए एक डिजिटल रोल मॉडल बनकर उभरी है।

### डिजिटल निगरानी से खत्म हुई कालाबाजारी



प्रदेश में खाद्यान्न के उठान कार्यों में लगे 5000 से अधिक वाहनों में जीपीएस डिवाइस इंस्टाल की जा चुकी है। इससे भारतीय खाद्य निगम के डिपो से उचित दर दुकानों तक होने वाला पूरा परिवहन रियल टाइम ट्रैक किया जा रहा है। वाहन कहां से चला, कहां रुका और तय समय में गंतव्य तक पहुंचा या नहीं, हर जानकारी कंट्रोल सिस्टम में दर्ज हो रही है।

### सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी से सिस्टम हुआ मजबूत

प्रदेश में सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी मॉडल लागू किया गया है। इसके तहत एफसीआई के डिपो से सीधे उचित दर विक्रेताओं की दुकानों तक खाद्यान्न पहुंचाया जा रहा है। यह पूरा कार्य ई-टेंडर के माध्यम से नियुक्त ठेकेदारों से कराया जा रहा है जिससे मानवीय हस्तक्षेप कम हुआ है और जवाबदेही तय हुई है। जीपीएस ट्रैकिंग के साथ यह मॉडल जनवितरण प्रणाली में पारदर्शिता की रीढ़ बन गया है।

### धान और मोटे अनाज की खरीद में भी सख्ती

*खरीफ विपणन सत्र 2025-26 में धान खरीद के दौरान भी जीपीएसट्रैकिंग व्यवस्था को अनिवार्य किया गया है। प्रदेश के सभी जनपदों में क्रय केन्द्रों से राइसमिलों तक धान परिवहन में प्रयुक्त 3773 वाहनों में जीपीएस डिवाइस इंस्टाल की गई है। इसके अलावा मोटे अनाज मक्का, ज्वार और बाजरा के परिवहन के लिए 1428 वाहनों को भी जीपीएस से जोड़ा गया है। इससे सरकारी खरीद से लेकर भंडारण डिपो तक की पूरी सप्लाई चेन पारदर्शी हो गई है।*

### निर्बाध व सुरक्षित वितरण प्रणाली का निर्माण

प्रदेश में चयनित लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2025-26 में अभी तक कुल 8.03 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न व मोटे अनाजों का आवंटन किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अंत्योदय लाभार्थियों के लिए 36850.35 मीट्रिक टन चीनी का आवंटन किया जा चुका है। जीपीएस ट्रैकिंग व्यवस्था से यह सुनिश्चित हो रहा है कि खाद्यान्न बिना चोरी, बिना कटौती व सही समय पर लाभार्थियों तक पहुंचे। योगी सरकार का स्पष्ट संदेश है कि सरकारी खाद्यान्न अब रास्ते में गायब नहीं होगा। तकनीक के सहारे निगरानी, जवाबदेही और पारदर्शिता ने यह साबित कर दिया है कि मजबूत इच्छाशक्ति और स्मार्ट सिस्टम से खाद्यान्न चोरी जैसे पुराने संकट को जड़ से खत्म किया जा सकता है।

## नए साल पर अचानक जेडीयू ऑफिस पहुंचे सीएम

# कार्यकताओं को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं

एजेंसी ⏭ पटना



जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सीएम नीतीश कुमार शुक्रवार को नए साल पर अचानक पटना स्थित पार्टी दफ्तर पहुंचे। इस दौरान पार्टी का सदस्यता अभियान बेहतर ढंग से चलाने को कहा। वे जदयू प्रदेश दफ्तर में सदस्यता अभियान 2025-28 को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में शामिल हुए। नीतीश कुमार ने वर्चुअल माध्यम से जुड़े पार्टी नेताओं का कुशलक्षेम जाना और सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

### पार्टी संगठन की गतिविधियों की जानकारी ली

इससे पहले सीएम के अप्रत्याशित दौरे से पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच हलचल तेज हो गई। कार्यालय पहुंचते ही नीतीश अपने चैंबर में गए। जहां पार्टी संगठन की गतिविधियों की जानकारी ली।इस दौरान नीतीश कुमार के साथ जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, बिहार सरकार में मंत्री विजय चौधरी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने जदयू कार्यालय का निरीक्षण किया।

## किशनगंज में एनआईए की छापेमारी, 2 लोग गिरफ्तार

पीएफआई के पूर्व बिहार चीफ की गिरफ्तारी के बाद छापा

एजेंसी ⏭ किशनगंज

प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के पूर्व बिहार अध्यक्ष महबूब आलम नदवी की गिरफ्तारी के बाद किशनगंज में जांच एजेंसियों की सक्रियता लगातार बनी हुई है। भारत विरोधी गतिविधियों से जुड़े इनपुट मिलने के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीम शुक्रवार को चौथी बार किशनगंज पहुंची और सदर थाना में दो संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। एनआईए की कार्रवाई को पूरी तरह गोपनीय रखा गया है। शुक्रवार को दिल्ली से पहुंची एनआईए की दो सदस्यीय टीम सीधे किशनगंज सदर थाना पहुंची। यहां पहले से नोटिस दिए गए दो लोगों को थाना बुलाया गया, जिनसे पीएफआई से कथित संबंध और देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता को लेकर पूछताछ की गई।

## पेज एक का शेष

### विश्व शक्ति की ...

कि विश्व शक्ति की सुनता है और संघ संपूर्ण समाज को साथ लेकर धर्म की रक्षा करते हुए देश को नया रास्ता दिखाता है।

उन्होंने कहा कि संघ अपने जन्म से ही लक्ष्य लेकर चल रहा है कि अपने धर्म-संस्कृति का संरक्षण कर, अपने भारत को परम वैभव पर लेकर जाना है। उन्होंने कहा कि कोई भी देश संपूर्ण समाज के योगदान से ही बड़ा होता है। नेता, नीति और व्यवस्था, ये सब तब सहायक होते हैं जब समाज गुणसम्पन्न होता है। भारत का युवा जाग गया है, वह अपने देश को समर्थ बनाना चाहता है। संघ युवाओं से आह्वान करता है कि वे संघ की शाखा में आएं या फिर संघ की योजना से चल रहे अपने रुचि के कार्य में जुड़कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि यदि हमें देश के लिए कुछ करना है तो इस मार्ग में हमें गुणों को धारण करना होगा और अहंकार एवं स्वार्थ छोड़ने होंगे। दुनिया में संघ ने ही एकमात्र ऐसी पद्धति दी है, जो अच्छी आदतें विकसित करती है। दुनिया में कहीं दूसरी पद्धति नहीं है व्यक्ति निर्माण की। उन्होंने कहा कि संघ की शाखा देशभक्ति सिखाती है। यदि इसका अनुभव लेना है और उद्देश्य को जीना है तो शाखा एकमात्र जगह है। यहां कोई बंधन नहीं है। संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा कि हम कई बार असुरक्षा और चिंता के साथ जीते है। लेकिन इसकी बजाए हमें भयमुक्त होकर जीना चाहिए। स्वयं से पहले देश को रखना चाहिए। अपने विकास से देश और परिवार प्रगति कर रहा है कि नहीं यह सोचना चाहिए। युवाओं को ही देश बनाना है और वे हर बात में आगे भी आते हैं। उन्होंने कहा कि जब आप देश की बात करते हैं तो प्रश्नों के जवाब देने होंगे और उसके लिए योग्यता लाना पड़ेगी। संघ में आकर तैयार होना पड़ेगा। मैं युवाओं से आहवान करता हूं कि वे आएं और संघ का अनुभव लें। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रमुख दीपक विस्पुते और भोपाल करुणाधाम आश्रम के प्रमुख सुदेश शांडिल्य ने युवाओं को संबोधित किया। इस अवसर पर मंच पर मध्यभारत प्रांत के सह संघचालक डॉ. राजेश सेठी उपस्थित रहे।

### हमें एआई को ....

हमें ऐसे युवाओं का निर्माण करना है जो एआई या अन्य तकनीक का उपयोग देश हित में करें।

### आतंकवाद फैलाने ....

ने 2 जनवरी को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के युवा छात्रों से बातचीत में दी है। इस अवसर पर उन्होंने आईआईटी-एम ग्लोबल रिसर्च फाउंडेशन को भी लांच किया। जो संस्थान की एक ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय पहल है और इसका उद्देश्य आईआईटी मद्रास को शिक्षा, शोध, नवाचार और आंत्रप्रेन्योरशिप के क्षेत्र में ग्लोबल नेटवर्क हब बनाने का है।

**भारत की सोच 'वसुधैव कुटुंबकम':** जयशंकर ने कहा कि जो देश घरेलू स्तर पर आगे बढ़ते हुए बाकी विश्व से जुड़ रहे हैं। वह वैश्विक माहौल को एक प्रकार से अपने लाभ में योगदान देने के लिए न केवल इस्तेमाल कर पा रहे हैं। बल्कि उससे लाभ भी कमा रहे हैं। जब हम वसुधैव कुटुंबकम की बात करते हैं। तो हम दुनिया को दुश्मन या अहितकारी जगह के रूप में नहीं देखते हैं। जिससे हमें रक्षात्मक रूप से अपनी सुरक्षा करनी पड़ेगी। संसाधनों को लेकर हमारी बाध्यताएं हैं। सीमित संसाधनों के साथ आप कैसे अधिकतम प्रभाव ला सकते हैं? यही सचमुच की समस्या है, जिसका हमें समाधान निकालना है।

**अरुणाचल को बताया अभिन्न अंग:** उन्होंने अरुणाचल की एक महिला के साथ शंघाई हवाईअड्डे पर हुई घटना को लेकर चीन के संदर्भ में कहा कि अरुणाचल-प्रदेश भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। इस तरह की कोई तिकड़म भिड़ाकर जमीनी स्थिति को बदला नहीं जा सकता है। भारत बिना किसी दबाव के अपने लोगों और उनकी सुरक्षा की रक्षा करेगा। भारत की विदेश नीति और कूटनीति में हम समस्या का समाधान ही निकालते हैं। जिसमें कुछ हद तक प्रतिस्पर्धा और ताकत के साथ बाकी संस्थानों, संभावनाओं पर ध्यान दिया जाता है।

### अपनी सभ्यता ...

परंपरा और विरासत पर गर्व करते हैं। मुझे इसे लेकर कोई कारण समझ नहीं आता कि हमें ऐसा क्यों नहीं करना चाहिए? उन्होंने कहा कि वर्तमान में कुछ एकाध ही प्राचीन सभ्यताएं हैं, जो न केवल आज तक सुरक्षित हैं। बल्कि बड़े आधुनिक देश बनने की ओर अग्रसर हैं। भारत भी उनमें से एक है। हमारे पास अपने भूतकाल को लेकर एक समझ है। जो कुछ देशों के पास ही है। हमारा ही निर्णय था कि हमने लोकतांत्रिक राजनीतिक मॉडल को चुना। जो लोकतंत्र के मामले में एक वैश्विक राजनीतिक विचार के रूप में उभरा। लेकिन पश्चिम के साथ साझेदारी भी महत्वपूर्ण है। इसी से हम विश्व को आकार दे सकते हैं।

### न्यूयॉर्क के मेयर...

उन्होंने अपने हाथ से एक पत्र लिखकर उसके प्रति अपना समर्थन जताया है। जबकि अमेरिकी सांसदों ने वाशिंगटन डीसी में मौजूद भारत के राजदूत विनय क्वात्रा को पत्र लिखकर उमर खालिद के प्रति अपने समर्थन के साथ ही नई दिल्ली से मामले की सुनवाई अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप करने का अनुरोध किया है। बिना तारीख वाले न्यूयॉर्क के मेयर के इस पत्र को खालिद की पार्टनर बानोज्योत्सना लाहिड़ी ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए साझा किया है। दरअसल ये वो मौका था जब जोहरान ममदानी ने न्यूयॉर्क के मेयर के रूप में शपथ ली थी। बताते चलें कि उमर खालिद को दिल्ली दंगों को भड़काने के लिए साजिश रचने के मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम यानी यूएपीए के तहत आरोपी बनाया गया है। दंगों के दौरान करीब 53 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि 700 से अधिक घायल हुए थे।

**सांसदों ने की जमानत देने की मांग:** अमेरिकी सांसदों के समूह ने भारत के राजदूत विनय क्वात्रा को पत्र लिखकर उमर खालिद को जमानत देने का आग्रह किया है। इसके अलावा उन्होंने दिल्ली दंगों के संबंध में भारत में चल रहे मुकदमे के दौरान अंतरराष्ट्रीय कानूनों के हिसाब से निष्पक्ष और समयबद्ध सुनवाई करने की मांग भी की है। 8 अमेरिकी सांसदों में जिम मैकगोर्वन और जेमी रस्किन शामिल हैं। जिन्होंने राजदूत क्वात्रा के समक्ष चिंता जताते हुए पत्र के माध्यम से ये भी कहा है कि हमारी ओर से 2020 के दंगों के मामले को लेकर जांच शुरू होने से पहले की गई व्यक्तिगत गिरफ्तारी को लेकर चिंता जताई गई है। जिसमें खालिद भी शामिल है। भारत और अमेरिका दीर्घावधि सामरिक साझेदारी को साझा करते हैं। जिसकी जड़ें लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक प्रशासन और दोनों देशों के लोगों के बीच मजबूत संबंधों की बुनियाद पर टिकी हुई हैं।

**अस्थायी जमानत का किया स्वागत:** अमेरिका के सांसदों ने दोनों को दुनिया के दो बड़े लोकतांत्रिक देश होने के नाते कहा कि हमारा हित स्वतंत्रता, नियम-कानून के शासन, मानवाधिकारों की रक्षा और बहुपक्षवाद को सुरक्षित रखने में है। इसी के तहत हमने अपनी चिंताओं को जाहिर किया है। उन्होंने दावा किया कि मानवाधिकार संगठन, कानूनी विशेषज्ञ और वैश्विक मीडिया ने भी मामले में साफ-सुथरी जांच और खालिद की गिरफ्तारी से जुड़ी न्यायिक प्रक्रिया के विषय में सवाल उठाए हैं। सांसदों ने कहा कि वो इस बात को समझते हैं कि वर्तमान में ये मामला भारत के सुप्रीम कोर्ट के समक्ष विचाराधीन है। उमर खालिद को उसकी बहन के शादी समारोह में शिरकत करने के लिए प्रदान की गई अस्थायी जमानत का अमेरिका के सांसदों ने स्वागत किया है।

### पिता ने बताया ....

करीब आधे घंटे तक उनसे बातचीत हुई। उन्होंने खालिद की गिरफ्तारी और मामले से जुड़े तमाम घटनाक्रमों के बारे हमसे पूछा। साथ ही कहा कि वो भी इस मामले पर नजर बनाए हुए हैं। जोहरान ने कहा कि मैंने जेल से लिखे हुए खालिद के पत्रों को पढ़ा है। वहीं, खालिद के समर्थन वाले अपने पत्र में ममदानी ने लिखा, प्रिय उमर, मैं जब भी तुम्हारी कड़वाहट भरी बातों के बारे में विचार करता हूं, जिसमें उन्हें अपने ऊपर न हावी देना महत्वपूर्ण है। तुम्हारे माता-पिता से मिलकर खुशी हुई। हम सभी तुम्हारे बारे में सोचते हैं।

### इंदौर में दूषित...

लिए तरस रहे हैं। खड़गे ने आरोप लगाया कि भाजपा के 11 साल के शासन में केवल भाषण, खोखले दावे और "डबल इंजन" की बातें हुई हैं, जबकि जमीनी हकीकत इसके उलट है। उन्होंने यह भी कहा कि जल जीवन मिशन सहित सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार और धांधली व्याप्त है।

### सरकार अहंकारी...

आपूर्ति क्यों नहीं रोकी गई, सीवर का पानी पीने की सप्लाई में कैसे मिला और जिम्मेदार अधिकारियों व नेताओं पर कार्रवाई कब होगी। उन्होंने कहा कि साफ पानी कोई एहसान नहीं, बल्कि नागरिकों का मौलिक अधिकार है। इस अधिकार के हनन के लिए भाजपा का "डबल इंजन" और लापरवाह प्रशासन जिम्मेदार है। राहुल गांधी ने मध्यप्रदेश को कुप्रशासन का "एपिसेंटर" बताते हुए कहा कि कभी खांसी की सिरप से मौतें, कभी अस्पतालों में अव्यवस्था और अब दूषित पानी से जान जाना, सरकार की विफलता को उजागर करता है। कांग्रेस नेताओं के बयानों के बाद इंदौर की इस घटना ने राज्य और केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, जबकि अब तक जिम्मेदारी तय करने और ठोस कार्रवाई को लेकर कोई स्पष्ट जवाब सामने नहीं आया है।

### समाधान शिविरों में ....

का पूर्ण समाधान नहीं हो जाता, तब तक उसे जिला स्तर पर पेंडिंग रखा जाए। बैठक में बताया गया कि जुलाई 2025 से दिसंबर 2025 तक पिछले छह महीनों में कुल 17,699 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। समाधान शिविरों में तय समय सीमा में हल की गई शिकायतों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में भी समाधान शिविरों में आने वाली सभी शिकायतों का तय समय सीमा में निपटान सुनिश्चित करें। प्रदेश के सभी जिला उपायुक्त और उप-मंडल अधिकारी (नागरिक) कार्यालयों में प्रत्येक सप्ताह सोमवार और वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिनमें नागरिक अपनी समस्याओं से संबंधित शिकायतें दर्ज करवा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में प्राप्त सभी शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिविरों में आने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए। यदि समाधान शिविरों में किसी भी स्तर पर अधिकारियों द्वारा लापरवाही पाई गई, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिला अम्बाला के एक गांव में पानी की निकासी से संबंधित समाधान शिविर में प्राप्त शिकायत पर संज्ञान लेते हुए जिला उपायुक्त अम्बाला को इस समस्या के शीघ्र समाधान के लिए एक समिति गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि इस समिति में संबंधित विभाग के एक्सईएन, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) तथा मार्केट कमेटी का एक कर्मचारी शामिल किया जाए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार, मुख्यमंत्री के ओएसडी विवेक कालिया, बी.बी. भारती सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### भारतीय फार्माकोपिया को ...

जिससे विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के तहत उपयोग की जाने वाली दवाओं का व्यापक मानकीकरण सुनिश्चित होता है। उन्होंने कहा कि 'हाल के वर्षों में, भारतीय फार्माकोपिया के मानकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी स्वीकृति मिली है क्योंकि यह भारत सरकार की स्वास्थ्य कूटनीति के अंतर्गत एक प्रमुख एजेंडा बन गया है।' उन्होंने कहा कि भारतीय फार्माकोपिया को अब वैश्विक दक्षिण के 19 देशों में मान्यता प्राप्त है।

नड्डा ने भारतीय फार्माकोपिया आयोग (आईपीसी) के अंतर्गत भारत के फार्माकोविजिलेंस कार्यक्रम (पीवीपी) की उल्लेखनीय प्रगति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्ष 2009-2014 के दौरान विश्व स्वास्थ्य संगठन के फार्माकोविजिलेंस डेटाबेस में योगदान में भारत वैश्विक स्तर पर 123वें स्थान पर था, लेकिन वर्ष 2025 में यह 8वें स्थान पर पहुंच गया है। आईपीसी और पीवीपी टीम की सराहना करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि यह उपलबधि मजबूत फार्माकोविजिलेंस प्रणाली रोगी सुरक्षा, गुणवत्ता आश्वासन और सुदृढ़ नियामक निगरानी के प्रति भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलीला श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय फार्माकोपिया 2026 का प्रकाशन भारत के औषध नियामक तंत्र को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम में औषधि नियंत्रक जनरल डॉ. राजीव सिंह रघुवंशी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव हर्ष मंगला, भारतीय फार्माकोपिया आयोग के सचिव-सह-वैज्ञानिक निदेशक डॉ. वी. कलैसेल्वन और अन्य विशेषज्ञ भी उपस्थित थे।

### पीएम मोदी करेंगे ....

ध्यान में रखकर तय किया गया है। किराया फ्लाइट की तुलना में भी काफी कम होगा। उन्होंने कहा कि ट्रेन अगले 15-20 दिनों में चलना शुरू हो जाएगी, शायद 18 जनवरी के आसपास, क्योंकि प्रधानमंत्री को इसके लिए अनुरोध भेजा गया है। उन्होंने इस डेवलपमेंट को देश के लिए एक बड़ा मील का पत्थर बताया। वैष्णव ने कहा कि गुवाहाटी और कोलकाता के बीच 16 कोच वाली ट्रेन की क्षमता 823 यात्रियों की है और इसकी डिजाइन स्पीड 180 किलोमीटर प्रति घंटा है।

### थर्ड एसी और ....

किराए में लगभग ढाई गुना का अंतर होता है, जबकि स्लीपर वंदे भारत ट्रेन में यह अंतर तकरीबन डेढ़ गुना के आसपास ही होने वाला है। ऐसे में यात्रियों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

### पाकिस्तानी आतंकवाद को ...

पाकिस्तान की जमीन से आने वाले आतंकवाद के समूल नाश के लिए सबसे उपयुक्त बताते हुए भारत से सहयोग करने का अनुरोध किया है। साथ ही उन्होंने आगामी कुछ महीनों में बलूचिस्तान में चीन द्वारा अपनी सैन्य टुकड़ियां तैनात करने को लेकर भी खतरा जताया है।

**अनोखे अंदाज में दी नववर्ष की बधाई:** उन्होंने अपने पत्र में भारतीयों को बेहद अलग अंदाज में नए साल की बधाई देते हुए कहा कि हम बलूचिस्तान के छह करोड़ देशभक्त लोगों की ओर से भारत के 140 करोड़ लोगों, संसद के दोनों सदनों, मीडिया, नागरिक समाज और सभी सम्मानित व्यक्तियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई देते हैं। ये शुभ अवसर भारत, बलूचिस्तान को सदियों से जोड़ने वाले गहन ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, वाणिज्यिक, राजनयिक, रक्षा और बहुआयामी संबंधों पर विचार करने और उनका जश्न मनाने का अवसर प्रदान करता है। दोनों के अटूट संबंधों का उदाहरण हिंगलाज माता मंदिर (नानी मंदिर) जैसे पवित्र स्थल हैं। जो हमारी साझा विरासत और आध्यात्मिक संबंधों के शाश्वत प्रतीक हैं।

### भारत को दिया ....

आसन्न हैं। इस लिहाज से हमारे द्विपक्षीय संबंध भी उतने ही ठोस और कार्यवाही, योग्य होनी चाहिए। उन्होंने अपने पत्र को एक्स पोस्ट में साझा भी किया है, जिसमें डॉ.जयशंकर को कहा, हम बलूच लोगों की ओर से शांति, समृद्धि, विकास, व्यापार, रक्षा-सुरक्षा, भविष्य की ऊर्जा चुनौतियों और छिपे हुए खतरों को कम करने के साथ ही मित्रता, विश्वास और पारस्परिक हितों को बढ़ावा देने में भारत और उसकी सरकार के प्रति अपने अटूट समर्थन की पुष्टि करते हैं। ठोस और पारस्परिक सहयोग को अपनाना समय की मांग है।

### बलूचिस्तान में तैनात ....

नहीं किया गया। पुरानी परंपराओं के हिसाब से उनकी अनदेखी की जाती रही तो ये संभव है कि चीन कुछ ही महीनों में बलूचिस्तान में अपनी सैन्य टुकड़ियों को तैनात कर दे। बलूचिस्तान के 6 करोड़ लोगों की इच्छा के विरूद्ध हमारी धरती पर चीन के सैनिकों की मौजूदगी भारत और बलूचिस्तान दोनों के भविष्य के लिए एक अकल्पनीय खतरा और चुनौती होगी। हम दोनों महान राष्ट्रों के बीच मजबूत सहयोग की आशा करते हैं।



## बॉर्डर 2 का 'घर कब आओगे' गीत रिलीज, गायकों ने जीता दिल

**मुंबई।** फैंस का इंतजार खत्म हुआ और 'बॉर्डर 2' का मच अवेटेड गाना 'घर कब आओगे'शुक्रवार को रिलीज हो गया है। 'घर कब आओगे' फिल्म बॉर्डर के लोकप्रिय गीत 'संदेसे आते हैं'का री-क्रिएटेड वर्जन है। जिसे उसी धुन के साथ नए अंदाज और लिरिक्स में पेश किया गया है। जावेद अख्तर द्वारा लिखित और अनु मलिक के संगीत से सजे 'संदेसे आते हैं'के इस नए वर्जन को मनोज मुंतशिर ने लिखा है। जबकि संगीत मिथुन का है। पिछली बार इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था। लेकिन, इस बारे गाने में दो नहीं, बल्कि चार गायकों की आवाज है। इस बारे गाने को सोनू निगम के साथ अरिजीत सिंह, दिलजीत दोसांझ और विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। इन चारों की आवाज में इस गाने को सुनकर फैंस उत्साहित हैं। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म में सनी देओल के साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। जबकि मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा भी फिल्म में अहम किरदारों में दिखाई देंगे।

लाइफ Style



## कृति नहीं लेती बॉक्स ऑफिस नंबर्स का दबाव

कृति सेनन अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' को लेकर चर्चाओं में हैं। 'तेरे इश्क में'की सफलता के बाद अब 'कॉकटेल 2' पर भी अच्छे प्रदर्शन का दबाव है। कृति सेनन बॉलीवुड में अपने करियर के 11 साल पूरे कर चुकी हैं। इन 11 साल में कृति कई बड़ी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। साथ ही उन्होंने कई हिट फिल्में भी दी हैं। उनकी आखिरी रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। वहीं फिल्म में उनके अभिनय की भी काफी तारीफ हुई।

एजेंसी ⏭ मुंबई

कृति नए साल में अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' के साथ प्रवेश कर रही हैं। यह उनकी 20वीं फिल्म भी है। इस मौके पर कृति ने 'कॉकटेल 2' को लेकर बात की और साथ ही बताया कि क्या फिल्मों की सफलता उनके ऊपर दबाव डालती है या नहीं। कृति ने बॉक्स ऑफिस नंबर के प्रेशर के बारे में बात की। एक फिल्म की सफलता क्या दूसरी फिल्म के बॉक्स ऑफिस नंबर के आंकड़ों को लेकर दबाव बनाती है? अभिनेत्री ने कहा कि वो अपने ऊपर किसी भी तरह का दबाव नहीं लेती है। हर फिल्म अलग होती है, आप यह उम्मीद नहीं कर सकते कि हर फिल्म एक ही तरह के दर्शकों को आकर्षित करेगी। कॉकटेल 2 के दर्शक, तेरे इश्क में से बिल्कुल अलग हैं। आप बस कड़ी मेहनत और पूरी ईमानदारी से काम कर सकते हैं। आपको हर फिल्म में अपना सर्वश्रेष्ठ देना होता है। इसके अलावा बाकी सब हमारे हाथ में नहीं है, क्योंकि बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की सफलता को प्रभावित करने वाले कई और कारण भी होते हैं। इसलिए मैं वह दबाव नहीं लेना चाहती। मैं अपने फिल्म निर्माताओं पर भी वह दबाव नहीं डालती। बल्कि, मैं बस इस प्रक्रिया का आनंद लेती हूं। मैं उत्साहित हूं। इससे पहले एक इंटरव्यू में बात करते हुए कृति ने कॉकटेल 2 के बारे में बताया था कि 'कॉकटेल 2 बिल्कुल सही समय पर बनी। मुझे इसकी बहुत चाह थी।

### हॉलीवुड मसाला



## पिता बनने का साझा किया अनुभव

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के 'लोकी' के नाम से दुनियाभर में पहचान बना चुके टॉम हिडलस्टन एक बार फिर पिता बन गए हैं। नए साल की शुरुआत उनके लिए बेहद खास रही। टॉम हिडलस्टन और उनकी पार्टनर और अभिनेत्री जावे एश्टन ने अपने दूसरे बच्चे का स्वागत किया है। टॉम हिडलस्टन ने पिता बनने के एहसास को शब्दों में बयां करते हुए कहा कि यह अनुभव ऐसा है, जिसे महसूस किए बिना समझा नहीं जा सकता। उनके मुताबिक, यह पल न सिर्फ भावनात्मक है, बल्कि इंसान की पूरी सोच और जिंदगी को नई दिशा दे देता है। हालांकि, कपल ने अपने बच्चे के नाम और जेंडर को लेकर फिलहाल कोई जानकारी साझा नहीं की है। दोनों हमेशा से अपनी निजी जिंदगी को लाइमलाइट से दूर रखने के लिए जाने जाते रहे हैं।




## ओशन्स 11 गैंग की 19 साल बाद वापसी

**लॉस एंजिल्स।** 'ओशन्स' फिल्म फ्रेंचाइजी के फैंस के लिए खुशखबरी है। जॉर्ज क्लूनी ने खुलासा किया है कि वह सीरीज की चौथी फिल्म की तैयारी में हैं। एक बार फिर से ब्रैड पिट, मैट डेमन और जूलिया रॉबर्ट्स संग बाकी टीम लौटेगी। उन्होंने फिल्म के प्लॉट को लेकर भी हिंट दिया है। जॉर्ज क्लूनी, ब्रैड पिट, मैट डेमन, जूलिया रॉबर्ट्स जैसे दिग्गज सितारों से सजी 'ओशन सीरीज' की तीनों फिल्में आज करीब दो दशक बाद भी दर्शकों की फेवरेट हैं। साल 2001 में आई 'ओशन्स 11', 2004 में रिलीज ओशन्स 12 और 2007 में आई ओशन्स 13', वो फिल्में साबित हुईं, जिन्होंने बड़े पर्दे हाइस्ट जॉनर को पॉपुलर बनाया। इन फिल्मों का असर सिर्फ हॉलीवुड में ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में हुआ। आज भी दुनिया के किसी कोने में 'हाइस्ट' यानी लूट पर कोई फिल्म या सीरीज बनती है, तो उसमें 'ओशन सीरीज' का असर दिखता है। खुशखबरी यह है कि अब सुपरस्टार्स की फौज और शानदार चोरियों का दौर फिर से लौट रहा है। जी हां, फिल्म में लुटेरों की टीम के लीडर डैनी ओशन का किरदार निभाने वाले जॉर्ज क्लूनी ने इस ओर इशारा किया है।



## अक्षय के साथ पहली बार स्क्रीन साझा करेंगी रानी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड' की नई फिल्म को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अक्षय पहली बार रानी मुखर्जी के साथ काम करने जा रहे हैं। बॉलीवुड की चर्चित फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड'एक बार फिर बड़े स्तर पर वापसी करने की तैयारी में है। फ्रेंचाइजी की नई फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच पहले से ही उत्सुकता बनी हुई थी और अब इस प्रोजेक्ट से जुड़ी एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार अक्षय कुमार के साथ रानी मुखर्जी मुख्य भूमिका में नजर आ सकती हैं। अगर यह खबर पुख्ता होती है, तो यह दोनों कलाकारों की पहली ऑन-स्क्रीन जोड़ी होगी, जिसे लेकर फिल्म इंडस्ट्री में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि 'ओह माई गॉड' इस समय प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है और फिल्म की शूटिंग 2026 के मई से शुरू होने की योजना है।



## 40 की उम्र में फिर प्यार में पड़ीं कीर्ति

**मुंबई।** नए साल के मौके पर 1 जनवरी की देर रात कीर्ति कुल्हारी ने अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए अपने रिलेशनशिप को ओपेन किया है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक रील शेयर की है, जिसमें कई अलग-अलग फोटोज हैं। इन फोटोज में कीर्ति कुल्हारी अभिनेता राजीव सिद्धार्थ के साथ नजर आ रही हैं। इस रील में राजीव और कीर्ति की कई रोमांटिक तस्वीरें भी हैं। इस रील के साथ ही कीर्ति ने राजीव सिद्धार्थ के साथ अपने रिश्ते को आधिकारिक कर दिया है। कीर्ति ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'एक तस्वीर हजार शब्दों के बराबर होती है। सभी को 2026 मुबारक हो।'आजकल किसी भी रिलेशनशिप के सामने आते ही पार्टनर्स के बीच उम्र का फासला जानने के लिए भी फैंस उत्साहित रहते हैं। इसी तरह राजीव सिद्धार्थ और कीर्ति कुल्हारी के बीच के उम्र के फासले को लेकर भी फैंस उत्साहित हैं।

### टीवी मसाला



## शार्क टैंक इंडिया सीजन 5 में दिखेंगे नए आइडियाज

**नई दिल्ली।** छोटे पर्दे पर मचअवेटेड स्टार्टअप्स शो 'शार्क टैंक इंडिया' सीजन 5 एक बार फिर सोनी टीवी पर वापसी कर रहा है। शो से जुड़े कई प्रोमो सामने आए हैं, जिसमें नए उद्यमियों को अपना आइडिया जजों के सामने पेश करते हुए दिखाया गया है। शो का पहला सीजन साल 2021 में आया था, जिसमें 700 से ज्यादा नई डील्स को लॉक किया गया था, लेकिन अब पांचवें सीजन के साथ 6 नए जज और नए आइडिया शो में दिखने वाले हैं। ये शार्क्स न सिर्फ स्टार्टअप्स में निवेश करेंगे, बल्कि उद्यमियों को मेंटरशिप और स्ट्रैटेजिक गाइडेंस भी देंगे। सीजन 5 का प्रीमियर 5 जनवरी को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर होगा और इसे सोनी लिव ऐप पर स्ट्रीम किया जा सकेगा। शो का फॉर्मेट वही रहेगा। जहां कई राउंड्स की स्क्रीनिंग के बाद चुनिंदा स्टार्टअप्स को शार्क्स के सामने पिच करने का मौका मिलेगा। सीजन पांच में पुराने जज विराज बहल, कुणाल बहल, अमित जैन, रितेश अग्रवाल, पीयूष बंसल, नमिता थापर, अमन गुप्ता, विनिता सिंह और अनुपम मित्तल भी दिखेंगे. इनके साथ शैली मेहरोत्रा (सीईओ, फिक्सडर्मा इंडिया), हार्दिक कोठिया (रेजॉन सोलर के संस्थापक और प्रबंध निदेशक), मोहित यादव (मिनिमलिस्ट के सह-संस्थापक) वरुण अलघ (होनासा कंज्यूमर लिमिटेड के सीईओ और सह-संस्थापक), कनिका टेकरीवाल (जेटसेटगो एविएशन की संस्थापक) और प्रथम मित्तल (मास्टर्स यूनियन और टेट्रा के संस्थापक) 'शार्क टैंक इंडिया' के नए शार्क्स होंगे।

## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा अव्वल




**नई दिल्ली।** नए साल की शुरुआत में यानी शुक्रवार को 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट जारी की गई। पिछले साल जुलाई महीने में स्मृति ईरानी स्टारर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने टीवी पर पच्चीस साल बाद वापसी की। यह सीरियल पहले हफ्ते से ही टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में जगह बनाने में कामयाब रहा, साथ ही इसने बचे हुए साल में भी टॉप 5 में अपने लिए जगह बनाए रखी। 51वें हफ्ते में यह सीरियल अव्वल रहा, इसे 2.2 की टीआरपी मिली है। इसकी वजह है कि सीरियल में इन दिनों बहुत ट्विस्ट आ रहे हैं। लीड कैरेक्टर तुलसी और मिहिर एक-दूसरे से दूर हो चुके हैं। 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में रुपाली गांगुली के सीरियल 'अनुपमा'को दूसरा स्थान मिला है। इसकी टीआरपी 2.1 रही है। जबकि पिछले साल यह सीरियल हर हफ्ते टॉप पर बना रहा, कभी-कभी ही ऐसा हुआ कि यह खिसककर नीचे आया हो। साल के आखिरी हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में कई और सीरियल्स ने जगह बनाई है। इसमें उड़ने की आशा और तुम से तुम तक को 1.9 की टीआरपी मिली है। यह सीरियल एक-दूसरे को टक्कर दे रहे हैं।



## द्रौपदी 2 दिखाएगी दक्षिण भारत के 14वीं सदी का इतिहास

**मुंबई।** 'द्रौपदी 2' को सेंसर बोर्ड से यू/ए सर्टिफिकेट मिल गया है। यह फिल्म दक्षिण भारत के 14वीं सदी के इतिहास को दिखाएगी। ऑरिजनली तमिल में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 23 जनवरी को रिलीज होनी है। इसी दिन सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ स्टारर 'बॉर्डर 2' भी रिलीज होगी। तमिल और तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में ऐतिहासिक विषयों पर बनने वाली फिल्मों में हमेशा से दर्शकों की खास दिलचस्पी मिलती रही है। जब ऐसी फिल्मों में इतिहास, वीरता, संस्कृति और सामाजिक संघर्ष की झलक मिलती है, तो दर्शक उनसे खुद को जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। 'द्रौपदी 2' 14वीं सदी के उस दौर को दिखाएगी, जिसे इतिहास का एक अंधकारमय और उथल-पुथल भरा समय माना जाता है।' यह फिल्म दक्षिण भारत के इतिहास को बड़े पर्दे पर जीवंत रूप में पेश करेगी और इसी महीने सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले खबर थी कि फिल्म निर्माता इसे 23 जनवरी 2026 को रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा नहीं हुई है, लेकिन सेंसर सर्टिफिकेट मिलने के बाद लगभग तय माना जा रहा है कि फिल्म जल्द ही दर्शकों के सामने होगी। 'द्रौपदी 2' का निर्माण चोला चक्रवर्ती ने नेटाजी प्रोडक्शन्स के बैनर तले किया है। फिल्म को लेकर दर्शकों और फिल्म इंडस्ट्री के बीच काफी उत्साह देखा जा रहा है।



## बैंड बाजा बारात फिर से हो रही रिलीज

**मुंबई।** इन दिनों री-रिलीज फिल्मों का ट्रेंड जोर पकड़ रहा है और अब इस कड़ी में रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की सुपरहिट रोमांटिक फिल्म 'बैंड बाजा बारात'का नाम भी जुड़ गया है। ये फिल्म एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए सिनेमाघरों में लौट रही है। इस फिल्म ने न सिर्फ रणवीर सिंह को बॉलीवुड में पहचान दिलाई थी, बल्कि अनुष्का के साथ उनकी जोड़ी को भी काफी पसंद किया गया था। साल 2010 में रिलीज हुई यह फिल्म अब करीब 16 साल बाद फिर से थिएटर्स में दिखाई जाएगी। मेकर्स ने इसकी री-रिलीज डेट 16 जनवरी 2026 तय की है। इस खबर के सामने आते ही फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। खासकर उन दर्शकों के लिए यह एक खास मौका है, जिन्होंने पहली बार इस फिल्म को बड़े पर्दे पर देखा था या जो नई पीढ़ी के दर्शक हैं।'बैंड बाजा बारात' की कहानी दो युवा और महत्वाकांक्षी लोगों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो दिल्ली की चकाचौंध भरी शादी इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने निकलते हैं। फिल्म में दोस्ती, प्यार, महत्वाकांक्षा और टकराव को बेहद हल्के-फुल्के लेकिन असरदार तरीके से दिखाया गया है। यही वजह है कि फिल्म आज भी दर्शकों को उतनी ही ताजा लगती है, जितनी अपनी पहली रिलीज के समय लगी थी। रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की जोड़ी को इस फिल्म से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी। दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री, डायलॉग्स और किरदारों की सादगी ने दर्शकों का दिल जीत लिया था।

## महाकाली में शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे अक्षय



**मुंबई।** धुरंधर में रहमान डकैत की भूमिका से चर्चाएं बटोरने वाले अक्षय खन्ना इन दिनों आरोपों को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, इस बीच अक्षय खन्ना की अगली फिल्म महाकाली से उनकी बीटीएस तस्वीर सामने आई है। इनमें अक्षय खन्ना भी नजर आ रहे हैं। पूजा कोल्लुरु ने जो तस्वीरें साझा की हैं, उनमें 'महाकाली'के सेट से अक्षय खन्ना के साथ एक सेल्फी भी शामिल है। इसके अलावा पूजा ने 2025 के अपने सफर की कई और तस्वीरें भी साझा की हैं, जिनमें सेट की भी कुछ और तस्वीरें हैं। महाकाली से अक्षय खन्ना तेलुगु सिनेमा में अपना डेब्यू कर रहे हैं। महाकाली प्रशांत वर्मा सिनेमाटिक यूनिवर्स की अगली कड़ी है। फिल्म में अक्षय खन्ना गुरु शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म से उनका फर्स्ट लुक सामने आया था, जिसमें उन्हें पहचानना बिल्कुल मुश्किल हो रहा था। इस लुक के सामने आने के बाद से ही फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। महाकाली में भूमि शेट्टी महाकाली के मुख्य किरदार में नजर आएंगी। अक्षय खन्ना के शामिल होने से फिल्म की और भी चर्चा हो रही है। आदित्य धर द्वारा निर्देशित धुरंधर में अक्षय खन्ना ने बलोच नेता और अंडरवर्ल्ड डॉन रहमान डकैत की भूमिका निभाई है। इस किरदार में अभिनय के लिए अक्षय खन्ना की जमकर प्रशंसा हो रही है। सबसे ज्यादा वायरल उनका डांस स्टेप हुआ है, जिसे लोग काफी कॉपी कर रहे हैं।

### कोर्टरूम ड्रामा से लेकर एक्शन और रोमांस तक

# इस वीकेंड घर बैठकर देखिए अलग-अलग प्रकार की फिल्में और सीरीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नए साल का आगाज हो चुका है। नए साल के पहले दिन सिनेमाघरों में अगस्त्य नंदा की 'इक्कीस' रिलीज हुई है। इसे दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं, दूसरी ओर नए साल के पहले हफ्ते में ओटीटी पर भी कई फिल्में व सीरीज आ रहे हैं और कुछ आ चुके हैं। जिन्हें आप घर बैठे ही देख सकते हैं और नए साल का आनंद ले सकते हैं।

### हक

इमरान हाशमी और यामी गौतम की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'हक' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर भी रिलीज हो चुकी है। फिल्म आज यानी 2 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। शाह बानो केस पर आधारित 'हक' को क्रिटिक्स ने सराहा था, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी।

### ब्यूटी

तेलुगु रोमांटिक थ्रिलर 'ब्यूटी' एक लड़की के प्रेम में पड़ने के बाद अपने घर से भाग जाने और माता-पिता के उसे ढूंढने की कहानी है। इमोशनल पारिवारिक ड्रामा और शॉकिंग ट्विस्ट से भरी यह फिल्म 2 जनवरी से ओटीटी के प्लेटफॉर्म जी5 पर मौजूद है।



### रन अवे

ब्रिटिश थ्रिलर वेब सीरीज 'रन अवे' भी 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इसमें जेम्स नेसबिट, एली डी लैंग, रुथ जोनस और अल्फ्रेड एनोच समेत कई कलाकार दिखाई देंगे।

### कुमकी 2

तमिल फिल्म 'कुमकी 2' शनिवार 3 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर मौजूद रहेगी। इस फिल्म की कहानी भूमि और उसके हाथी नीला के बीच गहरे बॉन्ड पर आधारित है। बचपन में भूमि की मां द्वारा चुपके से हाथी को बेच दिए जाने के बाद, बड़े होकर भूमि अपने साथी को खोजने के लिए एक मिशन पर निकल पड़ता है।



### स्ट्रेंजर थिंग्स 5 फाइनल एपिसोड

नेटफ्लिक्स की सबसे लोकप्रिय सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के पांचवे सीजन का आखिरी एपिसोड भी आ चुका है। 1 जनवरी से यह फाइनल एपिसोड नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर रहा है।

### एलबीडब्ल्यू: लव बियॉन्ड विकेट

क्रिकेट पर आधारित स्पोर्ट ड्रामा सीरीज 'एलबीडब्ल्यू: लव बियॉन्ड विकेट' रंगन की कहानी है, जो एक होनहार खिलाड़ी रह चुका है। लेकिन, कॅरियर में ज्यादा सफलता न मिलने पर अब कोच बन गया है। सीरीज आत्मसम्मान के लिए रंगन के संघर्ष और खिलाड़ियों के इमोशनल संघर्षों को दिखाती है। यह सीरीज 1 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम कर रही है।

### लव फ्रॉम 9 टू 5

ऑफिस रोमांटिक-कॉमेडी सीरीज 'लव फ्रॉम 9 टू 5' 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इस सीरीज में ऑफिस पॉलिटिक्स से लेकर सहकर्मियों के बीच के रिलेशन तक को दिखाया गया है।

### माई कोरियन बॉयफ्रेंड

'माई कोरियन बॉयफ्रेंड' एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज है, जो 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर रही है। सियोल में 22 दिनों में फिल्माई गई यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज, प्यार के अलग-अलग पड़ावों पर हर जोड़े की कहानी बयां करती है।

## अन्य राज्यों की अच्छी योजनाओं का अध्ययन कर मप्र में लागू करें

# मुख्य सचिव अनुराग जैन ने विभाग प्रमुखों से कहा- मंत्रियों, केंद्रीय अधिकारी संगठनों के पदाधिकारियों के पत्रों और सवालों का समय से दिया जाए जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा है कि विभाग प्रमुखों की जिम्मेदारी है कि मंत्रियों, केंद्रीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा अधिकारियों और कर्मचारियों के संगठनों के पदाधिकारियों के पत्रों और सवालों का समय से जवाब दिया जाए। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि अन्य राज्यों में चल रही अच्छी योजनाओं और कार्यक्रमों का अध्ययन करें और उन्हें मध्यप्रदेश में भी लागू करने का प्रयास करें।

भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से संवाद रखें और आवश्यक होने पर उनके संज्ञान में लाने वाले विषय भी सूचित करें। नए साल की कार्ययोजना पर सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव और विभागाध्यक्ष अफसरों के साथ बैठक की।

**भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से संवाद रखने के निर्देश**


बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते मुख्य सचिव जैन।

### आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मिशन मोड में कार्य योजना तैयार करें

मुख्य सचिव जैन ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष के आगामी तीन माह के निर्धारित लक्ष्यों को समय अवधि में पूरा करें। आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मिशन मोड में कार्य योजना तैयार करें। मुख्य सचिव जैन ने अधिकारियों को इस बात के लिए धन्यवाद दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मुख्य सचिव कॉन्फ्रेंस में मध्यप्रदेश अग्रणी श्रेष्ठ पांच राज्यों की श्रेणी में शामिल हुआ है। उन्होंने पिछली सप्ताह हुई कॉन्फ्रेंस की प्रमुख बातों की जानकारी देते हुए मानव संसाधन का विकसित भारत से सरोकार के नेशनल एजेंडा पर मध्यप्रदेश राज्य को भी कार्य करने के निर्देश दिए।

### बड़े प्रोजेक्ट की नियमित समीक्षा हो

मुख्य सचिव जैन ने मध्यप्रदेश को विकसित राज्य बनाने के लिए चल रहे बड़े प्रोजेक्ट और आगामी परियोजनाओं के लिए समय अवधि को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट समय अवधि में पूरे होने के लिए प्रोजेक्ट टाइम मैनेजमेंट प्लान पर अमल किया जाए।

### इंदौर घटना की पुनरावृत्ति न हो

*मुख्य सचिव जैन ने इंदौर में हुई घटना पर दुख व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। जानकारी मिलते ही संबंधित विभाग राहत और बचाव कार्य अभिलंब शुरू करें। वे एमपी ई-सेवा एप को और जनहितकारी बनाने के लिए समन्वय करें। बैठक में बताया गया कि जनवरी तक नागरिकों से जुड़ी 1200 और मार्च अंत तक 1800 सेवाएं इस एप के माध्यम से आमजनों को दिए जाने का प्लान है।*

### डीजीपी ने नक्सल मुक्ति पर अफसरों को दिया धन्यवाद

बैठक में बताया गया कि 10 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि में अतिरिक्त सिंचाई किए जाने की योजनाओं पर कार्य किया जाना है। राज्य स्तरीय विभागीय भवनों के अलावा जिले के शासकीय भवनों पर सोलर पैनल लगाने के कार्य को अभियान के रूप में लिया गया है। बैठक में डीजीपी मकवाणा ने मध्यप्रदेश को नक्सल मुक्त बनाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

### पूर्व के नियम-कानूनों का रिव्यू किया जाए और उन्हें आम आदमी की सुगमता के दृष्टिगत रि-डिजाइन किया जाए

*सीएस जैन ने कहा कि अगले तीन साल यानि 2028 तक के लिए अब रोलिंग बजट होगा और सभी विभागों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे अगले तीन वर्षों के लिए राज्य सरकार के गरीब, अन्नदाता, युवा और नारी सशक्तिकरण के विजन को ध्यान में रखते हुए कार्य योजना तैयार करेंगे। उस पर अमल करेंगे। अधिकारी जो प्लान और वर्क करें, उसमें आम आदमी के जीवन तथा रोजगार, व्यवसाय को आसान, सुगम और सरल बनाने के लिए नियम कानून में आवश्यक सुधार और बदलाव किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि आम आदमी का जीवन और रोजगार व्यवसाय को सुगम बनाने के लिए 1947 और 1950 के पूर्व के नियम कानूनों का रिव्यू किया जाए और उन्हें आम आदमी की सुगमता के दृष्टिगत रि-डिजाइन किया जाए।*

---

## राजकोट के उपलेटा में श्री वैदिक मिशन ट्रस्ट के कार्यक्रम में की सहभागिता

### सीएम डॉ. मोहन ने राष्ट्र कथा शिविर में विभिन्न प्रांतों से आए युवाओं को किया संबोधित

# किताबी नॉलेज से ज्यादा जरूरी व्यवहारिक और वास्तविक ज्ञानः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किताबी ज्ञान से व्यवहारिक और वास्तविक ज्ञान बेहतर है। डॉ. यादव गुरुवार को गुजरात के राजकोट के प्रांसला के समीप उपलेटा में श्री वैदिक मिशन ट्रस्ट के 26वें 'राष्ट्रकथा शिविर' को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने शिविर में सहभागिता कर ट्रस्ट के गुजरात के प्रमुख व महान विचारक स्वामी धर्मबंधु महाराज का आशीर्वाद लिया।

डॉ. यादव को राष्ट्रकथा शिविर में पुस्तक भी भेंट की गई। इससे पहले मुख्यमंत्री ने शिविर में तटरक्षक बल की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में स्वामी द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत-अभिनंदन किया गया।

**डॉ. यादव को राष्ट्रकथा शिविर में पुस्तक भेंट की**


कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन।

### डॉ. यादव 18 से 23 जनवरी तक स्विट्जरलैंड के दावोस में करेंगे वैश्विक निवेश संवाद

विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक 18 से 23 जनवरी 2026 तक स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित की जा रही है। इस प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश में निवेश अवसरों की जानकारी देंगे। विश्व आर्थिक मंच 2026 का विषय 'ए स्पिरिट ऑफ डायलॉग' और 'अनलॉकिंग न्यू सोर्सेस ऑफ ग्रोथ' रखा गया है, जिसके अंतर्गत वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। डॉ. यादव की दावोस यात्रा का उद्देश्य मध्यप्रदेश को एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में प्रस्तुत करना, वैश्विक उद्योग जगत के शीर्ष नेतृत्व के साथ प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करना और राज्य के प्राथमिक क्षेत्रों में निवेश के नए अवसरों को आगे बढ़ाना है। इस दौरान बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ निवेश के आशय प्रस्तावों पर चर्चा, वैश्विक नीति निर्माताओं के साथ संस्थागत संबंधों को मजबूत करने तथा राज्य की ब्रांड छवि को फ्यूचर रेडी स्टेट के रूप में सुदृढ़ करने पर विशेष फोकस रहेगा।

- विश्व आर्थिक फोरम की बैठक में होंगे शामिल, मप्र में निवेश के लिए करेंगे आमंत्रित

#### 500 कंपनियों के उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन बैठकों में लेंगे हिस्सा

*मुख्यमंत्री डॉ यादव दावोस प्रवास के दौरान फॉर्च्यून 500 कंपनियों के सीईओ और वैश्विक उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन बैठकों में भाग लेंगे। साथ ही ऑटोमोटिव एवं न्यू मोबिलिटी, एनर्जी तथा आईटी, हेल्थकेयर और फूड प्रोसेसिंग पर केंद्रित सेक्टोरल राउंडटेबल मीटिंग में राज्य के मौजूदा निवेशक अपने अनुभव साझा करेंगे। डॉ. यादव की सहभागिता विश्व आर्थिक मंच के विभिन्न सत्रों में भी रहेगी, जिनमें श्रम, ऊर्जा सुरक्षा, नवकरणीय ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा जैसे विषय शामिल रहेंगे।*

### मुख्यमंत्री ने सपरिवार खंडवा में राजराजेश्वरी मंदिर में की आराधना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में कृषि विकास की दर लगातार बढ़ रही है। प्रदेश सरकार इस वर्ष को 'किसान कल्याण वर्ष' के रूप में मना रही है। उन्होंने कहा कि नर्मदा नदी मध्यप्रदेश की जीवन रेखा है। मां नर्मदा की कृपा से प्रदेश लगातार समृद्ध हो रहा है और यहां का कृषि उत्पादन भी लगातार बढ़ रहा है। डॉ. यादव ने गुरुवार को खंडवा जिले के मोरटक्का में नर्मदा नदी के तट पर स्थित राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मंदिर में नव वर्ष के अवसर पर सपरिवार दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित नागरिकों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

#### समाज सेवा के क्षेत्र की गतिविधियों की सराहना

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मोरटक्का में स्थित राजराजेश्वरी सेवा भारती न्यास द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में की जा रही गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने राजराजेश्वरी सेवा भारती न्यास द्वारा प्रारंभ 'कुपोषण मुक्त भारत अभियान' के तहत संचालित मातृ एवं शिशु आरोग्य केंद्र का निरीक्षण किया और वहां गर्भवती व धात्री महिलाओं को पोषण आहार सामग्री वितरित की। मुख्यमंत्री ने कन्या पूजन कर बालिकाओं को उपहार प्रदान किए।*


मंदिर में सपरिवार पूजा-अर्चना करते सीएम डॉ. यादव।

---

### खराब सीआर के कारण नहीं हो सकी थी पदोन्नति

## नौ साल बाद वायंगणकर बने आईजी, बैचमेट हो चुके एडीजी

**पांच जिलों के पुलिस अधीक्षक सहित 6 आईपीएस अफसरों को कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड सशर्त दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में पदस्थ आईपीएस अधिकारियों को 31 दिसंबर की शाम प्रमोशन का न्यू ईयर गिफ्ट मिला है। कल जारी हुई सूची में निरंजन वायंगणकर भी डीआईजी से प्रमोट हो कर आईजी बन गए हैं। महाराष्ट्र डेप्युटेशन के बाद उनकी सीआर खराब हुई, जिसके चलते वे अपने साथी आईजी अधिकारियों से 9 साल पीछे हो गए। उनके बैचमेट एडीजी बन चुके हैं।

निरंजन बी वायंगणकर आखिर डीआईजी से पदोन्नत होकर आईजी बन गए। उन्हें आईजी के पद पर 9 साल बाद पदोन्नति मिली है। वे वर्ष 1999 बैच के आईपीएस अफसर हैं। जबकि उनके बैच की दीपिका सूरी और राकेश गुप्ता अब अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के पद तक पहुंच गए हैं। वायंगणकर पिछले कई सालों से अपनी खराब सीआर के कारण पदोन्नति नहीं पा सके थे। इधर पांच जिलों के पुलिस अधीक्षक सहित 6 आईपीएस अफसरों को कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड सशर्त दी गई है।

वहीं एसपी गुना अंकित सोनी, नीमच एसपी अंकित जायसवाल, विदिशा एसपी रोहित काशवानी, देवास एसपी पुनीत गेहलोद, खरगौन एसपी रविंद्र वर्मा और 15वीं वाहिनी की कमांडेंट हितिका वासल को कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड वेतन इस शर्त के साथ के स्वीकृत किया गया है कि वे अगले सत्र में बिना किसी छूट के मिड कैरियर ट्रैनिंग फेस तीन में अनिवार्य रूप से शामिल हों।

स्पेशल डीजी पंकज श्रीवास्तव को सीआईडी के स्पेशल डीजी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सीआईडी में पदस्थ स्पेशल डीजी पवन कुमार श्रीवास्तव 31 दिसंबर को रिटायर हो गए। उनकी जगह पर पंकज श्रीवास्तव को पदस्थ किया गया है। पंकज श्रीवास्तव एंटी नक्सल अभियान के विशेष पुलिस महानिदेशक है। उनके पास एसटीएफ का भी अतिरिक्त प्रभार है।

#### महाराष्ट्र डेप्युटेशन के बाद से नहीं मिला था प्रमोशन

वायंगणकर जब महाराष्ट्र में प्रतिनियुक्ति पर गए थे। उस दौरान उनकी सीआर वहां पर खराब कर दी गई। वे मध्य प्रदेश वापस आए तो उनकी सीआर में ऐसा कुछ लिखा कर आया कि उन्हें प्रतिनियुक्ति वापस आने के बाद से पदोन्नति नहीं मिल सकी। हालात यह बने की उनके बैच के अफसर वर्ष 2017 पहले 9 साल पहले आईजी बने और अब तीन साल पहले एडीजी बन चुके हैं। नौ साल के लंबे इंतजार के बाद अब उन्हें डीआईजी से पदोन्नत कर आईजी बनाया गया है। वे राज्य सायबर सेल में डीआईजी थे, यहीं पर उन्हें आईजी बनाया गया है। खास बात यह है कि 2008 बैच के अफसर भी आईजी बने।

---

## लाभार्थियों के मृत्यु प्रमाण पत्र सीधे परिवार पहचान पत्र से जोड़ें: सैनी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना-1 (दयालु) के 5794 लाभार्थियों के खाते में 217.36 करोड़ रुपये की राशि जारी की। अब तक इस योजना के तहत 49 हजार 998 लाभार्थियों को 1881.355 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना-1 में सुधार किया गया है। इस योजना के लाभार्थियों का मृत्यु प्रमाण पत्र अब सीधे परिवार पहचान पत्र से जोड़ दिया गया है। इससे अब मृत्यु प्रमाण पत्र और दिव्यांग प्रमाण, पीपीपी डाटा से आसानी से सत्यापित किया जा सकेगा।



पारदर्शिता लाने के लिए सरकार ने उठाया कदम **5794 परिवारों के लाभार्थियों को 217.36 करोड़ की राशि जारी**

#### क्या है दलायु योजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना में जिन परिवार पहचान पत्र में पंजीकृत परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये है, उन परिवारों को दुर्घटना के 90 दिन के अन्दर पोर्टल पर सहायता के लिए आवेदन करना अनिवार्य है। इस योजना के तहत दुर्घटना में स्थाई रूप से दिव्यांग होने या मृत्यु होने पर एक लाख रुपए से 5 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाती है।

## 9 लोगों के खिलाफ कार्रवाई | धान तस्करी के अंतरराज्यीय संगठित गिरोह को धरदबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

तीन राज्यों की सीमा से लगे बलरामपुर जिले में धान तस्करी के एक संगठित अंतरराज्यीय गिरोह का राजस्व एवं पुलिस बल ने राजफाश किया है। प्रकरण में कुल नौ लोगों के विरुद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

इनमें से चार लोगों को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है। इसके पहले भी किसानों के नाम पर समर्थन मूल्य पर धान बिक्री करने वाले पिता-पुत्र को न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया था। उनके पास के किसानों से जुड़े दस्तावेज तथा हस्ताक्षरित चेक जब्त किए गए थे।

#### पिकअप की जब्ती से मिला क्लू



अंतरराज्यीय धान तस्करी गिरोह को राजफाश करने का सुराग एक पिकअप की जब्ती से मिला। पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 64 सीटी 0199 को पकड़ा गया, जिसमें अवैध रूप से धान का परिवहन किया जा रहा था। पकड़े गए वाहन और उससे जुड़े व्यक्तियों से पूछताछ में उत्तर प्रदेश व छत्तीसगढ़ के कुल नौ लोगों की संलिप्तता सामने आई है। इनमें उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के थाना बभनी क्षेत्र अंतर्गत सागोबांध निवासी श्रवण कुमार (25), कृष्ण मोहन कुमार (19), विनय कुमार गुप्ता (20), राजदेव गुप्ता (34), राधेश्याम गुप्ता (30), सत्यदेव गुप्ता (50) और मनोज कुमार (21) शामिल हैं। वहीं छत्तीसगढ़ के थाना सनावल क्षेत्र के त्रिशुली निवासी विकाश (21) तथा जिला बलरामपुर-रामानुजगंज के पचावल निवासी विंध्याचल गुप्ता (42) की भी भूमिका पाई गई है।

### मुंबई, अहमदाबाद की ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्री परेशान

**रायपुर।** देश के सबसे पुराने रेल रूटों में से एक हावड़ा और मुंबई के बीच रेलगाड़ियां रेंग रही हैं। हालत ऐसी हो गई है कि इस रूट पर चलने वाली सभी आठ गाड़ियां औसतन पांच से आठ घंटे की देरी से चल रही हैं। कभी-कभी तो यह देरी 12-12 घंटे की हो जा रही है। गुरुवार को भी छत्रपति शिवाजी टर्मिनस-हावड़ा के बीच चलने वाली दुरंतो एक्सप्रेस 13 घंटे देरी से चली। यही हाल इस रूट की अन्य ट्रेनों का भी है।

### वरिष्ठ पत्रकार अरविंद को पितृ शोक

**गाजीपुर (उप्र)।** वरिष्ठ पत्रकार, लेखक और विचारक अरविंद जयतिलक के पिता रमाकांत सिंह का 90 वर्ष की आयु में शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंत्येष्टि कार्यक्रम गृह जनपद गाजीपुर के जमानियां कस्बा घाट पर होगा। विदित हो कि रमाकांत सिंह क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी और किसान नेता थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **किशन उर्फ गज़नी** पुत्र शंकर, निवासी मकान नं. ए–225, झुग्गी दुर्गा मंदिर के पास, शाहबाद डेरी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 1045/23 धारा 356/379/411 भा.द.स., थाना शाहबाद डेरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **किशन उर्फ गज़नी** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **किशन उर्फ गज़नी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 1045/23 धारा 356/379/411 भा.द.स., थाना शाहबाद डेरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **किशन उर्फ गज़नी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **19.02.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः श्री सार्थक पंवार**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05 (उत्तर)**
**कमरा नं. 114, प्रथम तल,**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/42/ON/2026


## पुलिस मुख्यालय से प्रतिनियुक्ति पर अफसरों को बुलाकर की जाएगी

# बिजली चोरी रोकने संभागों में खुलेंगे विद्युत थाने समाधान योजना के पहले चरण की बढ़ेगी अवधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यालयों में विद्युत थाने खोलने जा रही है। यहां पुलिस मुख्यालय से प्रतिनियुक्ति पर पुलिस अफसरों को बुलाकर उनकी तैनाती की जाएगी। हर राजस्व संभाग स्तर पर एक-एक डीएसपी और उसके अधीनस्थ पुलिस अमला तैनात किया जाएगा। हर संभाग के थाने को दो-दो विद्युत सर्किल की जिम्मेदारी सौपी जाएगी। बाद में विद्युत थानों के लिए नया सैटअप तैयार किया जाएगा। नवीन पदों की मंजूरी दिलाई जाएगी। इन थानों की स्थापना और अधोसंरचना व्यय का भार बिजली कंपनियों को वहन करना होगा। मध्यप्रदेश में उर्जा विभाग हर साल घरेलु और कृषि उपभोक्ताओं को 26 हजार करोड़ की सब्सिडी दे रहा है। इसके अलावा उद्योगों को भी हर साल दो हजार करोड़ की छूट हर साल दी जा रही है। इसके बाद भी उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिलों का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसके कारण बिजली कंपनियों को बकाया बिजली बिलों 11 हजार करोड़ से अधिक की राशि नहीं मिल पाई है। पुराने बकायादारों से राशि की वसूली के लिए उर्जा विभाग ने समाधान योजना शुरू की थी। जिसका पहला चरण जिसमें सौ प्रतिशत सरचार्ज में छूट दी जाना है, वह 31 दिसंबर को समाप्त हो गया है, उसे एक माह और बढ़ाने की तैयारी है। वहीं बिजली चोरी रोकने के लिए इस साल उर्जा विभाग प्रदेशभर में संभागीय मुख्यालय स्तर पर विद्युत थाने शुरू करेगा। मध्यप्रदेश में वर्तमान में कुल बिजली में से 27 प्रतिशत के लगभग बिजली चोरी हो रही है।


प्रद्युम्न सिंह तोमर, ऊर्जा मंत्री

#### समाधान योजनाः 31 तक

मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण की अवधि एक माह और बढ़ा दी गई है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि बकायादार उपभोक्ताओं की सतत भागीदारी और उनके उत्साह को देखते हुए योजना के प्रथम चरण की अवधि अब 31 जनवरी कर दी गई है। पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्ताओं ने सौ फीसदी तक छूट का लाभ लिया। तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 100 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ ले सकते हैं।


**रंगिया मंडल पर विद्युतीय कार्य**

**ई-निविदा सूचना संख्या. EL-RNY-TRD-21-2025-26 तारीखः 31-12-2025।** नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया हैं। **कार्य का नामः** बाइहाटा स्टेशन पर बीआरटीएल प्राइवेट साइडिंग का विद्युतीकरण एवं मुख्य लाइन का नवीकरण। **निविदा राशिः** ₹1,08,50,311.18/-। **धरोहर राशिः** ₹2,04,300/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 16-01-2026 तारीख के 15.00 बजे में। उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

वरिष्ठ डीईई/रंगिया
**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में



**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

**मु.न. 658 दिनांक 25.08.2025 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना कुण्डली जिला सोनीपत।**

**गुमशुदा की पहचान**

नाम - पकंज पासवान।
पिता का नाम - अशोक पासवान।
पता - वासी गाँव पिपरा झारखण्ड हाल गाँव नाथूपुर जिला सोनीपत हरियाणा।
उम्र - 26 वर्ष।
कद - 5”6’ फुट।
हुलियाः- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, लम्बी नाक, पतला शरीर है।
पहनावा - हल्के भूरे रंग की शर्ट, नीले रंग की जीन्स व पैरों में काले रंग के जूते पहने हुए है।



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 19.08.2025 को पकंज पासवान पुत्र अशोक पासवान वासी गाँव पिपरा झारखण्ड हाल गाँव नाथूपुर जिला सोनीपत हरियाणा बिना किसी को कुछ भी बताए घर से कहीं चला गया है। अब तक घर वापिस नहीं आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करें।

**प्रबन्धक थाना - 7419410537**
**अनुसंधानकर्ता मो0 न0-7015024855**
**पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100**

**अपराध अभिलेख अधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।,**
**मुख्यालय, सोनीपत**

पीआरडीएच-1084/11/4304/2026/41714/88/7 दि. 02.01.26

## चिंतन

# खुद को संभाले अमेरिका भारत को नसीहत नहीं दे

दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद जेएनयू के पूर्व छात्र और एक्टिविस्ट उमर खालिद को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी की ओर से खालिद के समर्थन में पत्र लिखे जाने के बाद अब अमेरिका के आठ सांसदों ने भी उसका समर्थन करते हुए भारत सरकार से अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार निष्पक्ष ट्रायल दिलाने की अपील की है। यह पत्र अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा को भेजा गया है। इस पत्र का नेतृत्व हाउस रूल्स कमेटी के रैंकिंग मेंबर और टॉम लैंटोस ह्यूमन राइट्स कमीशन के सह-अध्यक्ष जिम मैकगवर्न ने किया है। वे मैसाचुसेट्स के दूसरे संसदीय क्षेत्र से डेमोक्रेट सांसद भी हैं। उनके साथ 7 अन्य सांसदों ने भी इस पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें कहा गया है कि खालिद को यूएपीए के तहत 5 साल से बिना जमानत के हिरासत में रखा गया है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। उसकी तुरंत रिहाई सुनिश्चत की जाए और मामले में निष्पक्ष सुनवाई की जाए। बताया जा रहा है कि जिम मैकगवर्न और अन्य सांसदों ने दिसंबर की शुरुआत में उमर खालिद के माता-पिता से मुलाकात की थी। इसके बाद उन्होंने भारत सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप की अपील की है। अमेरिकी सांसदों ने खालिद की गिरफ्तारी को धार्मिक स्वतंत्रता से जोड़ा। खालिद का मामला भड़काऊ भाषण और सांप्रदायिक हिंसा से जुड़ा है, इसलिए इस मामले में अमेरिका भारत को नसीहत न दे और खुद को संभाले। देखा जाए तो भारत में अमेरिका की बजाय कानून काफी लचीला है, भारतीय कानून में कॉमन लॉ, प्रथागत कानून और धार्मिक कानून का मिश्रण है, वहीं अमेरिकी कानून मुख्य रूप से अंग्रेजी कॉमन लॉ पर आधारित है। अमेरिका में राष्ट्रपति राष्ट्राध्यक्ष और सरकार का प्रमुख होता है, जबकि भारत में राष्ट्रपति राष्ट्राध्यक्ष और प्रधानमंत्री सरकार का प्रमुख होता है। भारत का कहना है कि खालिद को फरवरी 2020 के भाषणों के माध्यम से सांप्रदायिक हिंसा भड़काने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है और यह एक कानूनी मामला है। इसमें भारतीय कानून के हिसाब से काम चलेगा। अमेरिका को पहले अपने घर को संभालना चाहिए, फिर दूसरों को नसीहत देने की सोचनी चाहिए। भारत एक स्वतंत्र देश है और उसमें अपनी समस्याओं का समाधान खुद निकालने की क्षमता है। अमेरिका को अपने देश में मानवाधिकारों की स्थिति पर ध्यान देना चाहिए, जैसे कि नस्लवाद, बंदूक हिंसा और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी। भारत को अपनी समस्याओं का समाधान निकालने के लिए अमेरिका की नसीहत की जरूरत नहीं है। भारत अपनी नीतियों और निर्णयों के लिए स्वतंत्र है और हमेशा अपने देश के हितों को प्राथमिकता दी है और आगे भी देता रहेगा। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्णयों से वैसे भी अमेरिका की छवि विश्वस्तर पर प्रभावित हुई है। इससे पहले ममदानी ने खालिद को लेकर लिखा था, 'मैं अक्सर आपकी कड़वाहट को लेकर कही गई बातों को याद करता हूं और यह सोचता हूं कि उसे खुद पर हावी नहीं होने देना कितना जरूरी है।' बता दें कि हाल ही में दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने उमर खालिद को बहन की शादी में शामिल होने के लिए अस्थायी रूप से 16 दिसंबर से 29 दिसंबर तक अंतरिम जमानत दी थी। खालिद पर दिल्ली दंगों की साजिश मामले में यूएपीए के तहत चार्जशीट दाखिल की गई है। उसकी नियमित जमानत याचिका फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में लंबित है।



**दूषित पेयजल**
प्रमोद भार्गव


# स्वच्छता की चादर से ढकी गंदगी

> भागीरथपुरा में नर्मदा नदी से पाइप लाइन के जरिए आने वाले जल में शौचालय का दूषित जल शुद्ध पेयजल में लंबे समय से मिलता रहा। बस्ती के लोग इस पानी को यह मानकर पीते रहे कि नगर निगम द्वारा पिलाया जाने वाला जल शुद्धता के मानकों पर खरा होगा ही। धरती के नीचे बह रहा सीवर का मल नर्मदा के जल में पाइप लाइन फूट जाने से घुलता रहा। लोगों को जब पानी में गंदगी का अहसास हुआ तो शिकायत भी की गई जब 15 लोगों की मौत हो गई और 1000 के करीब लोग अस्पतालों में भर्ती हो गए, तब प्रशासन जागा और स्थल की खुदाई की। तब कहीं जाकर पता चला कि सीवर और पेयजल की लाइनें फूट जाने से नर्मदा जल में गंदगी डेढ़ वर्ष से विलय हो रही थी।

इंदौर मध्य प्रदेश ही नहीं देश के स्वच्छतम शहरों की श्रेणी में रहा है, लेकिन अब इसकी सच्चाई ने उजागर कर दिया कि इस महानगर की गंदगी को स्वच्छता की चादर से ढक दिया गया था, जिससे इंदौर को देशव्यापी स्वच्छता का खिताब मिलता रहे। किंतु अब दूषित पेयजल से हुईं 15 मौतों ने झूठ से पर्दा उठा दिया है। स्वच्छता के कथित मानकों पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं, लेकिन इन सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर हम अपने नागरिकों को शुद्ध पेयजल पिलाने में क्यों असफल सिद्ध हो रहे हैं।

मानव शरीर के लिए शुद्ध पेयजल पहली जरूरत है, क्योंकि हम बिना भोजन के तो जीवित रह सकते हैं, लेकिन जल के बिना जीवन कतई संभव नहीं है। मानव शरीर में 70 प्रतिशत जल की उपलब्धता है। भागीरथपुरा में नर्मदा नदी से पाइप लाइन के जरिए आने वाले जल में शौचालय का दूषित जल शुद्ध पेयजल में लंबे समय से मिलता रहा। बस्ती के लोग इस पानी को यह मानकर पीते रहे कि नगर निगम द्वारा पिलाया जाने वाला जल शुद्धता के मानकों पर खरा होगा ही। धरती के नीचे बह रहा सीवर का मल नर्मदा के जल में पाइप लाइन फूट जाने से घुलता रहा। लोगों को जब पानी में गंदगी का अहसास हुआ तो शिकायत भी की गई, लेकिन निगम और जिला प्रशासन के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। जब 15 लोगों की मौत हो गई और 1000 के करीब लोग अस्पतालों में भर्ती हो गए, तब प्रशासन जागा और नागरिकों द्वारा बताए स्थल की खुदाई की। तब कहीं जाकर पता चला कि सीवर और पेयजल की लाइनें फूट जाने से नर्मदा जल में गंदगी डेढ़ वर्ष से विलय हो रही थी। इस कारण लोगों की प्रतिरोधात्मक क्षमता घटती गई और बीमारी एवं मौत कहर बनकर टूट पड़े। अब कुछ कर्मचारियों को निलंबित करके प्रशासन मामले को ठंडा करना चाहता है, लेकिन निलंबन कोई सजा नहीं है। नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इंदौर के इसी निर्वासन क्षेत्र से निर्वाचित हैं और पेयजल की आपूर्ति करने वाला विभाग भी उन्हीं के अधीन है। अतएव जब जिम्मेदार मंत्री से इस जानलेवा लापरवाही से जुड़े सवाल किए गए तो उन्होंने बौखलाकर आपा खो दिया और बोले, ये सब फोकट के सवाल हैं, इन्हें मत पूछिए। यह उनकी संवेदनहीनता दर्शाने वाला उत्तर था। इस वीडियो के वायरल होने के बाद जब उनकी थू-थू हुई तो उन्होंने खेद जताकर मुक्ति पा ली। साफ है कि भाजपा सरकार के मंत्री इस हद तक मद में चूर हो गए हैं कि अब उन्हें अपने उत्तरदायित्वों का उचित ख्याल तक नहीं रहता। यदि रहता तो कैलाश विजयवर्गीय को एहसास होता कि इस तरह की लापरवाही का उपचार महज सरकारी खानापूर्ति न होकर सजगता के साथ समस्या का हल खोजना था। इस दूषित पेयजल कांड के चलते इंदौर नगर निगम के महापौर पुष्यमित्र भार्गव तो इतने विचलित हुए कि जब अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने उनके निर्देश को महत्व नहीं दिया तो उन्होंने यहां तक कह दिया कि अधिकारी सुनते नहीं हैं, इसलिए ऐसी प्रशासनिक व्यवस्था में काम करना मुझ जैसे व्यक्ति के लिए संभव नहीं है, अधिकारी बातचीत करने तक को तैयार नहीं हैं।

इस संदेश को मुख्यमंत्री तक पहुंचा दीजिए। भार्गव कलेक्टर शिवम वर्मा पर भी नाराज हुए। दरअसल,



भार्गव ने मौतों का सिलसिला शुरू होने से पहले कलेक्टर को कहा था कि भागीरथपुरा से उल्टी-दस्त की शिकायत आ रही हैं। शुद्ध पानी की कमी शरीर में ऐसी बीमारियों को पैदा करने का सबब बनता है कि समय पर उपचार नहीं हुआ तो मौत निश्चित है।

इस दूषित जल के कारण उल्टी-दस्त, डायरिया, टाइफाइड और हेपेटाइटिस भी जैसी बीमारियां पेट में जन्म ले लेती हैं। यही हश्र भागीरथपुरा में रहने वाले लोगों का हुआ। यदि इंदौर को लगातार कई साल तक स्वच्छता के तमगे नहीं मिले हो तो शायद इन मौतों की देश-परदेश के मीडिया में चर्चा भी नहीं हुई होती? लेकिन कार्यपालिका और विधायिका तमगों के लिए किस तरह से गंदगी पर चादर बिछाती है, यह हकीकत इंदौर में हुई इन मौतों ने सामने ला दी है। हालांकि, यहां पानी का टैंकर सुविधा के लिए भेजा जा रहा है, लेकिन इसका पानी उपयोग करने में भी लोग डर रहे हैं। वह आरओ का पानी मंगवाकर पी रहे हैं। दरअसल नागरिकों को शुद्ध पानी पिलाने के दावे चाहे जितने किए जाएं, ये हकीकत से बहुत दूर है। इसीलिए भारत में जल जनित बीमारियों की बहुलता पूरे साल बनी रहती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े बताते हैं कि दुनिया के पौने दो अरब लोग दूषित पानी पीने के लिए अभिशप्त हैं। इस कारण दुनियाभर में हर साल पचास लाख से ज्यादा लोग दूषित पानी पीकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर देते हैं। मध्यप्रदेश में ज्यादातर नगरीय निकायों की हालात बहुत खराब है। कोई भी निकाय यह दावा नहीं कर सकता कि वह शुद्ध पानी पिला रहा है। ज्यादातर नगरीय निकायों में पानी की मानकों के अनुसार जांच ही नहीं होती है। यह लापरवाही तब से और ज्यादा बरती जाने लगी हैं, जब से आरओ और बोतलबंद पानी की सुविधा सक्षम लोगों के लिए उपलब्ध हो गई है। मध्यप्रदेश में बारहमासी नदियां होने के कारण पानी की कोई कमी नहीं है। पानी बरसता भी खूब है। इन्हीं नदियों पर बने बांधों से ज्यादातर नगरों में पेयजल प्रदाय किया जाता है, लेकिन हम अपने इस प्राकृतिक वरदान को तात्कालिक लाभ के चलते अभिशाप में बदलने में लगे हुए हैं। औद्योगिक क्षेत्र की अर्थ दोहन की ऐसी ही लापरवाहियों के चलते मध्यप्रदेश के मालवा क्षेत्र में लगे स्टील संयंत्र रोजाना करीब 60 टन दूषित मलवा नदियों में बहा कर उन्हें जहरीला तो बना ही रहे हैं, मनुष्य-मवेशी व अन्य जलीय जीव-जन्तुओं के लिए जानलेवा भी साबित बना रहे हैं। दरअसल इन स्टील संयंत्रों में लोह के तार व चद्दरों को जंग से छुटकारा दिलाने के लिए 32 प्रतिशत सान्द्रता वाले हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का इस्तेमाल किया जाता है। तारों और चद्दरों को तेजाब से भरी बड़ी-बड़ी हौदियों में जब तक बार-बार डुबोया जाता है, तब तक ये जंग से मुक्त नहीं हो जातीं ?

बाद में बेकार हो चुके तेजाब को मलबा की चामला नदी से जुड़े नालों में बहा दिया जाता है। इस कारण नदी का पानी लाल होकर प्रदूषित हो जाता है, जो जीव-जंतुओं को हानि तो पहुंचाता ही है, यदि इस जल का उपयोग सिंचाई के लिए किया जाता है तो यह जल फसलों को भी पर्याप्त नुकसान पहुंचाता है। पूरे मध्यप्रदेश में इस तरह की पंद्रह औद्योगिक इकाइयां हैं। अकेले मालवा क्षेत्र और इंदौर के आसपास ऐसी दस इकाइयां हैं, जो खराब तेजाब आजू-बाजू की नदियों में बहा रही हैं। ये छोटी नदी और नाले आगे जाकर नर्मदा में विलय होते हैं। साफ है, नर्मदा के जल को दूषित करने के एक नहीं अनेक कारण हैं, जिनके समाधान प्रदेश की सरकार पिछले 20 साल से नहीं खोज पाई है।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

बाल मुकुन्द ओझा



# बॉडी रहेगी फिट तो माइंड भी रहेगा हिट

इंटरनेशनल माइंड बॉडी वेलनेस डे यानि अंतरराष्ट्रीय मन-शरीर कल्याण दिवस हर साल 3 जनवरी को दुनियाभर में मनाया जाता है। आज की भागदौड़ भरी लाइफ स्टाइल में शरीर और मन के बीच सामंजस्य स्थापित करना काफी कठिन हो गया है। ऐसे में ये दिन स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण एक है। इस दिन का इतिहास मशहूर ज्ञानी हिप्पोक्रेट्स से जुड़ा हुआ है। हिप्पोक्रेट्स को प्राकृतिक चिकित्सा के संस्थापक का दर्जा दिया गया है और उनकी की गई खोज आज भी दुनियाभर में मौजूद है और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। हिप्पोक्रेट्स का मानना है कि स्वस्थ शरीर से हमें एक स्वस्थ दिमाग की प्राप्ति होती है। शरीर को स्वस्थ और फिट रखने की कोशिशें एक बार फिर परवान पर है। हेल्दी डाइट, एक्सरसाइज, अच्छी नींद आदि आदतें हम रोजाना के जीवन में अपनाएं। शारीरिक गतिविधियां फिट और हेल्दी रहने के लिए जरूरी है कि आप रोजाना फिजिकल एक्टिविटी के लिए समय निकालें और अपनी सेहत का ख्याल रखें। फिजिकल एक्टिविटी, जैसे कि एक्सरसाइज, योग और वॉक न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है बल्कि हमारे मानसिक और समग्र स्वास्थ्य के लिए भी बेहद जरूरी है। जब आप शारीरिक रूप से एक्टिव रहते हैं, तो शरीर की ऊर्जा बढ़ती है। जिसे 'हैप्पी हार्मोन' भी कहा जाता है। यह हार्मोन हमें खुश और संतुष्ट महसूस कराता है, जिससे तनाव और एंग्जायटी जैसी समस्याएं कम हो सकती हैं। देश में 54 प्रतिशत लोगों की शारीरिक गतिविधियां करने में कोई रुचि नहीं है और 10 फीसदी से कम लोग मनोरंजन के तौर पर शारीरिक गतिविधियां करते हैं। आईसीएमआर डेटा में इस बात का खुलासा हुआ है। आजकल आर्थराइटिस जैसी जोड़ों की बीमारियां उम्र तक सीमित नहीं रह गई हैं बल्कि शारीरिक रूप से काम न करना भी इस बीमारी के बोझ को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के आंकड़ों बताते हैं कि 54.4 फीसदी लोगों की शारीरिक गतिविधियां करने में रुचि नहीं है। इस सरकारी एजेंसी द्वारा की गई स्टडी के अनुसार लोग यात्रा और मनोरंजन से जुड़ी शारीरिक गतिविधियों के मुकाबले काम में ज्यादा समय बिताते हैं। आलसी जीवनशैली, कसरत न करना या प्रोफेशनल की देखरेख के बिना कसरत करने से युवाओं के जोड़ों के लिगामेंट में दिक्कतें होने लगती हैं। चिकित्सकों का कहना है फिजिकली एक्टिव रहना, न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारता है बल्कि हमारे समग्र स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है। नियमित फिजिकल एक्टिविटी मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, तनाव को कम करने और जीवन को बेहतर बनाने में सहायक होती है। ऐसे में लोगों को अपनी पसंद के अनुसार फिजिकल एक्टिविटी में खुद को बिजी रखना चाहिए। तेज चलना, बागवानी या भारोत्तोलन आपका वजन कम करने के अलावा आपको खुश भी रख सकते हैं।

शोध में इसका खुलासा हुआ है कि आपकी शारीरिक गतिविधियों की निरंतरता और उन्हें करने की क्षमता आपकी खुशी के स्तर को बढ़ाती है। शोधकर्ताओं के एक दल ने पाया कि एक सप्ताह में एक बार शारीरिक श्रम करने वाला एक सामान्य वजन का वयस्क बिना शारीरिक श्रम के पूरा सप्ताह गुजारने वाले समान वजन के वयस्क की अपेक्षा 1.4 गुना ज्यादा खुश रहा जबकि सामान्य से अधिक वजन का वयस्क 1.5 गुना ज्यादा खुश रहा। बदलती जीवनशैली के चलते दफ्तर में घंटों बैठे रहकर काम करने और फिर घर में निष्क्रिय जीवन जीने से हमारे शरीर में जंग लगने लगा है और हम बीमारियों का आसान शिकार बनते जा रहे हैं। यह स्थिति तब और भी ज्यादा बिगड़ जाती है जब उम्र 25 पार करती है। 40 की उम्र में आते-आते ज्यादातर लोग आजकल बेहद अनफिट हो जाते हैं। ऐसे में कोलेस्ट्रॉल लेवल के बढ़ने, ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल के नॉर्मल न रह पाने, हड्डियों के भुरभुरा होने, मसल्स में तकलीफ होने, तनाव, डिप्रेशन, मोटापा आदि जैसी समस्याएं घर करने लगती हैं। डिप्रेशन तनाव, चिंता और उदासी का बहुत बड़ा कारण बनता है, जो जल्द ही आपके जीवन पर असर करना शुरू कर देता है। इससे पहले कि यह गंभीर रूप धारण कर लें, डिप्रेशन से निपटने के उपाय करने चाहिए। अवसाद से निपटने का सबसे प्रभावी और प्राकृतिक तरीका शारीरिक गतिविधि है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में 5 में से 1 वयस्क और 5 में से 4 किशोर शारीरिक गतिविधियां नहीं करते, जिससे हेल्थ केयर पर 54 अरब डॉलर का सीधा असर पड़ रहा है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## एकनिष्ठ भक्ति



संकलित
**दर्शन**

अनेक महापुरुष हैं, अनेक देवी-देवता हैं, अनेक मार्ग हैं, किंतु एकनिष्ठता आवश्यक है। इसी कारण इष्ट देवता की अवधारणा है। घर की बहू सास, ससुर, जेठ, जेठानी सबका आदर सम्मान करती है, किसी की अवज्ञा या उपेक्षा नहीं करती। सबकी सेवा करती है, किंतु अपने पति को वह सबसे अधिक चाहती है। इसी तरह तुम भी अपने इष्ट देवता पर दृढ़ एकनिष्ठ भक्ति रखो, जबकि अन्य देवी-देवताओं का सम्मान करो, सबके प्रति श्रद्धा रखो। सभी देव एक ही परमेश्वर के रूप हैं। किंतु किसी एक के प्रति एकनिष्ठ रहो। चौसर के खेल में गोटी सब खानों का चक्कर लगाए बिना लक्ष्य पर नहीं पहुंचती। यदि दो गोटियां जोड़ी बांधकर इकट्ठी चलें तो उन्हें कोई काट नहीं सकता, नहीं तो अकेली गोटी लक्ष्य के पास पहुंचकर पकते-पकते भी कट जा सकती है। इसी प्रकार साधना के मार्ग पर भी यदि गुरु अथवा इष्ट के साथ युक्त होकर आगे बढ़ा जाए तो बाधा विघ्न का भय नहीं रहता, यात्रा निर्विघ्न रूप से सफल हो सकती है। एक बार किसी यात्री ने एक आदमी से कलकत्ता (अब कोलकाता) जाने का रास्ता पूछा। उस आदमी ने कहा, इस रास्ते से चले जाओ। थोड़ी दूर चलकर उसने और एक जन से रास्ता पूछा। उसने दूसरा रास्ता बताया। इस तरह वह थोड़ा सा आगे बढ़कर किसी से रास्ता पूछता तो पहले वाले का रास्ता छोड़ उस पर चल देता। ऐसा करते हुए वह रास्तों पर ही भटकता रहा, कलकत्ता नहीं पहुंच पाया। उसे किसी ऐसे व्यक्ति से रास्ता पूछना चाहिए था, जिस पर विश्वास हो कि वह सही मार्ग जानता है। एक उसी व्यक्ति से पूछकर उसके ही बताए मार्ग पर चलना चाहिए था।

## संतान गुस्सा हो तो उसे शांत करने की कोशिश करें



संकलित
**प्रेरणा**

पुराने समय में एक दिन शिव जी और पार्वती जी ने विचार किया कि अब गणेश और कार्तिकेय का विवाह कर देना चाहिए। ये विचार करने के बाद उन्होंने कार्तिकेय स्वामी और गणेश जी को बुलाया और दोनों से कहा कि आप दोनों में से जो इस संसार की परिक्रमा करके पहले आएगा, हम उसका विवाह पहले कराएंगे। कार्तिकेय स्वामी तो अपने वाहन मोर पर बैठकर तुरंत उड़ गए, लेकिन गणेश जी अपने वाहन चूहे पर बैठे हुए थे। गणेश जी ने ने तुरंत ही माता-पिता की परिक्रमा कर ली और कह दिया कि आप दोनों ही मेरे लिए संसार हैं। दूसरी ओर, कार्तिकेय स्वामी को संसार की परिक्रमा करके लौटने में थोड़ा समय लग गया। जब कार्तिकेय स्वामी परिक्रमा करके लौटे तो उन्होंने देखा कि गणेश का विवाह हो गया है। गणेश जी को विवाहित देखकर कार्तिकेय स्वामी नाराज हो गए। उन्होंने शिव-पार्वती से कहा कि आपने ये सही नहीं किया है। क्रोधित होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर चले गए। ये क्रौंच पर्वत आज दक्षिण भारत में कृष्णा जिले में कृष्णा नदी के तट पर स्थित है। इसे श्रीपर्वत भी कहते हैं। शिव जी और देवी पार्वती ने कार्तिकेय स्वामी को समझाने की बहुत कोशिशें कीं, लेकिन कार्तिकेय शांत नहीं हुए। शिव-पार्वती समझ गए कि कार्तिकेय बहुत ज्यादा गुस्से में है और ये वापस भी नहीं आएगा। तब दोनों ने तय कि वे ही कार्तिकेय से मिलने जाते रहेंगे। इसके बाद हर अमावस्या पर शिव जी और पूर्णिमा पर देवी पार्वती कार्तिकेय से मिलने श्रीपर्वत पर आती हैं। ऐसी मान्यता है। श्रीपर्वत पर मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग स्थित है। इस ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती, इन दोनों की ज्योतियां विराजित हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### उपकरणों का सावधानी से प्रयोग करना जरूरी

विज्ञान ने हमें हर मौसम से बचने के लिए बहुत सी चीजें दी हैं। लेकिन अगर हम इनका सावधानी से प्रयोग न करें तो यह हमारे लिए कभी भी हानिकारक बन सकती हैं और अक्सर खबरें भी पढ़ने और सुनने को मिलती हैं कि इन चीजों के प्रयोग करते समय कोई हादसा हो गया। सर्दियों में गैस गीजर, कोयले की अंगीठी और अन्य गर्मी प्रदान करने वाले उपकरण लोगों की जान के दुश्मन भी बन जाते हैं। सर्दियों के मौसम में नहाने के लिए लोग गैस से चलने वाले गीजर का भी प्रयोग कर रहे हैं। लेकिन इसके प्रयोग में जरा सी भी असावधानी किसी दुर्घटना को अंजाम दे सकती है। गैस गीजर को बाथरूम में लगाने के साथ-साथ एक खिडक़ी जरूर रखें। - **महेश वर्मा**, कांकेर

## करंट अफेयर

### पाकिस्तान के तक्षशिला में मिले दुर्लभ सिक्के व पत्थर

पाकिस्तान के पुरातत्वविदों को ऐतिहासिक शहर तक्षशिला के पास यूनेस्को-सूचीबद्ध स्थल की खुदाई के दौरान दुर्लभ सजावटी पत्थर और सिक्के मिले हैं, जिससे प्राचीन सभ्यता की सबसे प्रारंभिक शहरी बस्ती की एक दुर्लभ झलक मिलती है। पुरातात्विक महत्व की ये वस्तुएं प्राचीन भीर टीले पर मिली हैं। विशेषज्ञों ने ईसा पूर्व छठी शताब्दी के सजावटी पत्थर और दूसरी शताब्दी के सिक्के बरामद किए। समाचार पत्र 'डॉन' ने अपनी एक खबर में कहा कि अधिकारियों ने इस खोज को एक दशक में इस स्थल पर हुई सबसे अहम खोज बताया है। इसमें कहा गया कि विशेषज्ञों ने सजावटी पत्थरों के टुकड़े बरामद किए जिनकी पहचान 'लैपिस लाजुली' के रूप में की गई है और इसके साथ ही कुषाण वंश से संबंधित दुर्लभ कांस्य सिक्के भी मिले हैं, जिससे प्राचीन गांधार के भौतिक इतिहास को एक नया आयाम मिला है। पंजाब पुरातत्व विभाग के उप निदेशक आसिम डोगर ने कलाकृतियों के प्रारंभिक विश्लेषण की पुष्टि की। डोगर उत्खनन दल के प्रमुख हैं। डोगर ने कहा, 'सजावटी पत्थर लैपिस लाजुली हैं जो एक बहुमूल्य पत्थर है, जबकि सिक्के कुषाण काल के हैं।' उत्खनन दल ने धातु की कलाकृतियों की आयु निर्धारित करने के लिए विशेष फॉरेंसिक सहायता ली।



## ऑफ बीट

### काम करते हुए क्या अंडर डेस्क ट्रेडमिल फायदेमंद है

हालिया सर्वेक्षणों के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया में 67 लाख से अधिक लोग-यानी लगभग आधे कर्मचारी-कम से कम कुछ समय के लिए घर से काम करते हैं। सिडनी, मेलबर्न और कैनबरा में यह संख्या सबसे अधिक है। घर से काम बढ़ने के साथ लंबे समय तक बैठने की आदत भी बढ़ी है, जिसे अब स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह माना जाता है। दफ्तर जाकर काम करने पर रोजमर्रा की गतिविधियां-जैसे चलना, खड़े रहना, सहकर्मियों से मिलने जाना या बाहर लंच लेने जाना-अपने आप हो जाती हैं, लेकिन घर से काम करते समय यह कम हो जाती हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या काम के दौरान अंडर-डेस्क ट्रेडमिल या वॉकिंग पैड का इस्तेमाल कर चलना फायदेमंद हो सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि नियमित रूप से चलने से रक्तचाप और ग्लूकोज सहनशीलता जैसे स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार होता है। हालिया शोध में प्रतिदिन करीब 7,000 कदम चलने को कई बीमारियों की रोकथाम के लिए पर्याप्त लक्ष्य बताया गया है। शोध यह भी बताते हैं कि लंबे समय तक बैठे रहने के बजाय छोटे-छोटे अंतराल में बार-बार चलना या हल्की गतिविधि करना एक बार में लंबी सैर से अधिक लाभकारी हो सकता है।



## ट्रेंड

### निधन से दुख हुआ



उत्तर प्रदेश के फरीदपुर के विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। वे जनहित में समर्पित भाजपा के एक कर्मठ नेता थे, जिनके जाने से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ओम शांति!
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### बिहू का त्योहार



इस साल असम में बिहू का त्योहार हमारी सभी बहनों के लिए खास होगा। ओरुनोदोई योजना के तहत, प्रत्येक लाभार्थी को 8,000 रुपये दिए जाएंगे। यह सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि यह हमारी बहनों के प्रति हमारी देखभाल और सम्मान को दर्शाता है।
**- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### पुलिस का अभिनंदन



हम उप्र पुलिस का हार्दिक अभिनंदन करते हैं जो अतिरिक्त सजगता और सतर्कता से माघ मेले में निर्माणाधीन 'श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव स्मृति सेवा संस्थान' में पूरी मुस्तैदी से सुरक्षा का कार्य संपन्न कर रही है।
**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### डिलीवरी राइडर्स



लाखों डिलीवरी राइडर्स, जिन्होंने इंस्टेंट कॉमर्स कंपनियों को आज इस मुकाम तक पहुंचाने में योगदान दिया, अब अपनी बात सुनाने के लिए विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर हैं। गिग इकॉनमी को अपराध-मुक्त शोषण की अर्थव्यवस्था नहीं बनने दे सकते।
**- राघव चड्ढा, सांसद, आम आदमी पार्टी**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

जेजेपी अध्यक्ष के बयान पर बड़ौली का पलटवार, अराजकता फैलाना चाहते हैं

# दबंगई व लठ की ताकत से सरकार चलाने वालों को भाजपा का सुशासन नहीं पच रहा : बड़ौली

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने जेजेपी अध्यक्ष अजय चौटाला के उस बयान की भर्त्सना की है, जिसमें चौटाला ने लोगों से चुने हुए प्रतिनिधियों को पीटने और भारत में बांग्लादेश जैसा माहौल बनाने की अपील की है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली ने शुक्रवार को चौटाला पर पलटवार करते हुए चौटाला के बयान को बेतुका, बेहद शर्मनाक और अराजकता पैदा करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण अजय चौटाला को जेल हुई। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने जनता को जाति-पाति में बांटकर शासन किया है। आज अजय चौटाला को विकास की राह पर बढ़ता हरियाणा रास नहीं आ रहा है।

बड़ौली ने कहा जिस तरह की भाषा का प्रयोग जेजेपी अध्यक्ष चौटाला ने किया है इससे साफ हो गया है कि अजय चौटाला का लोकतांत्रिक व्यवस्था पर भरोसा नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की बढ़ती लोकप्रियता से जेजेपी नेता अजय चौटाला का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। उन्होंने कहा कि अपने घटिया बयान पर अजय चौटाला को प्रदेश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का सुशासन जेजेपी नेता को हजम नहीं हो रहा है। सत्ता के लिए छटपटाहट में अजय चौटाला ने अपनी घटिया सोच को लोगों के सामने उजागर किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अजय चौटाला देश व प्रदेश में अराजकता का माहौल पैदा करना चाहते हैं।

अजय चौटाला को निशाने पर लेते हुए बड़ौली ने कहा कि अजय चौटाला देश का हाल श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल जैसा बनाना चाहते हैं, इसलिए वे लोगों को भड़का रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने अपनी सरकार दबंगई और लठ के जोर पर चलाई हो उन्हें भाजपा का सुशासन पच नहीं रहा है। श्री बड़ौली ने तंज कसते हुए कहा कि अजय चौटाला के इस कृत्य ने ताऊ देवीलाल की गरिमा को ठेस पहुंचाने का काम किया है।

मुख्यमंत्री साय दिल्ली में खेल मंत्री मांडविया से मिले

# छत्तीसगढ़ को मिला खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की मेज़बानी, 14 फरवरी को रायपुर में होगा शुभारंभ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ को खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की मेज़बानी का अवसर मिला है। इन खेलों का शुभारंभ 14 फरवरी को रायपुर में होगा। इस आयोजन को लेकर राज्य में खेल जगत और आदिवासी अंचलों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली में शुक्रवार को केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाक़ात कर छत्तीसगढ़ को यह महत्वपूर्ण आयोजन सौंपने के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन राज्य की आदिवासी खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगा और पारंपरिक खेलों को नई पहचान देगा।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि छत्तीसगढ़ में खेलों के लिए अनुकूल वातावरण और बुनियादी ढांचे का लगातार विकास किया जा रहा है। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के आयोजन से न केवल स्थानीय खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि पर्यटन, रोजगार और राज्य की सांस्कृतिक पहचान को भी बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने छत्तीसगढ़ की तैयारियों पर भरोसा जताते हुए कहा कि राज्य में आदिवासी खेलों की समृद्ध परंपरा रही है। यह आयोजन देशभर की आदिवासी प्रतिभाओं को एक मंच पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उल्लेखनीय है कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के तहत पारंपरिक और आधुनिक खेलों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से खिलाड़ी भाग लेंगे। रायपुर में होने वाला यह आयोजन छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### उपराष्ट्रपति 2 दिवसीय यात्रा पर पहुंचे चेन्नई



**चेन्नई।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन 2 दिनी यात्रा पर शुक्रवार से तमिलनाडु के दौर पर हैं। हवाई अड्डे पर उपराष्ट्रपति का तमिलनाडु सरकार की ओर से उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने पुष्पगुच्छ और एक पुस्तक भेंट कर स्वागत किया। एक निजी विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह में भाग लिया।

### छात्रा ने यौन उत्पीड़न के बाद तोड़ा दम, 4 पर केस



**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला के एक कॉलेज में सेकंड ईयर की छात्रा ने यौन उत्पीड़न के बाद तड़पकर दम तोड़ दिया। मृतका के पिता की शिकायत पर पुलिस ने एक प्रोफेसर समेत तीन अन्य के खिलाफ रैगिंग और यौन उत्पीड़न के आरोपों में एफआईआर दर्ज की है।3 छात्राओं ने उसके साथ मारपीट की और धमकियां दी थी।

### असम में अफीम बेचते पंजाब के दो गिरफ्तार

**दिफू।** असम के कार्बी आंगलोंग जिले में 2.7 किलोग्राम अफीम जब्त कर पंजाब के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया जो उसे असम में बेचने के लिए लाए थे। पुलिस ने बताया कि बोकाजन उपमंडल के खटखटी में एक जांच चौकी पर एक ट्रक को रोका गया और उसकी गहन तलाशी ली गई। पुलिस के मुताबिक, तलाशी के दौरान अफीम के दो पैकेट बरामद हुए। पुलिस ने बताया कि ट्रक नगालैंड के दीमापुर से आ रहा था और ट्रक से पकड़े गए लोग पंजाब के रहने वाले थे।

### धोखाधड़ी में अर्पित अरेस्ट, 14 लाख जब्त

**कानपुर।** ईडी की जालंधर ज़ोनल टीम ने डिजिटल अरेस्ट ठगी से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में अर्पित राठौर के ठिकानों पर छापेमारी की और सर्च के दौरान उसे गिरफ्तार कर लिया। ईडी को साथ ही कई आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस और करीब 14 लाख की बेहिसाब नकदी बरामद हुई।

बंगाल में एसआईआर पर नहीं थम रहा बवाल, भाजपा ने फिर उठाए सवाल

# ममता तुष्टीकरण के लिए घुसपैठियों को दे रहीं 'शह', ये राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने बंगाल में हो रही एसआईआर प्रक्रिया में बाधा डालने पर राज्य की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी पर कई सवाल खड़े किए हैं। इस दौरान उन्होंने राज्? सरकार पर कई आरोप लगाए हैं और कहा कि ममता आपने फायदे के लिए राज्य और देश से खिलवाड़ कर रही हैं। भाटिया ने आरोप लगाया कि राज्य की मुख्यमंत्री ममता की तुष्टीकरण की राजनीति के कारण उनका घुसपैठियों के प्रति नरम रवैया है। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण-एसआईआर कानूनी प्रक्रिया है लेकिन ममता बेनर्जी इसका विरोध कर रही हैं। भाजपा नेता भाटिया का कहना है कि ये घुसपैठिए राष्ट्रीय सुरक्षा का एक बड़ा मुद्दा हैं, जिस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में निर्णायक कदम उठाए हैं। टीएमसी और कांग्रेस पार्टी तो इसका समर्थन करने से भी कतरा रही है।

## एसआईआर कानूनी प्रक्रिया... फिर सीएम ममता क्यों कर रहीं विरोध?

**बंगाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई**

### चौधरी ने तो कहा था यहां वोट डकैती हो रही

पार्टी मुख्यालय में भाजपा के प्रवक्ता भाटिया ने कहा



भाजपा नेता गौरव भाटिया कहते हैं कि अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि बंगाल में टीएमसी न सिर्फ वोटों की चोरी करती है, बल्कि वोट डकैती भी करती है। अगर ममता वोटों की चोरी कर रही हैं और हम जंगल राज की बात कर रहे हैं, तो यह भारत गठबंधन एक साथ चुनाव क्यों लड़ रहा था। अधीर रंजन चौधरी तो यहां तक कह रहे हैं कि ममता बंगाल में एसआईआर (चुनाव प्रचार प्रक्रिया) को लागू नहीं होने देंगी। एसआईआर एक कानूनी प्रक्रिया है। पश्चिम बंगाल में वोटों की चोरी, या यूं कहें कि वोट डकैती हो रही है और ममता ही इसे अंजाम दे रही हैं। गृह मंत्री और नागरिकों को जिस तरह से धमकियां दी जा रही हैं, उससे साफ पता चलता है कि पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।

**मैं जमीन पर लड़ाई लड़ूंगा**

### बंगाल की जनता के अधिकारों को छीन रही भाजपा



टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बsनर्जी ने कहा कि भाजपा एसआईआर के माध्यम से बंगाल की जनता के अधिकारों को छीनना चाहती है। शुक्रवार को मैं आगामी चुनाव के लिए अपना यह बड़ा अभियान बरुईपुर से शुरू कर रहा हूं। कल मैं अलीपुरद्वार जाऊंगा और लगातार कई जिलों का दौरा करूंगा। मैं ममता बेनर्जी के सिपाही के रूप में आपके साथ जमीनी स्तर पर लड़ूंगा।

## 'सर' में वैध पहचान पत्र नहीं माना जाएगा 2010 के बाद जारी ओबीसी कॉर्ड

**चुनाव आयोग ने किया साफ**




निर्वाचन आयोग ने निर्देश जारी किया है कि बंगाल सरकार द्वारा 2010 के बाद जारी अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्रों को विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़ी मसौदा मतदाता सूची में दावों और आपत्तियों के निपटान के दौरान वैध पहचान दस्तावेज नहीं माना जाएगा। यह कदम पिछले वर्ष 24 दिसंबर को कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस आदेश के बाद आया है जिसमें 2010 से 2024 के बीच जारी 113 समुदायों के अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्र कानूनी वैधता पूरी न होने के कारण रद्द कर दिए थे। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय के लोग पात्र मतदाता है, लेकिन 2010 के बाद के प्रमाण-पत्रों को बैध नहीं माना जाएगा।

### बीएलए शामिल करने की मांग खारिज की

तृणमूल कांग्रेस की बूथ-स्तरीय एजेंटों (बीएलए) को शामिल करने की मांग को खारिज करने पर ईसीआई ने अपना पक्ष स्पष्ट किया है। यह सुनवाई सत्र राज्य में तीन चरणों वाले एसआईआर के दूसरे चरण का मुख्य हिस्सा है।अगर सुनवाई सत्र में बीएलए को अनुमति देने की की मांग मान ली जाती है, तो अन्य पार्टियां भी यह मांग करेंगी।

### चुनाव कर्मियों पर शिकायतों को भी नकारा

पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव आयुक्त और मुख्य निर्वाचन अधिकारी के खिलाफ एसआईआर प्रक्रिया संबंध में दर्ज की गई दो पुलिस शिकायतों पर चुनाव आयोग ने कड़ी आपत्ति व्यक्त की है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त कार्यालय ने एक बयान में आरोपों को पूर्वनियोजित और निराधार बताते हुए खारिज कर दिया।

केंद्र सरकार पर लगाया आरोप

# पर्यावरण से खिलवाड़ कर रही है मोदी सरकारः जयराम रमेश

**मोदी सरकार 'ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस' के नाम पर 'ईज़ ऑफ़ ब्रीदिंग'और 'ईज़ ऑफ़ लिविंग' को खत्म कर रही है।**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने केंद्र की मोदी सरकार पर पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचाने और विकास के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों के विनाश का आरोप लगाया है। दिल्ली में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी सरकार 'ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस' के नाम पर 'ईज़ ऑफ़ ब्रीदिंग' और 'ईज़ ऑफ़ लिविंग' को खत्म कर रही है।

जयराम रमेश ने कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के नजरिए से भी यह समझ से परे है कि सरकार ऐसे प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा क्यों दे रही है, जो प्राकृतिक आपदाओं को बढ़ाते हैं और ऑक्सीजन के स्रोतों को नष्ट करते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि इन परियोजनाओं से आम जनता या स्थानीय समुदायों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है, बल्कि इससे जलवायु परिवर्तन और तेज़ होगा।

उन्होंने चेतावनी दी कि जब-जब प्रकृति के साथ छेड़छाड़ की गई है, उसके गंभीर परिणाम सामने आए हैं। सुनामी, बाढ़, भूकंप, भूस्खलन जैसी आपदाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अरावली पहाड़ियों के मामले में भी देश एक बड़ी पर्यावरणीय आपदा के करीब पहुँच गया था। रमेश ने कहा कि पर्यावरण के मुद्दे पर प्रधानमंत्री के शब्दों और उनके कामों में बड़ा अंतर है और यह सरकार बेहद असंवेदनशील रवैया अपना रही है।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अरावली पहाड़ियों की परिभाषा से जुड़े फैसले पर रोक लगाया जाना, मोदी सरकार द्वारा पैदा की गई एक बड़ी पर्यावरणीय आपदा को फिलहाल टालने जैसा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसी आपदाओं की कमी नहीं है और अब सरकार अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह के ग्रेट निकोबार द्वीप में एक और बड़े पर्यावरणीय संकट को जन्म दे रही है।

जयराम रमेश ने बताया कि ग्रेट निकोबार में हवाई अड्डा, बंदरगाह और इको-टूरिज़्म रिसॉर्ट बनाने की योजना है, जिसके लिए लाखों नहीं बल्कि करोड़ों पेड़ काटे जाएंगे। इससे जैव विविधता को भारी नुकसान होगा और वहां रहने वाले आदिवासी समुदायों को विस्थापित होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा पहले ही इस परियोजना का विरोध कर चुकी है, इसके बावजूद सरकार जबरन इस परियोजना को आगे बढ़ा रही है।

कांग्रेस नेता ने दोहराया कि इस तरह की नीतियां देश के पर्यावरण, स्थानीय समुदायों और भविष्य की पीढ़ियों के लिए घातक साबित होंगी और सरकार को अपने विकास मॉडल पर पुनर्विचार करना चाहिए।

### आईपीएल में बांग्लादेशी क्रिकेटर को खरीदकर बुरा फंसे शाहरुख

# राजनीतिक और संत- महात्माओं ने इस फैसले को वापस लेने को कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देश में इंडियन प्रीमियर लीग 2026 को लेकर केकेआर द्वारा बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को खरीदा जाना विवाद का केंद्र बन गया है। केकेआर के मालिक और अभिनेता शाहरुख खान का विरोध हो रहा है। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी ने कहा कि खान को जो भी सम्मान और पहचान मिली है, वह भारत और यहां के लोगों की वजह से है। ऐसे में उन्हें देशवासियों की भावनाओं और राष्ट्रहित का पूरा सम्मान करना चाहिए। महंत ने कहा, कि देश विरोधी सोच या ऐसे निर्णय, जो देश की भावनाओं के खिलाफ हों, किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## खान देशवासियों की भावनाओं और राष्ट्रहित का करें सम्मान

### किसी बांग्लादेशी को लाना उचित नहीं



महंत रविंद्र पुरी के बयान से पहले ही कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने भी इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया दी थी। देवकीनंदन ठाकुर ने केकेआर और शाहरुख खान पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसी बांग्लादेशी खिलाड़ी को यहां लाना सही नहीं था।

### शाहरुख उसे हटा दें



शिवसेना (शिंदे गुट) नेता संजय निरुपम नेी रहमान को टीम से हटाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में इसी में शाहरुख की भलाई है और देश के हित में बेहतर होगा।

### परमीशन नहीं देंगे



शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता आनंद दुबे ने कहा बांग्लादेशी को भारतीय जमीन पर आईपीएल खेलने की परमिशन नहीं दी जानी चाहिए। इस पर रोक लगनी चाहिए।

### जम्मू-कश्मीर राजमार्ग पर भूस्खलन, वाहन छोड़कर लोग भागे



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में शुक्रवार को सड़क चौड़ीकरण काम के दौरान भीषण भूस्खलन हुआ, जिससे श्रीनगर-बारामूला राष्ट्रीय राजमार्ग अवरूद्ध हो गया। घटना के दौरान मौके पर मौजूद वाहन बाल-बाल बच गए। कुछ लोगों को अपने वाहन छोड़कर भागने को मजबूर होना पड़ा। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पहाड़ से चट्टानें लुढ़कती हुई।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82(2)(ii) Cr. P.C./ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जितेन्द्र जैन पुत्र** श्यामलाल, **निवासः** म.नं. 222, मेट्रो विहार, होलांबी खुर्द, दिल्ली ने **FIR No. 482/19 दिनांक 06.08.2019 U/s 33 Delhi Excise Act थानाः नरेला इण्डस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जितेन्द्र जैन** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **जितेन्द्र जैन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 482/19 दिनांक 06.08.2019 U/s 33 Delhi Excise Act थानाः नरेला इण्डस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **जितेन्द्र जैन** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
ज्योति नैन
जेएमएफसी, कमरा नं. 6
प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/17637/ON/2025
(Court Notice)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82(2)(ii) Cr. P.C./ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नसीम पुत्र** मेहराजुद्दीन **निवासः** म.नं. K-227, न्यू सीलमपुर, वेलकम, दिल्ली ने **FIR No. 211/2021 U/s 25/54/59 Arms Act, थानाः वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नसीम** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नसीम** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 211/2021 U/s 25/54/59 Arms Act, थानाः वेलकम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नसीम** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
दिपाक्षी राणा
जेएमएफसी-03, कमरा नं. 19, प्रथम तल
(शाहदरा जिला), कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/17547/NE/2025
(Court Notice)

कांग्रेस ने देशव्यापी 'सेव ईसीएचएस' अभियान की शुरुआत की

रोहित चौधरी बोले- योजना के लिए 14,000 करोड़ रुपए 30 जनवरी तक जारी हों

# पूर्व सैनिकों के इलाज के लिए चल रही ईसीएचएस को जान-बूझकर कमजोर कर रही मोदी सरकार: कांग्रेस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने मोदी सरकार पर पूर्व सैनिकों के इलाज के लिए चल रही ईसीएचएस (एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम) को जानबूझकर कमजोर करने का आरोप लगाया है। पार्टी ने 20 लाख से अधिक पूर्व सैनिकों के इलाज के लंबित बिलों और योजना के लिए बेहद कम बजट आवंटन का मुद्दा उठाते हुए देशव्यापी 'सेव ईसीएचएस' अभियान की शुरुआत की।

इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी के पूर्व सैनिक विभाग के अध्यक्ष सेवानिवृत कर्नल रोहित चौधरी ने चेतावनी दी कि इस योजना के लिए 14,000 करोड़ रुपए 30 जनवरी तक जारी किए जाएं, वरना पूर्व सैनिक दिल्ली आकर राहुल गांधी से मुलाकात करेंगे और सरकार के प्रतिनिधियों से बात करने के बाद अपनी आगे की रणनीति सामने रखेंगे। अभियान का पोस्टर जारी करते हुए कर्नल चौधरी ने मोदी सरकार को चेताते हुए कहा कि 'जिन्होंने देश संभाला, उनका इलाज संभालो', क्योंकि ईसीएचएस में सुधार पूर्व सैनिक का अधिकार है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने एक महीने का देशव्यापी संपर्क अभियान शुरू किया है। सभी 400 ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक तक पहुंचकर लंबित बिलों का डेटा इकट्ठा किया जाएगा। उन्होंने एक मिस्ड कॉल नंबर और क्यूआर कोड जारी करते हुए बताया कि इनके जरिए पीड़ित पूर्व सैनिक अपने लंबित बिलों की जानकारी गूगल फॉर्म के माध्यम से दे सकेंगे।

### 14 हजार करोड़ का तुरंत हो आवंटन

कांग्रेस नेता ने कैग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि इस योजना को 2003 में कैशलेस और कैपलेस योजना के तौर पर शुरू किया गया था, लेकिन इतने सालों में पूर्व सैनिकों की तादाद में बहुत बढ़ोतरी के बावजूद सरकार ने उसके हिसाब से न इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया है और न ही फंड बढ़ाया है।पूर्व सैनिक इलाज के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने आंकड़े पेश करते हुए बताया कि 2023-24 में 13,500 करोड़ की जरूरत थी, लेकिन केवल 9,831 करोड़ रुपए मिले। पहले से 3,500 करोड़ का बैकलॉग था। 2024-25 में बैकलॉग बढ़कर 5,400 करोड़ रुपए और मौजूदा वित्त वर्ष में 6,000 करोड़ रुपए हो गया। यदि 8,000 करोड़ रुपए भी आवंटित हुए तो 6,000 करोड़ पुराने बिल चुकाने में खर्च हो जाएंगे और नए साल के लिए सिर्फ 2,000 करोड़ रुपये बचेंगे, जबकि जरूरत 14,000 करोड़ रुपए की है।

### प्रशासनिक शक्तियां ली वापस

कर्नल चौधरी ने बताया कि डिपार्टमेंट ऑफ एक्स-सर्विसमैन वेलफेयर ने ईसीएचएस के प्रबंधन से जुड़ी प्रशासनिक शक्तियां भी वापस ले ली हैं, जिससे अस्पतालों के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई संभव नहीं रह गई है। इसे रक्षा मंत्रालय और प्रधानमंत्री के सामने उठाया गया है, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है।

### सीडीएस के अधीन हो कल्याण विभाग

उन्होंने मांग की कि ईसीएचएस को पूर्व सैनिक कल्याण विभाग से हटाकर सीडीएस के अधीन लाया जाए। ईसीएचएस की प्रशासनिक शक्तियां बहाल की जाएं। 14,000 करोड़ रुपये का तत्काल आवंटन और सभी लंबित बिलों का भुगतान हो।

# साल 2026 की पहली बड़ी डील, मर्ज होंगी केएफसी व पिज्जा हट चलाने वाली कंपनियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केएफसी और पिज्जा हट की ऑपरेटर कंपनी सफायर फूड्स इंडिया लिमिटेड, देवयानी इंटरनेशनल लिमिटेड में मर्जर करने जा रही है। खास बात तो ये है कि पिज्जा-बर्गर की दुनिया का सबसे बड़ा मर्जर माना जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह डील ऐसे समय में हो रही है जब भारत में फास्ट-फूड फ्रेंचाइजी को घटती बिक्री और मार्जिन के दबाव का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ती महंगाई के चलते उपभोक्ता बाहर खाना खाने के बजाय घर पर ही खाना ऑर्डर कर रहे हैं। डील के तहत देवयानी, सफायर के प्रत्येक 100 शेयरों के बदले 177 शेयर जारी करेगी और उसे ज्वाइंट यूनिट के ऑपरेशन के दूसरे पूरे वर्ष से 210 करोड़ रुपए से 225 करोड़ रुपए तक के सालाना फायदे की उम्मीद है। डील के तहत, ग्रुप की कंपनी आर्कटिक इंटरनेशनल, मौजूदा प्रमोटरों से सफायर फूड्स की लगभग 18.5 प्रतिशत पेड-अप इक्विटी का अधिग्रहण करेगी।

## देवयानी इंटरनेशनल और सफायर फूड्स के शेयरों में हलचल

### प्रोसेस में लगेगा 15 महीने तक का समय

प्रस्तावित मर्जर को सभी नियामक एवं वैधानिक स्वीकृती लेना बाकी है, जिसमें स्टॉक एक्सचेंज, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग, राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण तथा दोनों कंपनियों के शेयरधारकों और लेनदारों की स्वीकृति शामिल है। इन स्वीकृतियों को प्राप्त करने की प्रक्रिया में लगभग 12 से 15 महीने लगने की उम्मीद है, जिसके बाद मर्जर प्रभावी हो जाएगा। यम ब्रांड्स की साझेदार कंपनियां भारत और विदेशों में 3,000 से अधिक आउटलेट संचालित करती हैं, जिनमें केएफसी और पिज्जा हट के डाइन-इन रेस्टोरेंट शामिल हैं।




### देश की सबसे बड़ी होगी क्यूएसआर

कंपनी द्वारा स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल किए गए दस्तावेज के अनुसार लेनदेन पूरा होने पर, देवयानी इंटरनेशनल दोनों कंपनियों के संचालन को मिलाकर भारत के सबसे बड़े क्विक-सर्विस रेस्टोरेंट (क्यूएसआर) संचालकों में से एक बन जाएगी। देवयानी इंटरनेशनल लिमिटेड के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष रवि जयपुरिया ने कहा कि देवयानी इंटरनेशनल लिमिटेड और सफ़ायर फ़ूड्स इंडिया लिमिटेड का मर्जर हमारी विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि और निर्णायक कदम है।

निविदा सूचना सं.: CON/2025/DEC/05; दिनांक: 11-12-2025 के विरूद्ध शुद्धि-पत्र-1
निविदा सं.: CE/CON/JI/MIS/2025/16 के लिए शुद्धि पत्र-1 जारी किया गया हैं। विवरण के लिए कृपया www.ireps.gov.in पर पधारें।
मुख्य अभियंता/कन/मणिपुर प्रोजेक्ट/मालीगांव
पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (निर्माण संगठन)
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना संख्याः SrDEE-TRD-BSB-2025-26-T16, दिनांक:31-12-2025
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।
क्रम सं.-01, कार्य का नाम: पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मंडल के वाराणसी सिटी फेज-3 के अंतर्गत (ए. 1 रनिंग लाइन सीएसएल 750 मीटर का प्रावधान, ई-लाइन संख्या 10 के दक्षिण की ओर 2 स्टेबलिंग लाइन सीएसएल 700 मीटर का प्रावधान, एफ. लाइन संख्या 17 को इंजन एस्केप लाइन के साथ सीएसएल 400 मीटर की डॉक रनिंग लाइन में परिवर्तित करना, एच. एक पार्टी/सैलून साइडिंग 150 मीटर) संबंध में 25 केवी विद्युतीकरण कार्य। टेंडर रिफरेंस नं.: SrDEE-TRD-BSB-2025-26-T16, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: ₹ 5,70,85,181.82, धरोहर राशि (रू.में): ₹ 4,35,400/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में: शून्य, निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय: 22-01-2026 up to 14:45 Hrs., कार्य पूरा करने की अवधि: 09 माह।
• खुली ई-निविदा दिनांक 22-01-2026 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे।
• पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।
मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-232 वाराणसी
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## किसानों के संगठन एफएआईएफए ने किया आगाह

# तंबाकू उत्पादों पर शुल्क में बढ़ोतरी से किसानों को होगा नुकसान, तस्करी को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया फार्मर एसोसिएशंस (एफएआईएफए) ने शुक्रवार को कहा कि सरकार के तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगाने से किसानों की आय को नुकसान होगा तथा अवैध व्यापार से पहले से ही जूझ रहे बाजार में तस्करी और बढ़ जाएगी। वित्त मंत्रालय ने चबाने वाले तंबाकू, जर्दा सुगंधित तंबाकू एवं गुटखा पैकिंग मशीन (क्षमता निर्धारण व शुल्क संग्रह) नियम, 2026 के तहत लंबाई के आधार पर प्रति 1,000 सिगरेट 'स्टिक' पर 2,050-8,500 रुपये का उत्पाद शुल्क एक फरवरी से लगाने की घोषणा की है।

**किसानों की आजीविका पर इसका भारी असर पड़ेगा**

## कर सुधार में सरकार ने आश्वासन के विपरीत निर्णय लिया

### किसानों को लगा गहरा सदमा

आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और गुजरात के उत्पादकों का प्रतिनिधित्व करने वाले किसानों के संगठन एफएआईएफए ने कहा कि शुल्क में वृद्धि राजस्व-तटस्थ कर सुधार के संबंध में सरकार के आश्वासनों के विपरीत है। एफएआईएफए के अध्यक्ष मुरली बाबू ने बयान में कहा, "हमें यह देखकर गहरा सदमा लगा है कि वादा पूरा नहीं किया गया बल्कि किसानों की आजीविका की कीमत पर करों में भारी वृद्धि से जुड़ी अधिसूचना जारी की गई है।"



### सिगरेट की खपत कम होगी

किसानों के संगठन ने आगाह किया कि खुदरा कीमतों में वृद्धि से सिगरेट की कानूनी खपत कम हो जाएगी जिससे घरेलू स्तर पर उगाए गए तंबाकू की मांग प्रभावित होगी तथा संभावित रूप से फसल बाजार में अधिकता उत्पन्न हो जाएगी।

### सरकारी राजस्व में कमी आएगी

संगठन ने आगाह किया कि करों के कारण कीमतों में वृद्धि से वैध तथा तस्करी वाले उत्पादों के बीच का अंतर बढ़ेगा जिससे प्रवर्तन प्रयासों में बाधा आएगी एवं सरकारी राजस्व में कमी आएगी।

एफएआईएफए के आंकड़ों के अनुसार, पिछले दशक में एफसीवी तंबाकू का उत्पादन लगभग स्थिर रहा है। 2023-24 में नीलाम की गई मात्रा 30.421 करोड़ किलोग्राम थी।

### खेती का क्षेत्रफल 2013-14 से घट गया

खेती का क्षेत्रफल 2013-14 में 2,21,385 हेक्टेयर से घटकर 2020-21 में 1,22,257 हेक्टेयर हो गया है जिसके परिणामस्वरूप कृषि एवं नीलामी तंत्र में करीब 3.5 करोड़ मानव श्रम दिवस के रोजगार का नुकसान हुआ है। बढ़ती लागतों ने किसानों की परेशानी को और बढ़ा दिया है। विश्व बैंक के उर्वरक मूल्य सूचकांक में 2025 की शुरुआत से 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जिसमें 'डाई-अमोनियम फॉस्फेट' की कीमतों में 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जबकि अधिसूचित कृषि मजदूरी दरें वित्त वर्ष 2024-25 में सात प्रतिशत बढ़ी हैं। एफएआईएफए ने सरकार से उत्पाद शुल्क वापस लेने और राजस्व-तटस्थ शुल्क लागू करने का आग्रह किया है जो तस्करी को हतोत्साहित करते हुए घरेलू कृषि का समर्थन करे।

### एफसीवी तंबाकू पर प्रति खुराक छह रुपए से अधिक का कर

संगठन ने बताया कि तैयार उत्पादों में एफसीवी तंबाकू पर प्रति खुराक छह रुपये से अधिक का कर लगता है जबकि बीड़ी तथा चबाने वाले उत्पादों पर प्रति इकाई एक पैसे से भी कम कर लगता है। एफएआईएफए द्वारा उद्धृत उद्योग अनुमानों के अनुसार भारत, दुनिया का चौथा सबसे बड़ा अवैध सिगरेट बाजार बनकर उभरा है जिसमें अवैध उत्पादों का कुल खपत में करीब 26 प्रतिशत हिस्सा है।

## एलआईसी कालातीत (Lapsed) हो चुकी पॉलिसी को फिर से शुरू करने का शानदार मौका दे रहा है

**नई दिल्ली।** एलआईसी कालातीत (Lapsed) हो चुकी पॉलिसी को फिर से शुरू करने के लिए एक आकर्षक ऑफर लेकर आया है। 01.01.2026 से 02.03.2026 तक व्यक्तिगत कालातीत (Lapsed) पॉलिसी के लिए एक विशेष पुनर्वलन अभियान शुरू किया गया है। सभी नॉन-लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान पर विलंब शुल्क में रियायत छूट दी जा रही है, जो स्कीम के तहत पुनर्चलन के लिए योग्य होने पर विलंब शुल्क का 30% तक या अधिकतम 5000/- रुपये तक है। विलंब शुल्क में रियायत नीचे दी गई टेबल के अनुसार हैः इस विशेष पुनर्चलन अभियान के तहत, पॉलिसी को पहले बिना भुगतान किए प्रीमियम की तारीख से 5 साल के भीतर पॉलिसी के नियमों और शर्तों को पूरा करने पर फिर से शुरू किया जा सकता है। जो पॉलिसी प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान कालातीत हो गई हैं और पॉलिसी की अवधि पूरी नहीं हुई है, वे इस अभियान में फिर से शुरू करने के लिए योग्य हैं। मेडिकल/स्वास्थ्य आवश्यकताओं पर कोई रियायत नहीं है। यह अभियान उन पॉलिसीधारकों के फायदे के लिए शुरू किया गया है जो किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति के कारण समय पर प्रीमियम का भुगतान नहीं कर पाए थे। पूरा इंश्योरेंस लाभ पाने के लिए पॉलिसी को चालू रखना ज़रूरी है।

## विदेशी मुद्रा भंडार में हुई 3.29 अरब डॉलर बढ़ोतरी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि 26 दिसंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 3.29 अरब डॉलर बढ़कर 696.61 अरब डॉलर हो गया। इससे पिछले सप्ताह कुल भंडार 4.36 अरब डॉलर बढ़कर 693.31 अरब डॉलर पर रहा था। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार 26 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाले विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 18.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 559.61 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त ये परिसंपत्तियां विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक हैं और इनमें यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि इस दौरान सोने के भंडार का मूल्य 2.95 अरब डॉलर बढ़कर 113.32 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार छह करोड़ डॉलर बढ़कर 18.80 अरब डॉलर हो गया।

- समाप्त सप्ताह को भंडार बढ़कर 696.61 अरब डॉलर

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 Cr.P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी मीनाक्षी पत्नी श्री.** शाकू **पताः** मकान नं. 79. पहली और दूसरी मंजिल, के ब्लॉक वजीरपुर, जे जे कॉलोनी, राधा कृष्ण मंदिर के पास, दिल्ली **CT No. 155/2022, पुलिस थानाः भारत नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मीनाक्षी** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मीनाक्षी** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **मीनाक्षी CT No. 155/2022, पुलिस थानाः भारत नगर, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 03.02.2026 को या उससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
श्री प्रशांत कुमार
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (विद्युत)/(उ.प.)
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/94/NW/2026 (Court Matter)

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 CrPC देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्री विनोद कुमार पुत्र दलीप सिंह निवासी WZ - 257 हरिजन कॉलोनी, तिलक नगर, नई दिल्ली-110018** ने **CT Cases/CC No. 4215/2023 U/S 138 NI Act,** अन्तर्गत थाना **पश्चिम विहार पश्चिम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री विनोद कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री. विनोद कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।
अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CT Cases/CC No. 4215/2023 U/S 138 NI Act,** अन्तर्गत थाना पश्चिम विहार पश्चिम, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **श्री विनोद कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.02.2026** का इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
सुश्री पूनम सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी- 04
परिशिष्ट-04
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/09/OD/2026(Court Matter)

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## सरकार ने 7,295 करोड़ रुपये के निर्यात पैकेज की घोषणा की

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को निर्यातकों की ऋण तक पहुंच को बेहतर बनाने के लिए 7,295 करोड़ रुपये के निर्यात सहायता पैकेज की घोषणा की। इसमें 5,181 करोड़ रुपये की ब्याज सहायता योजना और निर्यात ऋण के लिए 2,114 करोड़ रुपये का गारंटी समर्थन शामिल है। दोनों उपाय छह वर्षों (2025-31) में लागू किए जाएंगे। वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव अजय भादू ने कहा कि ये कदम निर्यातकों की व्यापार वित्त से जुड़ी समस्याओं का समाधान करेंगे। ब्याज सहायता योजना के तहत निर्यातकों को निर्यात से पहले और निर्यात के बाद ऋण पर सब्सिडी मिलेगी।

# निफ्टी ने नया शिखर छुआ, सेंसेक्स ने 573 अंकों की लगाई ऊंची छलांग

**मुंबई।** बिजली, बैंक एवं धातु शेयरों में मजबूत खरीदारी से शुक्रवार को प्रमुख इक्विटी सूचकांक निफ्टी अपने रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद 182 अंक चढ़कर बंद हुआ, जबकि बीएसई सेंसेक्स में 573 अंकों की तेजी दर्ज की गई। कारोबारियों के मुताबिक, घरेलू संस्थागत निवेशकों की तरफ से पूंजी निवेश का सिलसिला जारी रहने और एशियाई बाजारों में मजबूती से घरेलू शेयर बाजारों को तगड़ा समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 573.41 अंक बढ़त के साथ 85,762.01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 623.67 अंक चढ़कर 85,812.27 तक पहुंच गया था।निफ्टी 182 अंक यानी 0.70 प्रतिशत बढ़कर 26,328.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 193.45 अंकों की बढ़त के साथ 26,340 का अपना सर्वकालिक उच्च स्तर भी हासिल किया। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"नए साल की छुट्टियों के बाद वैश्विक बाजारों ने 2026 का सकारात्मक आगाज किया जबकि मजबूत वाहन बिक्री ने घरेलू बाजार को नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया। तीसरी तिमाही के नतीजों की तरफ ध्यान केंद्रित होने के बीच निवेशक धारणा रचनात्मक बनी हुई है।/"

- बिजली, बैंक एंव धातु शेयरों में रही बड़ी खरीदारी


## राशिफल


**मेष** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।


**वृष** आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।


**मिथुन** किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।


**कर्क** जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**सिंह** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।


**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।


**तुला** मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।


**वृश्चिक** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।


**धनु** आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।


**मकर** क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**कुंभ** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।


**मीन** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

# सोने में 1,100 और चांदी में 4,000 रुपये की रही तेजी

- सोना बढ़कर 1.39 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर
- चांदी में आया 2,41,400 रुपये प्रति किलो की तेजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,100 रुपये बढ़कर 1,39,440 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। चांदी की कीमत भी 4,000 रुपये बढ़कर 2,41,400 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 67.47 डॉलर या 1.56 प्रतिशत बढ़कर 4,392.94 डॉलर प्रति औंस हो गया।



### वैश्विक बाजार में चांदी में रही तेजी

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, "वैश्विक बाजार में चांदी की कीमतों ने शुक्रवार को वर्ष 2026 की सकारात्मक शुरुआत की। वर्ष 2025 में चार दशकों से ज्यादा समय में सबसे मजबूत सालाना बढ़ोतरी के बाद यह तेजी आई।"


मिराए एसेट शेयरखान में जिंस मामलों के प्रमुख, प्रवीण सिंह ने कहा कि हाजिर सोना एक प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त के साथ 4,390 डॉलर पर रहा। इस तेजी के पीछे कोई साफ वजह नहीं है, इसलिए इसका कारण अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर कटौती की उम्मीदें और इस धातु के लिए सकारात्मक बाजार परिदृश्य हो सकता है। सिंह ने इस धातु के अल्प अवधि के परिदृश्य के बारे में कहा, ''अगले सप्ताह जारी होने वाली आईएसएम विनिर्माण, आईएसएम गैर-विनिर्माण और गैर-फार्म पेरोल रिपोर्ट सहित जरूरी अमेरिकी रिपोर्ट जारी होने से पहले, सोने के 4,250-4,335 डॉलर प्रति औंस के बीच कारोबार करने की उम्मीद है।'' विदेशी कारोबार में हाजिर चांदी भी 3.06 डॉलर यानी 4.28 प्रतिशत बढ़कर 74.52 डॉलर प्रति औंस हो गया।

MUNICIPAL CORPORATION BHILAI
E-Procurement Tender Notice, Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
J.P./N.P.N./309/376 Bhilai/Dated : 01.01.2026
Online tender are invited on behalf of the Municipal Corporation, Bhilai for the following work in Form "F" for Contract from the contractors registered in unified registration (Single window) in force on Go CG e-Procurement System portal.

| Sr. No | Tender No | Name of work | Probable amount of contract | Earnest money | completion period | निविदा जारी दिनांक | निविदा डाऊनलोड की अंतिम दिनांक | Call |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 182756 | • Providing, laying, jointing, interconnection, testing &commissioning of Clear water pumping main including12 months trial run (DI K9 pipe Diameter - 300mm to 600mm of Total Length 2900m)<br>• Design, Construction, water tightness Testing, Commissioning of 01 No. of Overhead Service Reservoirs of Capacity 1000 KL staging height 25 m including 12 months trial run.<br>• Design & Construction of allied civil works such as Compound wall including Steel Main gates, Guard Rooms complete under BHILAI Municipal Corporation.<br>• Dismantling 2 Nos Existing ESR of capacity 400 KL & Staging height 15 m | 641.04 lacs | 3.21 lacs | 12 month | 31/12/25 | 22/01/26 | First call |

Note- For other details visit Gov e-Procurement System portal website https://eproc.cgstate.gov.in 2 Corrigendum Amendment if any, will be displayed on above website https://eproc.cgstate.gov.in/ only and it shall be part of tender document.3. For more details please download NIT details.
Executive Engineer

## शब्द पहेली - 6097




**बाएँ से दाए-**
1.फिसलना-4
5.गुनाह,जुर्म-4
8.नाव चलानेवाला-3
9.लड़ी,श्रंखला -2
11.ईर्ष्या,डाह-3
12.उद्देश्य,वजह-4
14.भोजन-2
15.थकावट-3
17.जी,चित-2
19.मंत्र पढ़ना-2,3
22.राजपुत्र,राज कुंवर-2,3
25.यात्रा करनेवाला-2
26.समझौता,संधि-3
27.ईसाई साध्वी-2
28.मनमुटाव-4
30.नौकर-3
31.बदला-2
33.गर्भ,कोख-3
35.रुआफ-4
36.सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2.लम्हा,क्षण-2
3.नामित,मनोनीत-4
4.रनिवास,हरम-5
5.बुद्धि-3
6.गोंद,लाख-2
7.हृदयगति,स्पंदन- 4
10.विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13.शिक्षा,पाठ-3
16.कालिख,कालापन-3
17.इंकार,मनाही-2
18.झंडा,पताका-2
20.चौकसी, रखवाली-3
21.मोटा आटा, सूजी -2
22.निशा,रात-2
23.अच्छे कुल का-3
24.प्रस्थान,विदा-4
25.यान चलाने वाला-2,3
26.सुंदरी,षोडशी, कुमारी-4
28.प्रार्थना,मनोकामना-4
29.गरल,विष-3
32.ताला (अंग्रेजी-2)
34.पात्र,थापा,संचक, डाई -2

### शब्द पहेली -6096 का हल





# अब पीडब्ल्यूएल नीलामी में 250 से अधिक पहलवानों पर लगेगी बोली

▶▶| ए प्लस पहलवानों के लिए 18 लाख रुपये ▶▶| ए के लिए 12 लाख व बी के लिए आठ लाख ▶▶| सी के लिए तीन लाख रुपये निर्धारित किए गए ▶▶| पीडब्ल्यूएल का आयोजन 15 जनवरी से एक फरवरी तक होगा

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत सहित 250 से अधिक पहलवान शनिवार को यहां 'प्रो रेसलिंग लीग' (पीडब्ल्यूएल) के लिए खिलाड़ियों की नीलामी में बोली के लिए उपलब्ध होंगे। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) द्वारा मान्यता प्राप्त भारत की फ्रेंचाइजी आधारित पेशेवर कुश्ती लीग छह साल के अंतराल के बाद प्रतिस्पर्धी मंच पर वापसी के लिए तैयार है। पीडब्ल्यूएल 2026 की नीलामी सूची में शामिल पहलवानों को प्रदर्शन और अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के आधार पर चार वर्गों - ए प्लस (मार्की), ए, बी और सी में बांटा गया है। इन वर्गों के लिए आधार मूल्य तय किए गए हैं, जिसमें ए प्लस पहलवानों के लिए 18 लाख रुपये, ए के लिए 12 लाख रुपये, बी के लिए आठ लाख रुपये और सी के लिए तीन लाख रुपये निर्धारित हैं। इससे फ्रेंचाइजी को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बोली प्रक्रिया मिलेगी। नीलामी पूल में शीर्ष अंतरराष्ट्रीय पहलवानों और भारत के प्रमुख पहलवानों का मजबूत मिश्रण शामिल हैं जिनमें ओलंपिक और विश्व चैंपियन, पदक विजेता और स्थापित सितारे मौजूद हैं।



### श्रेणी ए में ये रहेंगे

श्रेणी ए में विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता और पूर्व राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन दीपक पूनिया, हाल में अंडर-23 विश्व चैंपियन बने भारत के सुजीत कलकल, अर्मेनिया के चार बार के विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता आर्सेन हरुत्यूनियन, मंगोलिया के पूर्व एशियाई खेल चैंपियन और दो बार के विश्व पदक विजेता तुलगा तथा पोलैंड के 2025 विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता रॉबर्ट बारान जैसे नाम शामिल हैं।



### ए प्लस श्रेणी में ये पहलवान

ए प्लस श्रेणी में जापान की महिला कुश्ती की दिग्गज युई सुसाकी, क्यूबा की पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता युसनेलिस गुज़मान लोपेज, यूक्रेन की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता इरीना कोलियाडेंको के साथ भारतीय सितारे अमन सहरावत और भारत की अब तक की सबसे कम उम्र की ओलंपियन महिला पहलवान और दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंतिम पंघाल शामिल हैं।

### लीग का कुल 'पर्स' 12 करोड़

इस सत्र के लिए लीग का कुल 'पर्स' 12 करोड़ रुपये होगा जिसमें छह फ्रेंचाइजी को अपनी टीम बनाने के लिए दो दो करोड़ रुपये मिलेंगे। टीमें कुल नौ भार वर्गों में मुकाबला करेंगी जिसमें पांच पुरुष और चार महिला वर्ग शामिल हैं। प्रत्येक फ्रेंचाइजी को न्यूनतम नौ और अधिकतम 12 पहलवानों की टीम बनानी होगी जिसमें पांच पुरुष और चार महिला पहलवान अनिवार्य होंगे। टीम में चार विदेशी पहलवान (दो पुरुष और दो महिला) होना जरूरी होगा ताकि हर टीम में मजबूत अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा हर टीम में श्रेणी सी से कम से कम एक पहलवान का होना अनिवार्य होगा जिसका उद्देश्य उभरती प्रतिभाओं को बढ़ावा देना और प्रतिस्पर्धा के अवसरों का विस्तार करना है। पीडब्ल्यूएल का आयोजन 15 जनवरी से एक फरवरी तक किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### महिला हॉकी टीम में कोच मारिन की वापसी

**नई दिल्ली।** नीदरलैंड के सोर्ड मारिन को फिर से भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह दूसरी बार यह पद संभालेंगे। इससे पहले उनके कोच रहते हुए भारतीय महिला टीम तोक्यो ओलंपिक खेलों में चौथे स्थान पर रही थी। मारिन को हरेंद्र सिंह की जगह मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। हरेंद्र को टीम के निराशाजनक प्रदर्शन और 'कोचिंग में मनमानीपूर्ण रवैया अपनाने'' के आरोपों के कारण इस्तीफा देना पड़ा था। नीदरलैंड के पूर्व हॉकी खिलाड़ी 51 वर्षीय मारिन 2017 से 2021 तक भारतीय महिला टीम से जुड़े रहे। इसके पांच साल बाद फिर से उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी टीम में मटियास विला भी शामिल होंगे, जिन्हें विश्लेषणात्मक कोच नियुक्त किया गया है।

### सातवीं बार डकार रैली में लेंगे हिस्सा हरिथ नोआ

**यानबू ।** भारत के अग्रणी रैली रेड राइडर हरिथ नोआ शनिवार से शुरू होने वाली विश्व की सबसे मुश्किल मोटरस्पोर्ट प्रतियोगिता डकार रैली में लगातार सातवीं बार हिस्सा लेंगे।



केरल का यह 32 वर्षीय राइडर तीन से 17 जनवरी तक होने वाली डकार रैली में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। यह प्रतियोगिता छठी बार सऊदी अरब में आयोजित की जा रही है। डकार रैली में राइडर इस बार लगभग 8 हजार किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। इसमें लगभग 4,800 किलोमीटर में राइडर रेत के टीलों, पथरीले इलाकों और दुर्गम पठारों से होकर गुजरेंगे। इस दौरान केवल एक बार 10 जनवरी को राइडर को विश्राम करने का मौका मिलेगा। 5 बार के भारतीय राष्ट्रीय सुपरक्रॉस चैंपियन नोआ ने 2020 में डकार रैली में पदार्पण किया था। तब यह रैली पहली बार सऊदी अरब में आयोजित की गई थी।

### सुदर्शन की पसली में फ्रैक्चर मैदान से हो सकते हैं बाहर



**नई दिल्ली।** बल्लेबाज साई सुदर्शन हाल में मध्य प्रदेश के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी मुकाबले के दौरान पसली में फ्रैक्चर होने के कारण एक महीने से अधिक समय तक मैदान से बाहर हो सकते हैं। बीसीसीआई के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सुदर्शन भारत की सफेद गेंद की टीम का हिस्सा नहीं हैं। अहमदाबाद में तमिलनाडु और मध्य प्रदेश के बीच खेले गए विजय हजारे ट्रॉफी मैच में डाइव लगाकर रन पूरा करते समय उनकी दाईं ओर की सातवीं पसली (एंटीरियर कॉर्टेक्स) में फ्रैक्चर हो गया था। चौबीस वर्षीय सुदर्शन का तमिलनाडु के लिए बचे हुए मुकाबलों में खेल पाना मुश्किल है। हालांकि उनके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुजरात टाइटंस के लिए उपलब्ध रहने की संभावना है।

वनडे 1, 3 और 6 और टी-20 9, 12 और 13 सितंबर को खेले जाएंगे

# टीम इंडिया करेगी बांग्लादेश का दौरा खेली जाएगी वनडे और टी20 सीरीज

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने घोषणा की कि वह इस साल सितंबर में भारत की मेजबानी करेगा, जिसमें दोनों टीम के बीच तीन मैच की वनडे और तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेली जाएगी।

हालांकि मौजूदा हालात में बांग्लादेश में स्थिर सरकार नहीं होने के कारण यह स्पष्ट नहीं है कि बीसीसीआई इस दौरे के लिए सहमति देगा या नहीं। बीसीबी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार वनडे मुकाबले एक, तीन और छह सितंबर को खेले जाएंगे जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 9, 12 और 13 सितंबर को होंगे। भारतीय टीम सीमित ओवरों की इस श्रृंखला के लिए 28 अगस्त को बांग्लादेश पहुंचेगी।

### बांग्लादेश के घरेलू शेड्यूल का हिस्सा

खबर के अनुसार बीसीबी क्रिकेट ऑपरेशंस के इंचार्ज शहरयार नफीस ने कहा कि बांग्लादेश और भारत के बीच, जो सीरीज पहले टाल दी गई थी, उसे रीशेड्यूल कर दिया गया है। भारत सीरीज 2026 के लिए बांग्लादेश के घरेलू शेड्यूल का हिस्सा है, जिसमें पाकिस्तान, न्यूज़ीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और वेस्ट इंडीज के खिलाफ तीनों फॉर्मेट में द्विपक्षीय मुकाबले शामिल हैं।



### ये टीमें करेगी बांग्लादेश का दौरा

न्यूजीलैंड अप्रैल-मई में बांग्लादेश का दौरा करेगा, जिसमें तीन वनडे मैच 17 अप्रैल से शुरू होंगे, इसके बाद 27 अप्रैल से 2 मई तक तीन टी20 मैच होंगे। ऑस्ट्रेलिया जून में व्हाइट-बॉल दौरे के लिए आएगा, जिसकी शुरुआत 5 जून से तीन वनडे मैचों की सीरीज से होगी, इसके बाद 15 से 20 जून के बीच तीन टी20 मैच होंगे। बांग्लादेश अक्टूबर-नवंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के साथ अपने घरेलू कैलेंडर को खत्म करेगा। टेस्ट से पहले 22-24 अक्टूबर को तीन दिवसीय वार्म-अप मैच खेला जाएगा, जिसमें टेस्ट 28 अक्टूबर-एक नवंबर और 5-9 नवंबर को होने हैं।

### टी20 वर्ल्ड कप के बाद घरेलू सीजन शुरू

बीसीबी ने एक बयान में कहा कि कन्फर्म शेड्यूल बांग्लादेश में इंटरनेशनल क्रिकेट से भरे सीजन को पक्का करता है, जिससे देश भर के समर्थकों को घर पर टॉप-लेवल क्रिकेट देखने का मौका मिलेगा, जबकि मैच वेन्यू की डिटेल्स सही समय पर बताई जाएंगी। बांग्लादेश का घरेलू सीजन मार्च में पुरुषों के टी20 वर्ल्ड कप के बाद शुरू होगा, जिसमें पाकिस्तान 12 से 16 मार्च तक तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए दौरा करेगा। पाकिस्तान मई में आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के हिस्से के तौर पर दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए वापस आएगा, जो 8-12 मई और 16-20 मई को होने वाली है।

### जुलाई 2025 में रद कर दिया गया था दौरा

भारत का पिछले साल जुलाई में बांग्लादेश का दौरा अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दिया गया था और छह मैचों की सफेद गेंद की श्रृंखला को एक साल से अधिक समय के लिए टाल दिया गया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पिछले जुलाई जारी अपने बयान में कहा था, 'बीसीबी और बीसीसीआई ने आपसी सहमति से अगस्त 2025 में प्रस्तावित बांग्लादेश और भारत के बीच तीन वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सफेद गेंद की श्रृंखला को सितंबर 2026 तक स्थगित करने का निर्णय लिया है।' बयान में आगे कहा गया, 'यह फैसला दोनों बोर्ड के बीच चर्चा के बाद लिया गया है, जिसमें दोनों टीम की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट प्रतिबद्धताओं और कार्यक्रम की सुविधा को ध्यान में रखा गया है।' बीसीसीआई ने कहा, ''बीसीबी सितंबर 2026 में इस श्रृंखला के लिए भारत का स्वागत करना चाहता है। दौरे की संशोधित तारीख और कार्यक्रम की घोषणा समय आने पर की जाएगी।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे स्क्वाड में एंट्री के लिए पंत और सिराज पर होगी नजर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए शनिवार को जब चयनकर्ता 15 सदस्यीय भारतीय टीम का चयन करने बैठेंगे तो ऋषभ पंत और मोहम्मद सिराज को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा होने की संभावना है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कुछ सप्ताह पहले हुई श्रृंखला में जीत दर्ज करने वाली टीम में हालांकि कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है, लेकिन अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति दो मुद्दों पर ध्यान दे सकती है। पहला मुद्दा पंत की दूसरे विकेटकीपर के रूप में स्थिति हो सकती है, क्योंकि ईशान किशन झारखंड के लिए मध्य क्रम में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और ध्रुव जुरेल ने भी घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के लिए बड़ा शतक जड़ा है। अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर की पहचान टीम संयोजन के आधार पर खिलाड़ियों के चयन की है।

### मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने वाले विकेटकीपर की जरूरत

टीम संयोजन के कारण ही उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए संजू सैमसन और किशन जैसे सलामी बल्लेबाजों को चुना है। वनडे प्रारुप में टीम को मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने वाले विकेटकीपर की जरूरत है। ऐसा विकेटकीपर, जो पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने में सहज हो। पंत ने गंभीर के मुख्य कोच बनने के बाद से जुलाई 2024 से दिसंबर 2025 के बीच सिर्फ एक वनडे मैच खेला है। पिछले आठ वर्षों में केवल 31 वनडे मैच खेलना और 35 से कम का औसत होना इस जुझारु खिलाड़ी की क्षमता का सही प्रतिबिंब नहीं है।

**पांड्या-बुमराह को आराम दिए जाने की संभावनाः** टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह को आराम दिए जाने की संभावना है, लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या चयनकर्ता अन्य दो तेज गेंदबाजों (हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह) को भी आराम देते हैं। दोनों ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुई श्रृंखला में हिस्सा लिया था। सिराज को परिस्थितियों के कारण चैंपियंस ट्रॉफी के लिए नहीं चुना गया था।

एसए20

## अंक तालिका में टॉप पर सुपर किंग्स डीएसजे को सुपर ओवर में हराया



एजेंसी ▶▶| जोहानिसबर्ग

डोनोवन फेरेरा (नाबाद 33) और रिचर्ड ग्लीसन (41 रन देकर तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की मदद से जोबर्ग सुपर किंग्स ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के एक रोमांचक मुकाबले में डरबन सुपर जायंट्स को सुपर ओवर में हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

■ एसए20 के इतिहास में पहली बार मैच रहा टाई

सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 205 रन बनाए। सुपर जायंट्स ने आठ विकेट पर 205 रन बनाकर मैच को सुपर ओवर तक खींच दिया। सुपर जायंट्स की पारी की आखिरी गेंद पर फेरेरा ने ईथन बॉश (09) को रन आउट कर दिया, जिससे स्कोर बराबर हो गया। इस तरह से एसए20 के इतिहास में पहली बार कोई मैच टाई रहा।

ग्लीसन ने सुपर ओवर में केवल पांच रन दिए। इस तरह से जोबर्ग सुपर किंग्स को जीत के लिए केवल छह रन चाहिए थे। रिली रोसो ने नूर अहमद की पहली तीन गेंदों पर दो चौके लगाकर जोबर्ग सुपर किंग्स को लगातार तीसरी जीत दिलाई। इस जीत से वह 13 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया।

### रांची रॉयल्स ने सूरमा हॉकी क्लब को हराया

**रांची।** रुतुजा दादासो पिसल और साक्षी राणा के गोल की बदौलत रांची रॉयल्स ने शुक्रवार को यहां महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) मैच में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को 2-0 से हरा दिया। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों की रक्षापंक्ति ने मजबूत खेल का प्रदर्शन किया। मैच के 12वें मिनट में सूरमा हॉकी क्लब को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन पेनी सक्विब के शॉट पर रक्षापंक्ति ने शानदार बचाव किया। पहले हाफ के खत्म होने में कुछ ही सेकंड पहले। एगोस्टिना अलोंसो ने मिडफील्ड से सर्कल में एक जोरदार पास दिया और रुतुजा (30वें मिनट) ने अविश्वसनीय कौशल का प्रदर्शन करते हुए गेंद को बखूबी अपने कब्जे में ले लिया और उसे नेट में डालकर गोल कर दिया। रांची की टीम नें 54वें मिनट में एक और शानदार मैदानी गोल से अपनी बढ़त दोगुनी कर ली।

## मैनचेस्टर सिटी - लिवरपूल का मैच ड्रॉ, आर्सेनल को बढ़त

एजेंसी ▶▶| लंदन

ईपीएल

एर्लिंग हालैंड की मौजूदगी के बावजूद मैनचेस्टर सिटी को सुंदरलैंड के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच गोलरहित ड्रॉ खेला, जिससे आर्सेनल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में चार अंक की बढ़त हासिल कर ली है। लिवरपूल भी लीड्स के खिलाफ गोल करने में नाकाम रहा और उसे एनफील्ड में गोलरहित ड्रॉ खेलने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा। शीर्ष पर काबिज आर्सेनल के अब 19 मैच में 45 अंक हैं जबकि मैनचेस्टर सिटी इतने ही मैच में 41 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। लिवरपूल के अब 33 अंक हो गए हैं और वह पहले की तरह चौथे स्थान पर है। एस्टन विला 39 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है।



## नीरज और सचिन एआईयू के परीक्षण पूल में शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिग्गज भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और सचिन यादव को इस साल के पहले तीन महीने के लिए विश्व एथलेटिक्स की डोपिंगरोधी निगरानी संस्था एथलीट्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया है। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा इस सूची में नियमित रूप से शामिल होते रहे हैं, लेकिन पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहने वाले यादव को पहली बार इसमें जगह मिली है। एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता यादव ने विश्व चैंपियनशिप में चोपड़ा को पीछे छोड़ दिया था, जो फिटनेस संबंधी समस्याओं के कारण आठवें स्थान पर रहे थे। यादव ने 86.27 मीटर भाला फेंककर अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए न केवल चोपड़ा को, बल्कि पाकिस्तान के मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम को भी पीछे छोड़ा था। नदीम 10वें स्थान पर रहे थे। उत्तर प्रदेश के इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को भाला फेंक का अगला स्टार माना जा रहा है।



18 जनवरी से शुरू होगा वर्ष के पहला ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन से वापसी करेंगी वीनस, मिली वाइल्ड कार्ड एंट्री

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस विलियम्स पांच साल में पहली बार इस वर्ष ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेगी और इस तरह से इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएगी।

उन्हें 18 जनवरी से शुरू होने वाले वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है। टूर्नामेंट के आयोजकों ने घोषणा की कि 45 वर्षीय वीनस उस मेलबर्न पार्क में वापसी करने के लिए तैयार है, जहां उन्होंने 28 साल पहले पहली बार हिस्सा लिया था। उन्होंने 1998 में दूसरे दौर में अपनी छोटी बहन सेरेना को हराया था, लेकिन क्वार्टर फाइनल में हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी लिंडसे डेवनपोर्ट से हार गई थीं।

### मेलबर्न पार्क में 28 साल पहले पहली बार लिया था हिस्सा



### 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में लिया था हिस्सा

वीनस ने नवंबर में घोषणा की थी कि वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन से दो सप्ताह पहले न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में खेलेंगी, जहां उन्हें वाइल्ड कार्ड मिला है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के आयोजकों के अनुसार वीनस ने होबार्ट में होने वाले एक अन्य टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए भी पंजीकरण कराया है। वीनस ने इससे पहले आखिरी बार 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हिस्सा लिया था। वह यहां दो बार महिला एकल में उपविजेता रह चुकी हैं। वह 2003 और 2017 में फाइनल में सेरेना से हार गई थीं।

### टूर्नामेंट में खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

वीनस ने कहा, 'मैं ऑस्ट्रेलिया में खेलने को लेकर बहुत उत्सुक हूं। वहां मेरी कई अविश्वसनीय यादें जुड़ी हैं। मुझे बहुत खुशी है कि मैं फिर से उस जगह लौट रही हूं, जिसका मेरे करियर में बहुत महत्व रहा है।' इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेकर वीनस इस टूर्नामेंट में खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएगी। वह जापान की किमिको दाते के रिकॉर्ड को तोड़ देंगी, जो 2015 में मेलबर्न पार्क में पहले दौर में हारने के समय 44 वर्ष की थीं।




## भारतीय सेना ने रचा नया इतिहास, तोप के गोले को बना डाला 'मिनी मिसाइल'

### आईआईटी मद्रास और सेना की साझेदारी से जन्मी तकनीक

# नई तकनीक से 80 किमी दूर तक हो सकेगा 'सटीक' हमला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना बहुत जल्द ऐसी अत्याधुनिक सैन्य तकनीक को मैदान में उतारने जा रही है, जो अब तक दुनिया के किसी भी देश के पास नहीं है। सेना दुनिया के पहले रैमजेट-संचालित 155 मिमी आर्टिलरी गोले को तैनात करने की तैयारी में है। इस हाई-टेक गोले को आईआईटी मद्रास ने भारतीय सेना के साथ मिलकर विकसित किया है। देखने में यह सामान्य तोप का गोला लगता है। लेकिन इसकी ताकत और क्षमता किसी मिसाइल सिस्टम से कम नहीं है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना आईआईटी मद्रास और आर्मी टेक्नोलॉजी बोर्ड (एटीबी) की साझेदारी का नतीजा है। इसका उद्देश्य पारंपरिक तोपखाने की सीमाओं को तोड़ते हुए ऐसी तकनीक विकसित करना था, जो ज्यादा दूरी तक, ज्यादा सटीकता के साथ हमला कर सके।



### गुरुत्वाकर्षण से अलग है रैमजेट तकनीक

*अब तक तोप के गोले केवल बारूद और बैलिस्टिक ट्रैजेक्टरी पर निर्भर होते थे। एक बार दागे जाने के बाद वे गुरुत्वाकर्षण के सहारे उड़ते हैं। लेकिन रैमजेट एक एयर-ब्रीदिंग प्रोपल्शन सिस्टम है। जैसे ही 155 मिमी गोला तोप से दागा जाता है, यह सुपरसोनिक स्पीड (मैक 2 से अधिक) पकड़ लेता है। तेज गति के कारण आसपास की हवा इसके इनलेट में जाती है, जहां वह संकुचित होकर ईंधन के साथ जलती है। इस दहन प्रक्रिया से लगातार ऊर्जा मिलती रहती है, जिससे गोला सामान्य गोले की तुलना में कहीं ज्यादा दूर तक जाता है। अब तक यह तकनीक मिसाइलों में इस्तेमाल होती थी, लेकिन पहली बार इसे तोप के गोले में सफलतापूर्वक लागू किया गया है। यह रैमजेट गोला मौजूदा गोले की तुलना में 30 से 50 प्रतिशत अधिक रेंज देने में सक्षम है।*

### पोखरण टेस्टिंग से बढ़ा भरोसा

राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में हुए शुरुआती परीक्षण बेहद सफल रहे हैं। इन परीक्षणों में गोले की रेंज, उड़ान स्थिरता और नियंत्रण क्षमता को परखा गया, और नतीजे उम्मीद से बेहतर रहे। पूरी तरह तैयार होने के बाद यह गोला सेना की मौजूदा 155 मिमी तोपों के साथ पूरी तरह संगत होगा। इन रैमजेट गोलों को एम777 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर, एटीएजीएस और धनुष आर्टिलरी गन जैसी मौजूदा 155 मिमी तोपों से दागा जा सकेगा।

## खबर संक्षेप

### जर्मनी में आग से बचने कूदा, इलाज के दौरान मौत

**बर्लिन।** नए साल के जश्न के दौरान तेलंगाना के जंगांव जिले के हतिक



छात्र की जर्मनी में मौत हो गई। हतिक उच्च शिक्षा के लिए जर्मनी गया था। वह जिस अपार्टमेंट में रहता था, उसमें 31 दिसंबर की रात को आग लग गई। जिसके बाद उसने आग से जान बचाने की कोशिश में छलांग लगा दी, इससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान थोकला हतिक रेड्डी के रूप में हुई है। घटना के बाद से हतिक के गांव में मातम छाया हुआ है, परिवार के सदस्य, दोस्त और स्थानीय निवासी छात्र की मृत्यु पर शोक व्यक्त कर रहे हैं।

### दो सिंगापुरवासी संसद सदस्य मनोनीत होंगे

**सिंगापुर।** सिंगापुर में समुदाय और समाज के लिए अपने योगदान से



ख्याति अर्जित करने वाले भारतीय मूल के दो व्यक्ति अगले सप्ताह संसद सदस्य मनोनीत किए जाने वाले हैं। ये दोनों उन नौ नामों में शामिल हैं, जिन्हें राष्ट्रपति टी. शनमुगरत्नम ने 8 जनवरी को मनोनीत संसद सदस्य (एनएमपी) घोषित किया था और वे इस महीने संसद के अगले सत्र में शपथ लेंगे। नेशनल यूनिवर्सिटी पॉली क्लीनिक्स के फैमिली फिजिशियन डॉ. हरीश सिंगाराजू और अमलगमेटेड यूनियन आफ पब्लिक इम्प्लॉइज के महासचिव संजीव कुमार तिवारी का नाम शामिल है। को प्रस्तावित राष्ट्रीय संसद सदस्य (एनएमपी) के रूप में मनोनीत किया गया है।

### महंगाई की आग में उबल रहा ईरान!

# हिंसक हुए प्रदर्शन, 6 की मौत, खामेनेई के खिलाफ विद्रोह!, 30 लोग गिरफ्तार

### सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों की बीच झड़पें हो रहीं

### यूनिवर्सिटी के छात्र तेहरान भी सड़कों पर उतर आए

*ईरान में ये मौतें उन तीन शहरों में हुईं, जहां मुख्य रूप से लूर जातीय समूह के लोग रहते हैं। इनमें से एक मौत बुधवार को जबकि 5 लोग गुरुवार को मारे गए। सबसे ज्यादा हिंसा ईरान के लोरेस्तान प्रांत के एक शहर अजना में हुई। यह तेहरान से लगभग 300 किमी दक्षिण-पश्चिम में है।*

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में आर्थिक संकट के बीच जनता सड़क पर उतर आई है। राजधानी तेहरान से लेकर देश के कई शहरों और ग्रामीण हिस्सों में हिंसक विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के खिलाफ विरोध के स्वर तेज हैं। देश की मुद्रा में लगातार गिरावट, भारी महंगाई और रोजगार के मुद्दे पर लोग उग्र प्रदर्शन कर रहे हैं।

पूरे देश में सड़कों पर सुरक्षाकर्मियों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं हैं, जिसमें कई लोगों के मारे जाने की खबर है। इन प्रदर्शनों में कम से कम छह लोग मारे गए हैं। गुरुवार को नए साल की शुरुआत पर प्रदर्शन ईरान के ग्रामीण इलाकों में फैल गए।



### प्रदर्शनकारियों पर हिंसा का मुंहतोड़ जवाब मिलेगा: ट्रंप

डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार कोसोशल मीडिया पर अपने एक पोस्ट में लिखा कि अगर ईरान शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाता है और उन्हें बेरहमी से मारता है, जो कि उनकी आदत है, तो संयुक्त राज्य अमेरिका उनकी मदद के लिए आएगा। हम पूरी तरह से तैयार हैं। ट्रंप ने बिना ज्यादा जानकारी दिए लिखा कि हम पूरी तरह तैयार हैं और जाने के लिए तैयार हैं। ट्रंप की चेतावनी के कुछ ही समय बाद, ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सेक्रेटरी और पूर्व पार्लियामेंट स्पीकर अली लारीजानी ने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर आरोप लगाया कि इजरायल और अमेरिका इन प्रदर्शनों को भड़का रहे हैं। उन्होंने लिखा कि ट्रंप को पता होना चाहिए कि घरेलू समस्या में अमेरिका का दखल पूरे इलाके में अराजकता और अमेरिका के हितों के विनाश का कारण बनेगा। अमेरिका के लोगों को पता होना चाहिए कि ट्रंप ने यह एडवेंचर शुरू किया है। उन्हें अपने सैनिकों का ख्याल रखना चाहिए।



### रजा पहलवी के समर्थन में नारेबाजी

*यूनिवर्सिटी के छात्र तेहरान की सड़कों पर उतर आए और तानाशाह मुर्दाबाद के नारे लगाए। साथ ही उन्होंने दिवंगत शाह मोहम्मद रजा पहलवी के बेटे रजा पहलवी के समर्थन में भी नारे लगाए। वहीं, अमेरिका में निर्वासन में रह रहे रजा पहलवी ने एक्स पर लिखा, मैं आपके साथ हूं। जब तक यह सरकार सत्ता में रहेगी, देश की आर्थिक स्थिति खराब होती रहेगी।*

### सबसे ज्यादा हिंसा लोरेस्तान प्रांत में

*ईरानी मीडिया ने बताया है कि तेहरान के पश्चिमी इलाके में अधिकारियों ने शांति व्यवस्था बिगाड़ने के आरोप में 30 लोगों को गिरफ्तार किया है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक ये मौतें तीन शहरों में हुईं, जहां मुख्य रूप से ईरान के लूर जातीय समूह के लोग रहते हैं। इनमें से एक मौत बुधवार को जबकि 5 लोग गुरुवार को मारे गए। सबसे ज्यादा हिंसा ईरान के लोरेस्तान प्रांत के एक शहर अजना में हुई। यह तेहरान से लगभग 300 किमी दक्षिण-पश्चिम में है।*

### कश्मीर में आतंकी साजिश नाकाम

# चीनी पिस्तौल व दो ग्रेनेड जब्त, पकड़े गए मददगार



पकड़े आतंकी सहयोगी

एजेंसी ▶▶ गांदरबल

जम्मू-कश्मीर पुलिस की आतंकियों और उनके मददगारों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। पुलिस ने गुरुवार को मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में एक महिला सहित दो आतंकी मददगारों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार, दो हैंड ग्रेनेड और 8 लाख से ज्यादा की नकदी बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांदरबल पुलिस ने देर शाम स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) के साथ मिलकर सर्च ऑपरेशन चलाया था।

गुंडरेहमान के पास नाका लगाकर चेकिंग की गई। इस दौरान सूचना के आधार पर एक लोड कैरियर को रोका। तलाशी लेने पर वाहन में 1 चीनी पिस्तौल, पिस्तौल की 1 मैगजीन, पिस्तौल के 4 कारतूस, 2 हैंड ग्रेनेड और 8,40,500 नकदी बरामद की गई। साथ ही आतंकी मददगार गुलाम नबी मीर निवासी हाजिन बांदीपोरा और शबनम नजीर निवासी शालाबुग, गांदरबल को गिरफ्तार किया गया।

### ट्रैकिंग, कैंपिंग और हाइकिंग पर रोक

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में अधिकारियों ने शुक्रवार को सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए कोकरनाग के ऊंचे इलाकों और जंगलों में ट्रैकिंग, कैंपिंग, हाइकिंग और इसी तरह की बाहरी गतिविधियों पर रोक लगा दी। कोकरनाग एसडीएम की ओर से जारी आदेश में हाल की घटनाओं का जिक्र किया गया, जिसमें कहा गया है कि कुछ लोगों ने देर रात के घंटों में नाका/चेकपॉइंट पार करने की कोशिश की है, जिससे सार्वजनिक सुरक्षा से संबंधित गंभीर सुरक्षा चिंताएं पैदा हुई है। वहीं, अवंतीपोरा पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी के सदस्य के घर छापा मारकर आपत्तिजनक सामग्री व डिजिटल डिवाइस बरामद की है।

### सेना के कैंप में लगी आग



उत्तराखंड के चमोली जिले के ज्योर्तिमठ में औली रोड के समीप सेना कैंप में अचानक भीषण आग लग गई। सेना के जवानों के साथ ही फायर सर्विस की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई, लेकिन आग इतनी विकराल हो गई कि इसे बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। जानकारी के अनुसार यह सेना का स्टोर था, जिसमें प्लास्टिक का समान था। यहां खेत भी है जहां सूखी घास थी।

### कोल इंडिया की ई-नीलामी प्रणाली में बदलाव

## अब बांग्लादेश, भूटान और नेपाल सीधे खरीद सकेंगे भारत से कोयला



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज कोयला कंपनी, कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने सीमा पार व्यापार को सुगम बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। कंपनी ने घोषणा की है कि 1 जनवरी, 2026 से बांग्लादेश, भूटान और नेपाल के कोयला उपभोक्ता अब भारतीय ट्रेडर्स की मदद लिए बिना सीधे ऑनलाइन कोयला नीलामी में भाग ले सकेंगे। सीआईएल के इस फैसले का उद्देश्य घरेलू स्तर पर उपलब्ध सरप्लस (अतिरिक्त) कोयला संसाधनों का बेहतर उपयोग करना, पारदर्शिता बढ़ाना और भारत की क्षेत्रीय बाजार में पकड़ मजबूत करना है।

### खरीद प्रकिया पारदर्शी होगी

एसडब्ल्यूएमए एक एकीकृत ई-नीलामी प्रणाली है जिसे 2022 में लॉन्च किया गया था। इसका उद्देश्य कोयला खरीद की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और बाजार-संचालित बनाना है। हाल ही में सीआईएल बोर्ड ने इस योजना के तंत्र में आवश्यक बदलावों को मंजूरी दी है, जिससे विदेशी खरीदारों के लिए रास्ता साफ हो गया है। कोल इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, विदेशी खरीदारों के लिए संशोधित ढांचे में कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं।

### म्यांमार में फंसे तीन भारतीय स्वदेश रवाना

**यांगून।** म्यांमार में नौकरी संबंधी फर्जीवाड़े में फंसे तीन भारतीय नागरिकों को भारत वापस भेजा गया है। यांगून स्थित भारतीय दूतावास ने बताया कि जुलाई 2024 से अब तक कुल 1,757 भारतीयों को भारत वापस भेजा जा चुका है। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बताया कि म्यांमार के अधिकारियों और संगठनों के सहयोग से म्यावाड्डी फर्जीवाड़े से जुड़े केंद्रों से तीन और भारतीय नागरिकों को कल यांगून के रास्ते वापस स्वदेश भेजा गया। हम इस तरह के नौकरी प्रस्तावों के खिलाफ सलाह देते हैं। वहीं केंद्र सरकार ने पिछले साल 11 दिसंबर को संसद को सूचित किया था कि उसने अब तक कंबोडिया, म्यांमा और लाओ पीडीआर से 6,700 से अधिक भारतीयों को बचाया जा चुका है।

### एलन मस्क की कंपनी एक्स पर सख्ती

## भारत सरकार के निर्देश- अश्लील और गैरकानूनी सामग्री तुरंत हटाएं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सख्त नोटिस जारी किया है। अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की कंपनी- एक्स से जुड़े इस मामले में भारत सरकार ने कड़े निर्देश देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस्तेमाल किए जा रहे अश्लील और गैरकानूनी कंटेंट को हटाने को कहा है।

2 जनवरी को जारी इस आदेश में कहा गया है कि एक्स के एआई एप ग्रोक का इस्तेमाल कर बनाए गए कंटेंट तुरंत हटाने होंगे। ऐसा न करने पर कंपनी को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

**दायित्वों का पालन करने में विफल रहा एक्स:** एक्स पर लगे आरोपों का संज्ञान लेते हुए सरकार ने भारत में एक्स के मुख्य अनुपालन अधिकारी को नोटिस जारी किया है। इसमें कहा गया है कि एक्स वैधानिक रूप से उचित दायित्वों का पालन करने में विफल रहा है। सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया नैतिकता संहिता) नियम, 2021 और सूचना प्रौद्योगिकी कानून, के तहत नियमों के उल्लंघन पर भी कड़ा एतराज जताया है।

### यूजर्स खुलेआम कर रहे एआई का दुरुपयोग

जब एलन मस्क ने ग्रोक को लॉन्च किया था, तब उन्होंने गर्व से कहा था कि उनके एआई पर अन्य टूल्स (जैसे चैटजीपीटी या जेमिनी) की तरह सख्त पाबंदियां नहीं होंगी। लेकिन अब यही आजादी महिलाओं के लिए खतरा बन गई है।

## फूलों से दिखाया पतंग महोत्सव



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद। अहमदाबाद में साबरमती रिवरफ्रंट इवेंट सेंटर में 14वें इंटरनेशनल फ्लावर शो में मकर संक्रांति त्यौहार के अवसर पर पतंग महोत्सव को दर्शाता फूलों का इंस्टॉलेशन। यह फ्लावर शो आगामी 22 जनवरी तक चलेगा। इस इस फ्लावर शो में 30 लाख फूलों का इस्तेमाल किया गया है। इस बार के फ्लावर को 'भारत एक गाथा' की थीम पर आयोजित किया गया है। यह फ्लावर शो अटल ब्रिज के निकट आयोजित किया गया है। इस बार के फ्लावर शो के दो कीर्तिमान गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्स में दर्ज किए गए हैं। इनमें पहला दुनिया का सबसे बड़ा फ्लावर प्रोट्रेट और सबसे बड़े फ्लावर मंडाला का रिकॉर्ड शामिल है।

### बांग्लादेश से की गई गंगा जल संधि अंतिम वर्ष में, दोनों देशों ने शुरू किया जल मापन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और बांग्लादेश के बीच 30 साल के लिए की गई गंगा जल बंटवारा संधि अब अपने अंतिम वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। इस बीच, दोनों देशों ने बृहस्पतिवार को पद्मा और गंगा नदियों पर संयुक्त जल मापन की प्रक्रिया शुरू कर दी। संधि में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार, दोनों देश एक जनवरी से 31 मई तक गंगा और पद्मा नदियों में विभिन्न निर्दिष्ट बिंदुओं पर जलस्तर का मापन करेंगे और प्रत्येक 10 दिन का आंकड़ा रिकॉर्ड करेंगे। बांग्लादेशी अखबार ढाका ट्रिब्यून ने जल विज्ञान अधिकारियों के हवाले से बताया कि पद्मा नदी पर हार्डिंग ब्रिज से 3,500 फीट ऊपर की ओर भारत में गंगा नदी पर फरक्का बिंदु पर जल मापन शुरू किया गया था।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109